भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा उपरांत 8:04 प्रतिपदा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 18 सितंबर 2024

वर्ष 34, अंक 230, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मानव होगा इस आसमानी आतिशबाजी का जन्मदाता 16

जैकलीन ने गायन में किया पदार्पण 15

## भारत ने पांचवी बार जीता खिताब




**हुलुनबुइर, एजेंसी।** हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अजेय अभियान जारी रखते हुए मंगलवार को पांचवी बार एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया। मंगलवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने मेजबान चीन को 1-0 से हराया। भारतीय टीम की ओर से जुगराज सिंह ने मैच का एकमात्र गोल दागा। इस जीत के साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली। भारतीय टीम को गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन चीनी रक्षकों ने भारतीय आक्रमण को विफल कर दिया। चौथे क्वार्टर में जुगराज ने 51वें मिनट में गोल दागकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह बढ़त निर्णायक रही और भारत ने चीन को 1-0 से मात दे दी। गौरतलब है कि पहले लीग मैच में भारत ने मेजबान टीम को 3-0 से धूल चटाई थी।

# तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा थीं विपक्ष की सरकारें

## लखनऊ से लेकर वाराणसी तक मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विरोधियों पर बरसे मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर लखनऊ से लेकर वाराणसी तक विभिन्न कार्यक्रमों में केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विरोधियों को ललकारा। कहा कि विपक्ष की सरकारें तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चढ़कर भारत की आस्था से खिलवाड़ करती थीं। भारत को गौरव की अनुभूति का अवसर न प्राप्त हो, इसके लिए षडयंत्र करती थीं। भ्रष्टाचार सरकार की पहचान बन चुकी थी और अराजकता चरम पर थी। देश की सुरक्षा खतरे में थी। आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद चरम पर था। अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है। मुख्यमंत्री ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में विश्वकर्मा जयंती व स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि जैसे काशी बदली है, वैसे ही देश व प्रदेश में भी बदलाव आया है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है। भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में हस्तशिल्पी को टूलकिट देते मुख्यमंत्री योगी।

### सुरक्षा में सेंध लगाने वाले को उल्टा लटका देंगे : योगी

लखनऊ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शांति व सुरक्षा ही भविष्य को सुधारेगा। प्रदेश की सुरक्षा में जो सेंध लगाने का काम करेगा वह परिणाम भुगतेगा, उसे उल्टा लटकाने का कार्य हम करेंगे। आज न दंगाइयों का पता है और न दंगों का पता है। मगर उनके आका परेशान हैं।

### कारीगरों को लोन, उपवन योजना, बच्चों को स्मार्ट क्लास

मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में विश्वकर्मा जयंती पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एमएसएमई इकाइयों को 50 हजार करोड़ का ऋण, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, ओडीओपी समेत विभिन्न योजनाओं से संबंधित कारीगरों व हस्तशिल्पियों को टूलकिट भी वितरित किया। वाराणसी में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को ई-बाउचर, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, लोन का चेक दिया। 104 परिषदीय विद्यालयों में विद्या शक्ति योजना की शुरूआत और 1143 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। उपवन योजना भी शुरू की।

## एक नजर

### अरुणाचल में उग्रवादी ने किया आत्मसमर्पण

**ईटानगर।** प्रतिबंधित संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालिम के खापलांग गुट के एक उग्रवादी ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले में असम राइफल्स के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि संगठन के एक स्वयंभू मेजर अजेन वांगसू (49) ने असम राइफल्स की खोंसा बटालियन के समक्ष हथियार डाल दिए।

### साहित्य-कला, मीडिया के लिए श्रीकान्त वर्मा सम्मान

**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद, पत्रकार एवं राजनेता दिवंगत श्रीकान्त वर्मा की जयंती पर बुधवार को श्रीकान्त वर्मा न्यास साहित्य, कला और मीडिया क्षेत्र में श्रेष्ठ उल्लेखनीय योगदान करने वालों के लिए पहला श्रीकान्त वर्मा पुरस्कार शुरू करने की घोषणा करेगा। श्रीकान्त वर्मा के 93वें जन्मदिन 18 सितंबर को समकालीन भारतीय भाषाओं के साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए एक लेखक को 15 लाख रुपये जबकि दो-दो लाख रुपये के चार पुरस्कार दिए जाएंगे।

### मोदी के 74वें जन्मदिन पर जारी किया गाना

**मुंबई।** मशहूर संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्मदिन के मौके पर विश्वशांति दूत-वसुधैव कुटुंबकम गाना जारी किया। मोदी सरकार की उपलब्धियों का जश्न मनाने के इरादे से तैयार किए गए इस गाने को शंकर महादेवन ने आवाज दी है।

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम रोक

## उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बिना 1 अक्टूबर तक नहीं होगी कोई तोड़फोड़

## सुप्रीम कोर्ट ने अवैध ध्वस्तीकरण को संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने समूचे देश में प्राधिकारियों को उसकी इजाजत के बिना आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपत्ति समेत अन्य संपत्तियों को 1 अक्टूबर तक ध्वस्त नहीं करने का निर्देश देते हुए मंगलवार को कहा कि अगर अवैध रूप से ध्वस्तीकरण का एक भी मामला है तो यह हमारे संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने स्पष्ट किया कि उसका आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों आदि पर बने अनधिकृत ढांचों पर लागू नहीं होगा। पीठ ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई की तारीख 1 अक्टूबर तक इस अदालत की अनुमति लिए बिना कोई भी तोड़फोड़ नहीं की जाएगी।

शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें आरोप लगाया गया था कि कई राज्यों में आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि संपत्तियों के ध्वस्त करने का विमर्श गढ़ा जा रहा है। पीठ ने वरिष्ठ विधि अधिकारी से कहा कि आप निश्चिंत रहें, बाहरी शोर हमें प्रभावित नहीं करता। पीठ ने इस मामले में दो सितंबर को हुई सुनवाई के बाद दिए गए बयानों पर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की। पीठ ने कहा कि उस आदेश के बाद, ऐसे बयान आए हैं कि बुलडोजर चलता रहेगा... और यह सब इस पर निर्भर करता है कि स्टेयरिंग किसके हाथ में है। कोर्ट ने दो सितंबर को सुनवाई के दौरान सवाल किया था कि किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है कि वह एक आरोपी है? भले ही वह दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। उत्तर प्रदेश की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले में राज्य द्वारा पहले दायर हलफनामे का हवाला दिया।

शीर्ष अदालत जमीयत उलेमा-ए-हिंद और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें विभिन्न राज्य सरकारों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि दंगों और हिंसा के मामलों में आरोपियों की संपत्तियों को भविष्य में नहीं तोड़ा जाए।



### नफरती मुख्यमंत्रियों के मुंह पर तमाचा : कांग्रेस

कांग्रेस ने आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपत्ति को ध्वस्त नहीं करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि यह उन नफरती मुख्यमंत्रियों के मुंह पर करारा तमाचा है जो बुलडोजर न्याय को बढ़ावा दे रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा शासित कुछ दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों को बुलडोज़र का सहारा लेकर नफ़रत फैलाना बंद करना चाहिए। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि बुलडोजर का मतलब है कि आपका पुलिस प्रशासन फेल हो चुका है और आप न्यायापालिका पर ताला लगाना चाहते हैं। कहा कि बुलडोजर अब नफरत, हिंसा और राजनीतिक प्रतिशोध का प्रतीक बन चुका है।

### बुलडोजर के पहिए खुल गए, स्टीयरिंग उखड़ गई : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि बुलडोजर कार्रवाई असंवैधानिक है। हम सुप्रीम कोर्ट को बधाई देते है। इस फैसले के बाद उम्मीद है कि बुलडोजर कार्रवाई हमेशा के लिए बंद हो जाएगी। मंगलवार को यहां जारी एक बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि न्याय के सर्वोच्च आदेश ने बुलडोजर को ही नहीं, बल्कि बुलडोजर का दुरुपयोग करने वालों की विध्वंसक राजनीति को भी किनारे लगा दिया है। आज बुलडोजर के पहिए खुल गए हैं और स्टीयरिंग हत्थे से उखड़ गया है, यह उनके लिए पहचान का संकट है जिन्होंने बुलडोजर को अपना प्रतीक बना लिया था। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने बुलडोजर को औजार के रूप में प्रयोग किया। विपक्ष और जनता की आवाज को दबाने के लिए दुरुपयोग किया गया।

## एक ही रात में तीन हादसे, ट्रेन से कटकर 13 गोवंश की मौत

**बदायूं।** दिल्ली-लखनऊ रेलवे लाइन पर गांव दबतोरी के पास सद्भावना एक्सप्रेस, पैसेंजर ट्रेन और इलेक्ट्रिक इंजन से कटकर 13 गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। ट्रेनों का समय प्रभावित हुआ। मालगाड़ी व अन्य ट्रेनों को रोकना पड़ा। पशुओं के बार-बार ट्रैक पर आने में साजिश की आशंका देख आरपीएफ जांच करेगी।

- दबतोरी रेलवे स्टेशन के पास लाइन पर तीन बार आया गोवंश का झुंड

दबतोरी रेलवे स्टेशन के पास रविवार रात 9:35 बजे अलीगढ़-बरेली पैसेंजर गुजरी। इसी बीच गोवंश का झुंड रेलवे लाइन पर पहुंच गया। ट्रेन की चपेट में आने से तीन गोवंश की मौत हो गई। तकरीबन 15 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही। रेलकर्मी और ग्रामीणों ने ट्रैक से गोवंश के अवशेष हटाए तब ट्रेन रवाना हुई। रात 10:27 बजे इलेक्ट्रिक इंजन की चपेट में आकर पांच गोवंश की मौत हो गई। इसके बाद रात 11:35 बजे लखनऊ से दिल्ली जाने वाले सद्भावना एक्सप्रेस के गुजरने के दौरान भी रेलवे लाइन पर गोवंश आ गए, पांच पशुओं की कटकर मौत हो गई। अवशेष इंजन में फंसने से लगभग आधा घंटा ट्रेन खड़ी रही।

# केजरीवाल ने दिया इस्तीफा अब आतिशी होंगी मुख्यमंत्री



उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिले आतिशी और केजरीवाल, पेश किया दिल्ली में नई सरकार बनाने का दावा। ● अमृत विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

- आतिशी ने पेश किया नई सरकार बनाने का दावा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद आम आदमी पार्टी द्वारा उनकी उत्तराधिकारी नामित की गईं आतिशी ने नई सरकार बनाने का अपना दावा पेश किया।

केजरीवाल मंगलवार शाम को अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ उपराज्यपाल सचिवालय पहुंचे। उन्होंने रविवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। बैठक के बाद आतिशी ने कहा कि हमने नई सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। मैं दिल्ली के लोगों के हितों की रक्षा करूंगी। दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हमने उपराज्यपाल को केजरीवाल के फैसले से अवगत करा दिया है। आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। हमने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि शपथ-ग्रहण समारोह की तारीख तय करें, ताकि दो करोड़ लोगों के लिए काम किया जा सके। मुख्यमंत्री नामित की गईं आतिशी ने दावा किया कि केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाए गए हैं और केंद्र सरकार की जांच एजेंसियां उन्हें निशाना बना रही हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने न केवल उन्हें जमानत दे दी, बल्कि केंद्र और उसकी जांच एजेंसियों के खिलाफ कठोर टिप्पणी भी की। आतिशी ने कहा कि कोई और नेता होता, तो वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बना रहता, लेकिन केजरीवाल ने जनता की अदालत में जाने का फैसला किया।

# महिला डॉक्टरों की सुरक्षा सरकार का काम : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरजी कर अस्पताल मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई
- सीबीआई से अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी की जांच पर रिपोर्ट मांगी

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महिला डॉक्टरों की नाइट ड्यूटी खत्म करने के फैसले पर बंगाल सरकार को फटकार लगाई। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि आप कैसे कह सकते हैं कि महिलाएं रात में काम नहीं कर सकतीं? उन्हें कोई रियायत नहीं चाहिए। सरकार का काम उन्हें सुरक्षा देना है। पायलट, सेना जैसे सभी प्रोफेशन में भी महिलाएं रात में काम करती हैं।

कोर्ट की फटकार पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बंगाल सरकार की तरफ से कहा कि सरकार महिला डॉक्टरों की ड्यूटी 12 घंटे तक सीमित करने और नाइट ड्यूटी पर रोक लगाने वाले अपने फैसले वापस ले लेगी। शीर्ष कोर्ट ने विकिपीडिया को मृत ट्रेनी डॉक्टर का नाम और तस्वीर हटाने का भी आदेश दिया है।

पीठ ने सीबीआई को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच पर एक वस्तु स्थिति रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया, जहां पिछले महीने प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। शीर्ष न्यायालय ने दुष्कर्म तथा हत्या की घटना के संबंध में सीबीआई द्वारा दाखिल वस्तु स्थिति रिपोर्ट पर भी गौर किया और कहा कि स्थिति का खुलासा करने से आगे की जांच खतरे में पड़ जाएगी। घटना से संबंधित स्वतः सज्ञान मामले में सुनवाई के सीधे प्रसारण पर रोक लगाने से इनकार करते हुए न्यायालय ने कहा कि यह जनहित का मामला है और जनता को पता होना चाहिए कि अदालत कक्ष में क्या हो रहा है। सुनवाई शुरू होने पर पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले की सुनवाई के सीधे प्रसारण पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। पीठ ने सीबीआई को कोलकाता दुष्कर्म एवं हत्या मामले में मृतका के माता-पिता द्वारा दी गई सूचना की जांच करने का भी निर्देश दिया।

### विकिपीडिया से पीड़िता का नाम-तस्वीर हटाए

सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय में कहा कि विकिपीडिया अब भी मृतका का नाम और तस्वीर दिखा रहा है। जिस पर शीर्ष अदालत ने विकिपीडिया को मृतका का नाम हटाने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि मृतका की गरिमा और निजता बनाए रखने के लिए, शासकीय सिद्धांत यह है कि बलात्कार और हत्या के मामले में मृतका की पहचान का खुलासा नहीं किया जाएगा। विकिपीडिया पहले दिए आदेश के अनुपालन के लिए कदम उठाए।

# राहुल के खिलाफ हिंसक बयान देने वालों पर करें कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी



- खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में की मांग

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू समेत उन नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, जिन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक एवं हिंसक बयान दिए हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिन पर लिखे पत्र में उन्हें बधाई देने के साथ ही बिट्टू और सत्तापक्ष के कुछ अन्य नेताओं के राहुल गांधी के खिलाफ बयानों का उल्लेख किया और कहा कि ये भविष्य के लिए घातक हैं। खरगे ने पत्र में कहा कि ऐसे मुद्दे पर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं जो सीधे लोकतंत्र और संविधान से जुड़े हैं। आप अवगत होंगे कि लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ख़िलाफ़ बेहद आपत्तिजनक, हिंसक और अशिष्ट बयानों का सिलसिला चल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और सहयोगी दलों के नेताओं ने जिस हिंसक भाषा का उपयोग किया है, वह भविष्य के लिए घातक है।

## 30 सैन्य अफसरों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की गई बंद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नगालैंड के मोन जिले में उग्रवादियों पर हमले के एक विफल अभियान में 13 नागरिकों की हत्या के आरोपी 30 सैन्य कर्मियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही मंगलवार को बंद कर दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर केंद्र उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देता है तो मामले को उसके तार्किक अंत तक ले जाया जा सकता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने यह भी कहा कि यह आदेश सेना को कर्मियों के खिलाफ कोई भी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने से नहीं रोकेगा।

# जो वर्ग अब पिछड़े नहीं, सूची से उन्हें हटाया जाएगा

रमेश चन्द्र, लखनऊ



- उप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग करेगा सूची का पुनरीक्षण
- वास्तविक तौर पर पिछड़े लोगों को सूची में मिलेगा स्थान

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ऐसे लोगों को पिछड़े वर्ग से हटाएगा जो अब वास्तव में पिछड़े नहीं हैं, जबकि वास्तविक तौर पर पिछड़े लोगों को सूची में जोड़ेगा। आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में आयोग के अधिकारियों को इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष ने कहा कि आयोग का उद्देश्य सिर्फ शिकायतों का समाधान करना नहीं है, बल्कि पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए ठोस कदम उठाना भी है। आयोग समय-समय पर पिछड़े वर्गों की सूची का पुनरीक्षण करेगा, ताकि नए वर्गों को सम्मिलित किया जा सके और जो वर्ग अब पिछड़े नहीं रहे उन्हें सूची से हटाया जा सके। इस दिशा में आयोग लगातार सिफारिशें करेगा और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेगा। वर्तमान में प्रदेश में पिछड़े वर्ग की सूची में 79 समुदाय शामिल हैं। इन समुदायों में हिन्दू, मुस्लिम व सिख धर्म के लोग शामिल हैं, जिन्हें धार्मिक आधार के बजाय सामाजिक व शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े होने के कारण शामिल किया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ वर्ग के लोगों को आरक्षण सूची में शामिल होने पर आपत्ति जताई थी। इस पर शासन ने मामले की पड़ताल की थी, पर उस समय आगे की कार्रवाई थम गई थी। आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों के पद खाली होने के कारण नीतिगत कार्य नहीं हो रहे थे। अब अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति होने के बाद आयोग सक्रिय हो गया है।

### दर्जी समुदाय में नहीं जुड़ेगा कोई उपनाम

पिछड़ा वर्ग आयोग ने दर्जी नाम से दर्ज समुदाय के साथ कोई उपनाम जोड़ने व लोनिया के साथ पहले से चले आ रहे उपनाम हटाने से इनकार कर दिया। आयोग ने कहा कि नए उपनाम जोड़ने व हटाने से भ्रम की स्थिति पैदा होगी। दर्जी के तौर पर शामिल हिंदू समुदाय ने दर्जी के साथ सक्सेना उपनाम जोड़ने का आवेदन किया था, जबकि लोनिया के साथ लगे चौहान, ठाकुर आदि उपनाम हटाने की मांग की गई थी। मालूम हो कि सूची में 28 नंबर पर एक समुदाय के तौर पर दर्जी, इदरीसी व काकुत्स्थ दर्ज है, जबकि 46 नंबर पर लोनिया, नोनिया, गोले-ठाकुर व लोनिया-चौहान दर्ज है।

# 21 जिलों में बाढ़ से हालात खराब, 42 में भारी बारिश का अलर्ट

- गंगा, यमुना, शारदा, घाघरा में बढ़ा पानी, 400 गांवों में बाढ़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 21 जिलों में जहां बाढ़ से हालात खराब हैं वहीं, 42 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वाराणसी में गंगा का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है।

वाराणसी के 85 घाट और 2000 छोटे-बड़े मंदिर पानी में डूब गए हैं। वहीं, संगम नगरी प्रयागराज में श्मशान घाट तक पानी में डूब चुका है। गंगा, यमुना, शारदा और घाघरा का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ प्रभावित जिलों के 400 से ज्यादा गांव जलमग्न हैं। जालौन, अयोध्या, बदायूं, बहराइच, पीलीभीत, बस्ती, वाराणसी, गोंडा, देवरिया, बलिया, फर्रुखाबाद, बाराबंकी, आजमगढ़, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, रामपुर, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गौतमबुद्धनगर और बांदा जिलों में रहने वाले 4 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से परेशान हैं। बस्ती में सरयू की बाढ़ में एक मकान पानी में समा गया। झांसी में सरकारी गोदाम के अंदर बारिश का पानी भरने से 5 करोड़ का अनाज सड़ गया। पीलीभीत में पानी के तेज बहाव में बाइक सवार 2 युवक बह गए। लखीमपुर खीरी में पलिया-भीरा मार्ग की सड़क तेज बहाव में बह गई। गोंडा में घाघरा नदी में नाव पलटने से युवक की मौत हो गई है। जालौन में यमुना, पहूज और बेतवा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इससे कई गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है। बाराबंकी में घाघरा-सरयू नदी का कहर जारी है।

### वाराणसी में गंगा का रौद्र रूप, प्रयागराज में डूबा श्मशान घाट



### 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं

उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान यागी के कमजोर होने के बाद भी कम दबाव क्षेत्र के प्रभाव से मंगलवार को उप्र. के दक्षिणी व पूर्वी इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। इस नए विकसित वेदर सिस्टम का असर विंध्य क्षेत्र तक देखने को मिला। प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर, बांदा आदि में भी अच्छी बरसात रही। बदले मौसम के बीच राज्य के दक्षिणी और पूर्वी इलाकों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। बुधवार को भी बुंदेलखंड व आगरा क्षेत्र में अच्छी बारिश की संभावना है।

### उफान पर नदियां, घरों में घुसा बाढ़ का पानी

**शाहजहांपुर।** बैराजों से लगातार छोड़े जा रहे पानी के चलते मंगलवार को जिले में गंगा, राम गंगा, खन्नौत और गर्रा नदियां उफान पर आ गईं। बाढ़ के खतरे को देखते हुए मेडिकल कॉलेज से मरीज अन्य अस्पतालों में जा रहे हैं। खन्नौत का पानी लोधीपुर मोहल्ले में घुस गया। सुभाष नगर, खकरा और शांतिपुरम सहित एक दर्जन से ज्यादा मोहल्ले जलमग्न हैं। लखीमपुर खीरी में शारदा करसौर गांव का वजूद मिटाने पर तुली है। 50 घर खाली करा दिए गए हैं। बदायूं में नरौरा बांध से रोज छोड़ा जा रहे पानी का असर तटवर्ती क्षेत्रों में पड़ रहा है।

# मरम्मत को निकाली रकम कर गए हजम, शौचालय बदहाल

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** विकासखंड भरावन की ग्राम पंचायत रुदौली नेवादा में सामुदायिक शौचालय बदहाल है। यहां टंकी टूटी हुई शौचालय के अंदर रखी है। बाथरूम व लैट्रिन की टोटी टूटी हुई हैं। शौचालय प्रयोग होने की स्थिति में नही है। खास बात तो ये है कि शौचालय के मरम्मत के नाम पर एक लाख 18 हजार 865 रुपये की धनराशि का भुगतान कर दिया गया। यहां ग्राम पंचायत की 15वें वित्त की निधि से पांच लाख 91 हजार 907 रुपये खर्च कर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था।


जगमोहन यादव

ग्रामीण जगमोहन यादव ने बताया कि उनका घर शौचालय के पास में ही है। शौचालय के सबमर्सिबल का स्टार्टर खराब है। इसकी वजह से टंकियों में पानी नही भर पा रहा था। एक साल पहले आंधी में दोनों टंकियां टूट कर नीचे गिर गई। तो मैंने ग्रामीणों की मदद से टंकी शौंचालय के अंदर रखवा दी थी। तब से न तो स्टार्टर ठीक कराया न पानी की टंकी लगवाई। पानी की व्यवस्था न होने से शौंचालय सफेद हांथी साबित हो रहा है।



सामुदायिक शौचालय में टूटी पड़ी टंकी व नल की टूटी हुई टोटी। अमृत विचार

## ग्रामीणों ने कहा

कटिघरा निवासी ग्रामीण कैलाश ने बताया कि इस वर्ष शौंचालय में आठ पल्ले लगवाए गए हैं। इसके अतिरिक्त कोई अन्य कार्य नहीं कराया गया। एक पल्ले की कीमत तीन हजार रुपये लगाई जाए तो कुल 24 हजार का कार्य कराया गया। जबकि ट्रेडर्स की फर्म को 82 हजार पांच सौ रुपये का भुगतान किया गया। न तो ईंट खरीदी न ही कोई निर्माण कार्य हुआ। फिर भी भट्ठे व लेबर-मिस्त्री को 29 हजार 364 रुपये भुगतान कर दिया। मस्तराम ने बताया कि शौंचालय बदहाल होने से ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जब शौंचालय प्रयोग ही नहीं कर सकते तो इसमें लाखों रुपये क्यों बर्बाद कर दिए गए। शौचालय की केयर टेकर फूलमती ने बताया कि सबमर्सिबल का स्टार्टर खराब है। हैण्डपम्प चलाकर जितना संभव है सफाई करते हैं। प्रधान ने पिछले महीने चार बाल्टी, तीन जग, एक झाड़ू दिया था। टोटी व टंकी टूटी पड़ी हैं। वह जब भी शौचालय में ताला डालती हैं तो प्रधान ताला तोड़वा देते हैं। बताया कि प्रधान चुनावी रंजिश के चलते उन्हें नौकरी से निकालना चाहते हैं। चार साल से बराबर कार्य कर रही लेकिन एक रुपया भी मानदेय नहीं दिया। प्रधान रामलखन का कहना है कि शौचालय में कार्य कराया गया तब भुगतान किया गया। शौचालय प्रयोग होने लायक नहीं था तो केयर टेकर को मानदेय क्यों दें।


कैलाश


मस्तराम


फूलमती

## एक नजर

### युवक की मौत को लेकर बहन ने दी तहरीर

**हरदोई, अमृत विचार।** मां के संबंधों से नाराज बेटे ने आत्महत्या की थी। उसके बाद अब बेटी ने भाई की मौत पर सवाल खड़े किए है। हालांकि सीओ सिटी अंकित मिश्रा का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत बताई गई है। फिलहाल जो तहरीर आई है उसके मुताबिक जांच की जा रही है। बताते चलें कि 9 सितंबर को कोतवाली देहात के कोर्रिया में पेड़ से युवक का शव लटका मिला था। उसकी पहचान वरुण निवासी कचूरा शाहाबाद के रूप में हुई थी। ग्रामीणों के अनुसार वरुण के पिता की कुछ वर्षों से पहले मौत हो चुकी थी। जिसके बाद उसकी मां ने किसी दूसरे से रिश्ता जोड़ लिया था। इसी बात को लेकर वरुण अपनी मां से नाराज रहता था। वह धन्नू पुरवा चांद बेहटा में अपने ननिहाल में रहने लगा था। सीओ सिटी का कहना है कि वरुण की बहन ने कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। जांच की जा रही है।

### शराब पीकर हंगामा करने वालों पर की गई कार्रवाई

**बेनीगंज, हरदोई।** नगर मे स्थित शराब की दुकानों पर शराब पीकर आतंक मचाने वाले शराबियों से परेशान नगरवासियों ने नवागंतुक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के साथ बैठक कर नशेड़ियों के आतंक से निजात दिलाने की अपील की थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय ने नगर में गश्त के दौरान नगर के शराब की दुकानों पर शराब पीकर आतंक मचा रहे व रोड के किनारे नशे मे धुत पड़े नशेड़ियों को हिरासत में ले लिया।

### सड़क के किनारे पड़ा मिला युवक का शव, पहचान नहीं

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक का शव मण्डी गेट के सामने सड़क पर पड़ा मिला। उसकी हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी थी, उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सारी बात सामने आ सकती है। सोमवार की देर रात शहर में लखनऊ रोड पर नवीन फल/सब्ज़ी मण्डी के गेट पर सड़क के किनारे 20 वर्षीय युवक का शव पड़ा था। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। युवक ने स्लेटी टी-शर्ट और लोअर पहने रखा था। युवक हादसे का शिकार हुआ, लेकिन उसके सिर में गहरी चोट थी।

### आरपीएफ ने किया चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल ने टावर वैगन से चोरी के मामले का खुलासा कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल आरबी सिंह के निर्देशन में 16 सितंबर को धम्मू राम अन्य रेलवे सुरक्षा बल के जवानों के साथ चोरी के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तो हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 5 के पास टावर वैगन से चोरी की गई थी। रेलवे सुरक्षा बल बीते कई दिनों से उनकी तलाश में जुटी हुई थी।

### हादसे में महिला की मौत, दो लोग घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** आमने-सामने से आ यहीं बाइक के आपस में टकराने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी बुजुर्ग मां के अलावा दूसरी बाइक पर सवार घायल हो गया। पुलिस हादसे की जांच में जुटी हुई है। मंगलवार को बेनीगंज कोतवाली के जरौआ गेट के पास आमने-सामने से आ यहीं बाइक आपस में टकरा गई, जिससे एक बाइक सवार हरीशचन्द्र (32) उसकी मां बिटाना (75) के अलावा दूसरी बाइक पर सवार 25 वर्षीय सैफ पुत्र मेंहदी हसन निवासी बेरुआ कोतवाली कछौना घायल हो गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस की पीआरवी घायलों को सीएचसी कोथावां पहुंचाया, जहां हरीशचन्द्र की मौत हो गई, जबकि उसकी मां बिटाना और दूसरी बाइक पर सवार सैफ को मेडिकल कालेज रीडर कर दिया गया है।

# श्री महावीर झंडा मेला में उमड़ा जनसैलाब

## मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया ऐतिहासिक झंडा मेले का स्वागत, पुलिस भी रही मौजूद

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई

**अमृत विचार।** ऐतिहासिक श्री महावीर जी झण्डा मेला में श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ कर सड़कों पर आ गया। जगह-जगह झंडा मेला का स्वागत किया। मेले को देखने के लिए दर्जनों लोग देर रात तक सड़कों पर इंतजार करते रहे। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने झंडा मेला में मौजूद लोगों का बढ़-चढ़ कर स्वागत किया।

बताते चलें कि झंडा मेला 16 सितम्बर से प्रारम्भ हो चुका है जो 19 सितम्बर तक चलेगा। श्री महावीर झंडा मेला कमेटी अध्यक्ष् व स्थानीय नगर पालिका परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री ने बताया कि भादो के अंतिम मंगल को सेकड़ों बरस से निकलने वाले श्री महावीर झंडा मेला में प्रदेश के कई जनपदों से हनुमान जी की झांकिया जूलूस के साथ शामिल हुई। साथ ही झण्डा मेले में होने वाले महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगो ने आनन्द लिया। इस ऐतिहासिक मेले मैं बड़े पैमाने पर छोटे बड़े झण्डों के साथ हज़ारों लोग जुलूस के रूप में शामिल हुए।

विशाल शोभा यात्रा जिसका रास्ते में कई जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया दर्जनों जगहों पर भंडारे एवम् प्रसाद वितरण के लिए स्टाल लगाए गये, व झण्डे का स्वागत किया। एक सैकड़ा झांकियों एवं बैंड बाजे के साथ शाम को इमलियाबाग चौराहे से महावीर जी का झंडा उठा। मेले में लगभग 200 के आसपास झंडे शामिल हुए। करीब 9 बजे मुख्य झंडे की पूजा अर्चना का कार्यक्रम शुरू हुआ। करीब 11 बजे पूजा अर्चना संपन्न हुई। इसके बाद मुख्य झंडा महावीर जी के मंदिर से उठा और वहां से चलकर शीतला माता मंदिर, मंगलबाजार, होते हुए यह झंडा पुरानी गल्लामंडी के पास स्थित मुरारेश्वर मंदिर पहुंचा। यहां एक घंटे तक पूजा अर्चना के बाद झण्डा गल्ला मंडी स्थित प्राचीन हनुमान जी के मंदिर पहुंचा। वहां से मुख्य झण्डा रानी जी के शिवाला पहुंचा और वहां पूजा अर्चना के बाद शाम 3 बजे के बाद मुख्य झंडा सब्जी मंडी, राजा हाता, गुदड़ी होते हुए छोटे चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पहुचा। वहां पर पूजा अर्चना के बाद झण्डा मुख्य रोड होते हुए इमलियाबाग पहुंचा जहां इमलियाबाग चौराहे पर क्षेत्र के गांवों से करीब 200 झण्डे एकत्र हुए। साथ ही वाहनों पर सजी झांकिया शामिल हुई। वहां से विशाल शोभा यात्रा बैंड बाजे एवं हनुमान जी के जयकारे के साथ करीब 6 बजे के बाद शुरू हुई और यह शोभा यात्रा सदर बाजार की मुख्य सड़क होते हुए करीब 10 बजे के बाद बस स्टैंड चौराहे पहुची। वहां पर पेट्रोल पम्प पर पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण के बाद झंडे व झांकिया वापस गल्ला मंडी चौराहे पर पहुंची।

यहां से शोभा यात्रा में शामिल झांकिया वापस लौट गई तथा सभी झंडे पुरानी स्टेट बैंक गली, मंगल बाजार, शीतला माता मंदिर होते हुए महावीर जी के मंदिर पहुंचे। यहां पर सभी झंडों की सामूहिक आरती व प्रसाद वितरण के बाद अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना करते हुए जुलूस का समापन हुआ। झण्डा मेला में पुलिस एवं प्रशासन ने बरती सतर्कता भारी संख्या में पुलिस फ़ोर्स तैनात रहा। मेला शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पे झण्डा मेला कमेटी के अध्यक्ष शैलेश कुमार अग्निहोत्री सबका आभार व्यक्त किया।


ऐतिहासिक श्री महावीर जी झण्डा मेला में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार


अध्यक्ष का स्वागत करते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

16 से 19 सितंबर तक मेले में छोटे-छोटे बच्चों के प्रोत्साहन के लिए सुलेख प्रतियोगिता, मेहंदी कला का आयोजन किया जाएगा। मेले में बच्चों के लिए सर्कस, जादू व झूलों का भी इंतजाम है। बच्चे मेले का आनन्द उठा रहे हैं।

### एसपी ने मेले की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

नगर की समस्त गलियों के सामने बैरीकेडिंग लगाकर पुलिस मुस्तैदी से खड़ी रही। एसपी नीरज कुमार जादौन मेले की पूर्व संध्या पर पहुंचे तथा उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए।

### गंगा-जमुनी तहजीब की दिखी झलक

मुसलमानों ने भी गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल पेश करते हुए हसन मक्की के नेतृत्व में दर्जनों मुसलमानों ने व ग़रीब नवाज़ फाउण्डेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शफ़ी अहमद सबरी, महा सचिव मुईज़ उद्दीन अहमद साग़री चिश्ती व प्रवक्ता नबीउल्लाह व अन्य पदाधिकारियों ने शहर काजी सैय्यद आरिफ अब्दुल्ला के आवास के पास झण्डा मेला कमेटी के अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री का माला पहनाकर स्वागत किया।

## सार-संक्षेप

### अजय टंडन बने प्रदेश संगठन मंत्री

**हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष विमलेश दीक्षित के नेतृत्व में हुई। जिसमें विगत 8, 9 सितम्बर को संगठन के आगरा अधिवेशन और प्रदेश संगठन के त्रिवार्षिक चुनाव पर चर्चा के साथ साथ अजय कुमार टंडन के प्रदेश संगठन मंत्री चुने जाने पर महिला पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर तथा अन्य व्यापारी भाइयों द्वारा माल्यार्पण कर बधाई दी गयी। साथ ही संगठन से जुड़े लोगों ने टंडन के जिले एवं प्रदेश स्तर पर व्यापार मण्डल के लिए उनके योगदान की चर्चा के साथ साथ प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से टंडन और जिलाध्यक्ष विमलेश दीक्षित के अतिरिक्त युवा प्रदेश मंत्री विभू गुप्ता, महामंत्री द्वय राजन द्विवेदी, अशोक उपाध्याय, जिला मंत्री मदन पाल बढ़ेभईया, जिलाध्यक्ष महिला बिन्दु सिंह, महामंत्री मंजू मित्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा, युवा जिलाध्यक्ष अवनीश त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष आईटी सेल भरत पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अनुराग शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, शिवेन्द्र सिंह, आशीष प्रजापति, शुभम जैन, प्रखर तलवार, वेदप्रकाश जी, सौरभ पाल, राजकुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष कैलाश गुप्ता, महामंत्री रजनीश गुप्ता, नगर प्रभारी गिरीश गुप्ता, कार्यालय प्रभारी दयाशंकर अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### परचम-ए-रसूल पर बरसे अकीदत के फूल

**हरदोई, अमृत विचार।** पैगम्बर-ए-इस्लाम की यौम-ए-विलादत (जन्म दिन) 12 रबीउल अव्वल पर पूरे एहतराम के साथ शहर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में शामिल हुज़ूर के चाहने वाले 'मरहबा या रसूल अल्लाह' और निरे तकबीर या रसूल अल्लाह के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। जहां-जहां से जुलूस निकला, वहां-वहां उसके ऊपर अकीदत के फूल बरसाए गए। जुलूस-ए-मोहम्मदी का आगाज़ मोहल्ला व्हाइट गंज (वैटगंज) से हुआ। उसके बाद नुमाइश चौराहा, घंटाघर रोड, सोल्ज़र बोर्ड चौराहा, मोमिनाबाद चौराहा, मुन्ने मियां चौराहा, बड़ा चौराहा से नुमाइश चौराहा होते हुए नुमाइश पुरवा पहुंचा। जुलूस में बिलग्राम की कई अंजुमनों ने हिस्सा लेते हुए हुज़ूर की शान में एक से बढ़ कर एक नात-ओ-मनकबत का नज़राना पेश किया। हुज़ूर के चाहने वाले हुज़ूर का परचम उठाए हुए चल रहे थे। जुलूस के साथ-साथ लॉ एंड आर्डर को बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स का दस्ता चल रहा था।

### कनिष्क मेहरोत्रा हत्याकांड मामले में आरोप हुए तय

**हरदोई, अमृत विचार।** फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा हत्याकांड के मामले में मंगलवार को जिला राजकुमार सिंह ने आरोप तय कर दिए। आठ आरोपित पर हत्या, सामान्य आशय ब आपराधिक षड़्यंत्र के आरोप तय किए गए। आरोपियों की जमानत अर्जी पर बुधवार को सुनवाई होगी। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की 30 जुलाई को उनके आवास स्थित चेंबर में गोलीमार कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में आठ आरोपित शिखर गुप्ता, नृपेंद्र त्रिपाठी वीरे सिंह यादव, रामू महावत आदि जेल में बंद चले आ रहे हैं। इस प्रकरण में मंगलवार को जिला जज ने चार्ज पर सुनवाई की। आरोपियों की ओर से के चीफ डिफेंस लीगल काउंसिल विनोद कुमार मिश्रा ने पैरवी की तो वहीं अभियोजन की ओर से प्रभारी डीजीसी सत्येंद्र कुमार सिंह ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण दत्त शुक्ल व महामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकी सिंह गौर और बड़ी संख्या में अधिवक्ता रहे। आरोपितों की ओर से पैरवी करते हुए सीडीसी श्री मिश्र ने पूरे प्रकरण को अदालत के समक्ष रखा। जिस पर सुनवाई के बाद जिला जज ने मुकदमे में आरोपियों पर सामान्य आशय, आपराधिक षड़्यंत्र व हत्या के आरोप तय किये। वहीं आरोपितों की जमानत अर्जी पर बुधवार को सुनवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत व एक घायल

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई-लखनऊ नेशनल हाईवे पर डिवाइडर से ट्रैक्टर को क्रॉस करते समय सड़क हादसा हुआ। ट्रैक्टर के कई भागों में टुकड़े हो गए। जानकरी के मुताबिक सोमवार की देर रात को कछौना क्षेत्र के स्थित भीरीघाट में बने धर्मकांटे पर लकड़ी उतार कर घर जाते समय भीरीघाट गांव के पास उल्टा दिशा में ट्रैक्टर को डिवाइडर से क्रॉस कर दिया। जिससे हरदोई की ओर से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर पर सवार जेजराम (60) निवासी प्रतापपुर थाना बघौली की मौके पर मौत हो गई। चालक सोनू मौर्य निवासी पुरवा थाना बघौली गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार घायल ने युवक को सीएचसी केंद्र कछौना भेजा। जहां हालत गंभीर देखते हुए मौजूद चिकित्सक ने जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं पर हालत गंभीर बताई जा रही है। ट्रैक्टर व ट्रक की टक्कर होने से ट्रैक्टर के कई भागों में टुकड़े हो गए व ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने हादसे का निरीक्षण किया व घायल का हाल चाल जाना। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया है कि शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


हादसे के बाद कई भागो में हुए टुकड़े व मृतक की फाइल फोटो (इनसेट में)।

# घटिया सामग्री से निर्माण होने की बात मानी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य में अधोमानक सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी शिकायत सोशल मीडिया के माध्यम से की गई थी। स्टेशन पर चल रहा है निर्माण कार्य में अधोमानक सामग्री के प्रयोग को मंडल रेल प्रबंधक ने भी स्वीकार किया है। सोशल मीडिया पर हुई शिकायत पर मंडल एक प्रबंधक ने अधोमानक सामग्री के प्रयोग किए जाने की बात को स्वीकारते हुए जांच के बाद उसे हटा देने की बात कही है।

हरदोई रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट अमृत भारत स्टेशन योजना का कार्य 30 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है, लेकिन हरदोई रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य में लगातार रेल अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार अधोमानक सामग्री का प्रयोग कर रहे हैं। निर्माण कार्य में खराब गुणवत्ता वाली ईंट और मौरंग के स्थान पर ज्यादातर डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है और यह सब कार्य हरदोई के उच्च अधिकारियों की नाक के नीचे हो रहा है। हरदोई रेलवे स्टेशन के निर्माण का जिम्मा देखने वाले एडीईएन फर्स्ट, आईओडब्लू व स्टेशन अधीक्षक इन सब बातों से अनजान हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन पर अधोमानक निर्माण सामग्री का प्रयोग होने के पीछे कहीं ना कहीं इन अधिकारियों की लापरवाही है। हरदोई रेलवे स्टेशन के अधिकारियों के चलते प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट को जिम्मेदार पलीता लगा रहे हैं। घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग कर काफी हद तक जिम्मेदारों ने निर्माण भी कर दिया है। अब सवाल है कि जब अधोमानक सामग्री का प्रयोग होकर निर्माण हो गया है उसकी जिम्मेदारी मंडल से लेकर हरदोई रेलवे स्टेशन तक कौन अधिकारी लेगा।

## मानकों की अनदेखी

▸▸ डीआरएम ने माना सोशल मीडिया पर लिखा, सामग्री को किया गया रिजेक्ट किया गया



### अधिकारियों के कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर हो रहा था घटिया सामग्री से निर्माण कार्य

**हरदोई।** रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चले निर्माण कार्य में मौरंग के स्थान पर डस्ट का प्रयोग होने और खराब ईंटों को लगाने की शिकायत सोशल मीडिया के माध्यम से रेलवे के अधिकारियों से हुई थी। जिस पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सोशल मीडिया पर दिए गए जवाब में बताया कि गया कि कार्य मानक अनुरूप किया जा रहा है। निर्माण कार्य के लिए लाया गया मटेरियल जांच के उपरांत ही प्रयोग किया जाता है। कार्यस्थल पर मौजूद सामग्री जांच के उपरांत उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया है। उसे कार्यस्थल से हटा दिया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सोशल मीडिया पर दिए गए जवाब से साफ प्रतीत होता है कि स्टेशन में प्रयोग की जा रही सामग्री घटिया और अधोमानक है। ऐसे में कहीं ना कहीं हरदोई रेलवे स्टेशन के उच्च अधिकारियों की लापरवाही उजागर हो रही है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के पीछे बनी बिल्डिंग में भी घटिया सामग्री और ईंटों का प्रयोग हुआ है।

# रूपापुर में बनेगा राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

संवाददाता, सवायजपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** रूपापुर के ग्रामीणों की मांग पर सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने रूपापुर में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनबाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था, इसको लेकर 50 से अधिक गांवों के लोगों परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू से रूपापुर के आस पास पीएचसी बनाये जाने की मांग की थी।

ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विधायक ने पीएचसी बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन से स्वीकृति मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने ग्राम पंचायत मुंडेर में स्वास्थ्य विभाग ने पीएचसी बनाने के लिए जमीन की मांग की थी। प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग की मांग पर रूपापुर में वृंदावन इंटरनेशनल स्कूल के पास ग्राम समाज की भूमि का पुनर्ग्रहण करते हुए स्वास्थ्य विभाग को 4050 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध करा दी है। कार्यदायी संस्था नामित होते ही भवन का जल्द ही वहां पर निर्माण कार्य प्रारंभ करबा दिया जाएगा। रूपापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनने पर भाजपा नेता अखिलेश अग्निहोत्री, अनुज मिश्रा, आशीष शुक्ला, अजयप्रताप सिंह, अंतर्यामी मिश्रा सर्वेश मिश्रा आदि ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई है।

## राहत

▸▸ निर्माण के लिए उपलब्ध कराई गई ग्राम समाज की भूमि

# एसडीएम ने उमरिया कैथानी में बाढ़ का लिया जायजा

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** उमरिया कैथानी गांव पहुंचकर एसडीएम ने बाढ़ का जायजा लिया। गर्रा नदी का जलस्तर तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है। एसडीएम सुश्री दीक्षा जोशी ने गांव पहुंचकर बाढ़ का जायजा लिया और सिंचाई विभाग तथा राजस्व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम सुश्री दीक्षा जोशी राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ नदी के किनारे बसे उमरिया कैथानी गांव पहुंची। यहां पर उन्होंने सबसे पहले तेजी से बढ़ रही गर्रा नदी का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी। एसडीएम ने राजस्व कर्मचारियों से कहा बाढ़ को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण करने में कोई भी ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अगर बाढ़ का पानी ज्यादा बढ़ता है तो बाढ़ प्रभावित लोगों के रहने की व्यवस्था की जाए, उनके खाने-पीने की व्यवस्था की सभी तैयारी पहले से ही कर ली जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पत्थर डालकर ग्रामीणों के निकलने के लिए बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया बाढ़ की स्थिति को देखते हुए तहसील मुख्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। जहां पर टीम बैठकर स्थिति का जायजा लेंगी। बताया कि बाढ़ को देखते हुए राजस्व कर्मियों की कई टीमें बना दी गई हैं जो नदी किनारे के बसे हुए विभिन्न ग्रामों में मौके पर जाकर प्रतिदिन जायजा लेंगी। ग्रामीणों से बातचीत करेंगी अगर कहीं पर भी हालात खराब हो रहे हैं तो बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का इंतजाम किया जाएगा। उन्होंने राजस्व कर्मियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है गर्रा नदी में बढ़ते हुए जलस्तर को देखते हुए अगर किसी भी राजस्व कर्मी ने लापरवाही बरतने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार अजय कुमार, सिंचाई विभाग के अधिकारी, कानूनगो एवं अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।


उमरिया कैथानी में बाढ़ का जायजा लेती एसडीएम सुश्री दीक्षा जोशी।

# मछली पकड़ने गए चाचा व भतीजे डूबे, एक शव बरामद

संवाददाता, मल्लावां हरदोई

**अमृत विचार।** तालाब में मछली पकड़ने गए चाचा भतीजे अचानक जाल डालते समय संतुलन बिगड़ने से गहरे कुंडे डूब गए, जिसमें चाचा का शव बरामद कर लिया गया लेकिन भतीजे का शव समाचार लिखे जाने तक नहीं मिल सका है।

बताते चले कि मंगलवार की दोपहर को शाहपुर हरेया गांव निवासी राम निवास 40 वर्ष अपने भतीजे आदेश 14 के साथ खड्डीयां तालाब में जाल से मछली पकड़ने के लिए गए थे। जहां जाल डालने के दौरान चाचा रामनिवास और भतीजे आदेश गहरे कुंड में समा गए। बारिश अधिक होने की वजह से तालाब और खेत में पानी भरे होने से दोनों को गहरे कुंड का पता न चल सका जिससे दोनों डूब गए। शाम को गांव के लोग उधर ग तो उन्हें राम निवास का शव उतराता दिखा। इसके बाद भतीजे आदेश की तलाश शुरू कराई गई। लेकिन समाचार लिखे जाने तक आदेश का पता न चल सका। कोतवाल अनिल कुमार सैनी ने बताया कि मछली पकड़ने गए चाचा भतीजे के डूबने की खबर मिली है अभी चाचा की ही शव मिला है।

## इश्तहार

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0डि0 पश्चिमी महोदय, हरदोई**
**प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 372 इण्डियन सक्सेशन एक्ट**
**230 मुकदम नम्बर 24**

1.श्रीमती रामवती उम्र 35 वर्ष पत्नी स्व0 विरेन्द्रनाथ, 2. शिवम उम्र 16 वर्ष पुत्र स्व0 विरेन्द्र नाथ संरक्षिका माता रामवती स्वयं, 4. श्रीमती विद्यावती उम्र 75 वर्ष पत्नी स्व0 कुंवर सर्व निवासीगण-ग्राम वाजिदपुर, परगना गोपामऊ, तहसील व जिला हरदोई-प्रार्थीगण श्रीमती रामवती आदि

1. मृतक जायदाद विरेन्द्रनाथ पुत्र कुवंर, निवासी-वाजिदपुर परगना गोपामऊ तहसील व जिला हरदोई, 2. जिला पंचायत राज अधिकारी महोदय, हरदोई, 3.उ0प्र0 सरकार द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी महोदय हरदोई, 4. सर्व साधारण

जायदाद मृतक विरेन्द्रनाथ-विपक्षी

सर्वसाधरण को सूचित किया है कि.. ..ने प्राप्त कर उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है और उक्त प्रार्थना पत्र जो सुनवाई हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक... 20.09.2024. नियत है।

अत: जिस किसी को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बावत जायदाद........मृतक की बावत जो कुछ उजर हो इस न्यायालय में दिनांक. .. प्रस्तुत करे अन्यथा बाद में कोई उत्तर नहीं सुना जायेगा।

आज बतारीख. ..मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया।

आज्ञा से
सिविल जज

## एक नजर

### श्रद्धा के साथ मनाई गई अनंत चतुर्दशी

**हरदोई, अमृत विचार।** मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया गया। पूजा अर्चना के बाद बाजू पर अनंता धारण करके परंपरा निभाई गई। भादो महीने शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के दिन अनंत चतुर्दशी का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इसी कड़ी में मंगलवार को घरों में पूड़ी, पकवान, मिष्ठान आदि तैयार करके सर्वप्रथम भगवान अनंत देव की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद ब्राह्मणों को दान देकर और उन्हें दक्षिणा देकर पर्व मनाया गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने अपनी बाजुओं पर विभिन्न रंग के अनंता बांधकर परंपरा निभाई। इसके पूर्व शहर के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न रंगों डिजाइनों के अनंता की जोरदार बिक्री हुई।

### महिला ने पिटाई का आरोप लगाया, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के जसमई खिरौना निवासी महिला ने गांव के दो लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना क्षेत्र के ग्राम जसमई खिरौना निवासी नन्ही देवी ने बताया वह शाहाबाद से अपनी फसल का करेला बेच कर वापस घर आ रही थी। गांव के पंचायत घर के निकट पहुंचने पर गांव निवासी अजय ने सतेंद्र रैदास को शराब पिलाकर उसके साथ मारपीट करने को बोला। विपक्षी सतेंद्र ने उसे बाल पकड़कर गिरा दिया और लात घूंसों से उसे मारा पीटा। दूसरा विपक्षी अजय वहीं खड़ा रहा। शोर सुनकर गांव वाले आए तो विपक्षी उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी।थाना बेहटा गोकुल पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरु कर दी है।

# धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

## समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने लाभार्थियों को वितरित किए टूल किट व प्रमाण पत्र

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विश्वकर्मा जयंती पूरे जिले में धूमधाम से मनाई गई। गांव से लेकर शहर तक जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। कारखानों और मिलों आदि में पूजन व प्रसाद वितरण के बाद अवकाश कर दिया गया। कोई भी संयंत्र इस दिन नहीं चले।

विश्वकर्मा जयंती पर पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को जिले के प्रभारी व समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने टूल किट व प्रमाण पत्र वितरित किए। कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए कृतसंकल्प है। कामगारों को विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार उपकरण दे रही है, जिससे वह स्वरोजगार कर देश की आर्थिक उन्नति में सहयोगी बन सके। शाहाबाद नगर के प्रसिद्ध संकटा देवी प्रांगण में बने विश्वकर्मा मंदिर पर विश्वकर्मा समाज के लोगों ने हवन कर विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना की। खेड़ा बीबीजई के विनय शर्मा द्वारा कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। मिथलेश शर्मा, डा मनीष शर्मा, दिनेश शर्मा, डा अशोक विश्वकर्मा,विनोद शर्मा,लल्ला शर्मा, रामबाबू शर्मा सहित सैकड़ों विश्वकर्मा बंधु उपस्थित रहे।इसके अलावा विश्वकर्मा समाज के लोगों ने अल्लाहपुर और उधरनपुर में अमरनाथ विश्वकर्मा, हरिमुरारी, जगदीश, डालचंद आकाश विश्वकर्मा अमित विश्वकर्मा आदि ने विश्वकर्मा जयंती पर हवन और कन्या पूजन कर प्रसाद का वितरण किया।



लाभार्थियों को टूलकिट देते समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार



माधौगंज में विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण करते नंद किशोर।



शाहाबाद में विश्वकर्मा जयंती पर आयोजित हवन में आहुतियां डालते श्रद्धालु।

माधौगंज संवाददाता के अनुसार कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर फल व लड्डु का प्रसाद वितरण किया गया है। चौराहे पर स्थित नंद किशोर के प्रतिष्ठान पर विश्वकर्मा का पूजन कर कीर्तन मण्डली द्वारा किया गया। भक्त गुणगान झूम उठे। इस मौके पर प्रदीप कुमार, कुलदीप, अनूप आदि लोग मौजूद रहे हैं। वहीं गांव पिपरावां स्थित शर्मा सटरिंग हाउस में हरिद्वारी शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा का पूजन आरती कर लड्डु प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर आशुतोष शर्मा, श्रवण कुमार, शिवकुमार,सर्वेश शर्मा आदि भक्त गण मौजूद रहे हैं।

सवायजपुर रूपापुर भगवान विश्वकर्मा जयंती पर विश्वकर्मा की प्रतिमा पर फल मिष्ठान आदि का भोग लगा कर पूजा अर्चना की गई। प्रसाद वितरण व भंडारा किया गया। विश्वकर्मा जयंती पर सनातन धर्म में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। जिला गो सेवा प्रमुख अभिषेक शर्मा ने बताया की भगवान विश्वकर्मा को श्रस्टी के प्रथम शिल्पकार के रूप में जाना जाता है। जिला गो सेवा प्रमुख अभिषेक शर्मा, भारतीय बजरंग दल गोपाल शर्मा, टिंकू शर्मा, बृजेश शर्मा, अवनीश शर्मा, गिरधारी, दुर्गेश शर्मा, संजीव शर्मा गुड्डु, दिनेश शर्मा व सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे। सांडी संवाददाता के अनुसार मो. सरामुल्लागंज स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि प्रमुख व्यवसायी चन्द्र भूषण रस्तोगी ने कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती पर नया देखने को मिला, जहां समाज के सुनार, लोहार, बढ़ई व कुम्हार एक मंच पर मौजूद हैं। यदि सबका एक हो जाये तो बढ़ा बदलाव देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में पहुंचे नगर पालिकाध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा मंदिर समेत नगर के अन्य मंदिरों का सुन्दरी करण कराया जायेगा। अंशिका शर्मा, गरिमा शर्मा ने समाज के लोगों से बेटियों की शिक्षा पर बल दिया। गोष्ठी में शिक्षा जगत के विद्वान हरिश्चन्द कशवाहा,चन्द विशाल रस्तोगी, रामचन्द शर्मा, सुभाष शर्मा, मोनू शर्मा, विवेक शर्मा, शिव शर्मा, विमल शर्मा, सुरेन्द शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान (मजदूर) राष्ट्रवादी ने विचार समाज के उत्थान व संगठन को मजबूत बनाने के लिए कहा। इसमें संगीत कार्यक्रम रामकिशोर मस्ताना द्वारा प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के अध्यक्ष रामगुलाम शर्मा, आशीष शर्मा ने सैकड़ों लोगों को भगवान विश्वकर्मा का चित्र प्रदान किया। गोष्ठी से पहले भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर वैदिक मंत्रों से यज्ञ आचार्य राजेश कुमार शर्मा ने कराया। तत्पश्चात दूर दराज से आये लोगों ने भण्डारा का प्रसाद ग्रहण किया।

### क्या है मान्यता

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** मान्यता के अनुसार 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा अपने विराट स्वरूप में प्रकट हुए थे। उन्हें आदि शिल्पी कहा जाता है, माना जाता है कि उन्होंने ही इस संसार की रचना की है। हर वर्ष इसी दिन उनकी जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा पूजा के दिन मशीनरी और औजारों से काम करने वाले लोग मशीनों और औजारों की पूजा कर अपने लिए धन ऐश्वर्य और सुरक्षा की प्रार्थना करते हैं।



पार्टी कार्यालय पर विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष शराफत अली।

### सपा कार्यालय पर मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** सपा जिला कार्यालय पर सपा जिला अध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में भगवान विश्वकर्मा मनाई गई। इस मौके पर पूर्व विधायक अनिल वर्मा भी मौजूद रहे। सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन व निर्माता भी थे। उन्होंने सृष्टि के सृजन में अपनी सघन भूमिका निभाई वह सृष्टि का सृजन करने वाले ब्रह्मा जी के पुत्र के रूप में धरती पर अवतरित होकर मानवता की सेवा के लिए अपने जीवन को अर्पण करते हुए सृष्टि के नए संचार में अपने को समर्पित करते रहे। कार्यक्रम में सपा जिला अजय सिंह पाल, अमित बाजपेई, राहुल गुप्ता, धर्मवीर यादव, सुधीर यादव एडवोकेट, अनिल यादव एडवोकेट, सरोज सिंह एडवोकेट, फूलचंद वर्मा, सुनीता मित्रा, सुशील हंस, प्रदीप राजवंशी, आलम अहमद अवनीकांत बाजपेई परिवेश श्रीवास्तव विक्रम कुशवाहा सईद अहमद प्रदेश पदाधिकारी रामौतार पाल जिला महासचिव चंद्रशेखर पाल डीडी वर्मा धनपाल यादव अनूप वर्मा अशोक वर्मा गोपार पीयूष राजवंशी गिरजा शंकर पाल शिवा यादव मोती लाल यादव जहीर अहमद संतोष वर्मा संतोष वर्मा एडवोकेट मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



सांडी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। अमृत विचार



रक्तदान करते मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

### भाजयुमो के शिविर में मंत्री ने भी किया रक्तदान

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने द्वारा रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मंत्री असीम अरुण ने स्वयं रक्तदान कर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने भी अपना रक्तदान कर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। कहा कि देश के सबसे बड़े नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस है, इस मौके पर हरदोई के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता रक्तदान कर रहे हैं, यह सराहनीय है। भाजपा युवा मोर्चा हरदोई के प्रभारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य नैमिष त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री 74 वें जन्मदिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा पूरे प्रदेश में रक्तदान कर रहा है। यह रक्त उन जरूरतमंदों के लिए जो बड़ी बीमारी या उनके परिजन नहीं होते हैं यह युवा मोर्चा का रक्त उन सभी भाई बहनों के लिए है। जिला अध्यक्ष आकाश सिंह ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

# सरकार भ्रष्टाचार मुक्त विकास को कार्यरत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने अपने प्रथम जनपद भ्रमण पर रहे। जनपद आगमन के उपरांत लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में उन्हें सलामी दी गई। इसके पश्चात वह आरआर कॉलेज पहुंचे जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। हॉल में लगी प्रदर्शनी का जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन व जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ अवलोकन किया।

प्रभारी मंत्री ने जिला चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने स्वयं रक्तदान किया तथा विभिन्न रक्तदाताओं से संवाद किया। उन्होंने रक्तदान को महादान बताया। रक्तदान शिविर से निकलने के पश्चात रसखान प्रेक्षागृह पहुंचे। जहां मंत्री ने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित की।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज हम भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती व प्रधानमंत्री का जन्मदिन दोनों मना रहे हैं। विकास के लिए हम सबको मिलकर चलना है। सरकार भ्रष्टाचार मुक्त विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में हम सभी को शामिल होना है। कहा कि स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनायें। उन्होंने सूखे व गीले कचरे के निस्तारण पर चर्चा की। सांसद जयप्रकाश ने सभी को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जनपद में सरकार की योजनाओं से प्रत्येक वर्ग को लाभ हुआ है। उन्होंने जनपद में सैनिक स्कूल की आवश्यकता जताई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की उनके प्रयासों के लिए सराहना की। जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि जनधन योजना के साथ देश, प्रदेश व जनपद में विकास के नये दौर की शुरुआत हुई।



नगर पालिका परिषद में स्वच्छता की शपथ लेते कर्मचारी। अमृत विचार

### नपा कर्मियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रभारी मंत्री ने नगर पालिका परिषद पहुंच कर कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। झाड़ू लगाकर स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत की। इसके बाद नगर पालिका परिसर में स्थित मन्दिर में भगवान शुपंच सुदर्शन की प्रतिमा के सामने शीश झुकाकर नमन किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अशोक के पौधे का रोपड़ किया। यहां से निकलकर वह पुन: जिला अस्पताल पहुंचे तथा आपातकालीन वार्ड व पीकू वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान कमियां मिलने पर उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेज देश दीपक आर्य को दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू व अलका सिंह अर्कवंशी, जिला प्रभारी भाजपा शंकर लाल लोधी, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बुखार से पीड़ित अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** अधेड़ कई दिनों से बुखार में तप रहा था, पड़ोस के गांव में निजी हास्पिटल चला रहे डाक्टर से उसका इलाज करिया जा रहा था, मंगलवार की तबियत और बिगड़ गई। घर वाले उसे इलाज के लिए 100 बेड हास्पिटल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। कोतवाली देहात के महुईपुरी निवासी 55 वर्षीय नरेश को करीब एक सप्ताह से बुखार आ रहा था। उसके घर वालों ने बताया कि पड़ोस के नीर गांव में निजी हास्पिटल चला रहे डाक्टर से इलाज कराया जा रहा था, मंगलवार की सुबह उसकी तबियत और बिगड़ गई। घर वाले उसे 100 बेड हास्पिटल उठा लाए, लेकिन वहां इलाज शुरु होता, इससे पहले ही नरेश की मौत हो गई। खेती-किसानी करने वाला नरेश अपने तीन भाइयों में छोटा था, उसके परिवार में पत्नी नन्ही देवी के अलावा बेटा आकाश है।

### शौच के लिए गए युवक को सांप ने डसा, मौत



**संवाददाता, बेनीगंज (हरदोई)।** कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज व विकास क्षेत्र कोथावां के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुठिया के ग्राम गेरई में सुबह शौच के लिए गए युवक की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम गेरई निवासी अमित कुमार (25) मंगलवार की सुबह अपने खेत में शौच के लिए गया था। वहीं रास्ते में सांप पर अमित का पैर पड़ने से उसने डस लिया। परिजन अमित को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां ले गए। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने अमित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जिस पर परिजनों द्वारा अमित को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

### महिला ने पिटाई का आरोप लगाया, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद हरदोई।** क्षेत्र के ग्राम बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के जसमई खिरौना निवासी महिला ने गांव के दो लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना क्षेत्र के ग्राम जसमई खिरौना निवासी नन्ही देवी ने बताया कि वह शाहाबाद से अपनी फसल का करेला बेच कर वापस घर आ रही थी। गांव के पंचायत घर के निकट गांव निवासी अजय के इशारे पर सतेंद्र रैदास ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर गांव वाले आए तो विपक्षी उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी। थाना बेहटा गोकुल पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरु कर दी है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काट कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार अध्यक्ष नगर मंडल शाहाबाद अनिल पांडे पिंटू के नेतृत्व में सार्वजनिक निर्माण विभाग के डाक बंगले में प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की। नगर अध्यक्ष श्री पांडे ने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। ऐसे युगपुरुष को सभी लोग प्रणाम करते हैं और उनके दीर्घायु की कामना करते हैं। इस अवसर पर सुभाष सिंह, अंकित गुप्ता, विकास मौर्य, कुलदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मिठाई खिलाते नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू।



जल विहार मेले पर झांकी निकालते श्रद्धालु।

### जल विहार मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** अनंत चतुर्दशी जलविहार मेला पर भगवान श्री रामदरबार, श्री कृष्ण, मां भगवती दुर्गा देवी, बाला जी, मां गंगा, मां काली आदि देवताओं की सजीव झांकियां नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकाली गई। वहीं बच्चों ने झूले झूलकर मेले का भरपूर आनंद लिया। मेले में लगें खिलौने, कास्मेटिक, आदि के स्टाल का लुत्फ़ उठाया। कस्बे के तिकुनिया पार्क हरदेव राजा मंदिर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने विधि विधान से हवन पूजन किया। झांकी पंचमुखी संकट मोचन मंदिर सदर बाजार नज हाई चौराहा, संतोषी माता, मंदिर फूलमती मंदिर, हनुमान मंदिर, दौलतयारपुर तिराहा, बघौली मार्ग, मुख्य चौराहा, बिलग्राम मार्ग, एलपीएस क्रॉसिंग के निकट से होकर वापस तिकुनिया पार्क पर संपन्न हुई। मेले में खिलौने व चाट की दुकानों पर भीड़ नजर आई।

### मंत्री की मौजूदगी में हुई दीवारों पर पेंटिंग

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग के आला अफसर कितने संजीदा हैं, इसका नजारा उस समय दिखाई पड़ा, जब मेडिकल कालेज में एक तरफ प्रभारी मंत्री असीम अरुण निरीक्षण कर रहे थे तो उसी समय दूसरी ओर दीवारों पर सीएमओ की ओर से क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के प्रचार प्रसार की पेंटिंग कराई जा रही थी। मंत्री ने मंगलवार को मेडिकल कालेज में रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कालेज का निरीक्षण भी किया। मंत्री के आने की तैयारियां उनके पहुंचने तक चलती रहीं।

# अपराधियों को बढ़ावा देना सपा की है परम्परा : असीम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने सपा को घेरते हुए कहा कि अपराधियों को बढ़ावा देना उसकी परम्परा रही है। सपा नेताओं के 'लड़के हैं, लड़को से गलती हो जाती है' जैसे बयानों के चलते ही प्रदेश के लोगों ने 2017 सपा को नकार दिया था।

एसटीएफ को स्पेशल ठाकुर फोर्स का नाम देने संबंधी अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया मांगने पर प्रभारी ने मंत्री ने कहा, अच्छा सवाल है, लेकिन उस पर वह कुछ नहीं बोले। सपा नेता नवाब सिंह यादव पर कार्रवाई को लेकर कहा कि कन्नौज पुलिस की कार्रवाई पूरी तरह से पारदर्शी है, सारा कुछ सामने है, तो फिर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाना गलत है। प्रभारी मंत्री मंगलवार को पहली बार जिले में दाखिल हुए। मेडिकल कालेज में हुए कार्यक्रम का उद्घाटन करने पहुंचे मंत्री से वहां मौजूद मीडिया के सामने यह बातें कही। कहा कि प्रदेश की बेहतर कानून व्यवस्था के चलते ही जनता ने दोबारा योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया है।

### मरीजों ने कहा, डॉक्टर बाहर से मंगाते हैं दवाएं

**हरदोई।** मंत्री असीम अरुण को निरीक्षण के दौरान मरीजों व उनके तीमारदारों ने बताया कि चिकित्सक बाहर की महंगी दवाएं लिखते हैं और निश्चित दुकानों पर ही वह दवाएं मिलती हैं। स्वास्थ्य मंत्री के जिले में डाक्टरों की इस हरकत से अधिकारियों मंत्री के सामने शर्मसार होना पड़ा।



मरीज से जानकारी लेते मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

### मंत्री के आने पर देर रात तक भरे गए नघेटा रोड के गड्ढे

**हरदोई।** मंत्री असीम को आरआर कालेज में कार्यक्रम में पहुंचना था। इसको लेकर तमाम तैयारियां चल रही थी, तभी प्रशासन को नघेटा रोड पर गड्ढों की याद आई। आनन फानन में रात में गड्ढे भरने का काम शुरू हुआ। बताते चलें कि नघेटा रोड पर डायट के पास इतने बड़े गड्ढे हैं कि कई बार वाहन पलट जाते हैं, इसकी शिकायत दर्जनों बार प्रशासन से की गई, लेकिन संबंधित विभाग अपनी आंखे व कान बंद किए रहा। जब मंत्री का कार्यक्रम लगा तब उन्हें दुर्दशा की याद आई।

**उपलब्धि** अल्लीपुर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लगातार दूसरे वर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हासिल किया स्वर्ण पदक

# महाविद्यालय ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अल्लीपुर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लगातार दो वर्षों से लखनऊ विश्वविद्यालय के बीएड विभाग में सर्वाधिक अंक अर्जित कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर इतिहास रचा है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के निदेशक डा. शीर्षेंद्रशील विपिन ने मंगलवार को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया।

बताते चलें कि डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय अल्लीपुर की मनीषा मिश्रा ने विश्वविद्यालय में बी.एड. में विभाग में सबसे अधिक अंक तथा बी.एड. और एम.एड. मिलाकर सर्वाधिक अर्जित कर दो स्वर्णपदक प्राप्त किये। दिपाली सिंह ने परास्नातक भौतिक विज्ञान (एम.एस-सी.) में लखनऊ विश्वविद्यालय के सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक (गोल्डमेडल )प्राप्त किया। यह गोल्ड मेडल लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 67 वें दीक्षान्त समारोह में आनन्दी बेन पटेल राज्यपाल,उ.प्र., योगेन्द्र उपाध्यय शिक्षा मन्त्री, श्रीमती रजनी तिवारी राज्य शिक्षामन्त्री उ.प्र. सरकार एवं पदमभूषण डॉ विजय पांडुरंग भातकर पूर्व कुलाधिपति नालन्दा विश्वद्यालय, तथा प्रो. आलोक राय कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया।। विगत सत्र में बी.एड. की फाल्गुनी अनिहोत्री ने स्वर्णपदक प्राप्त किया था। लखनऊ विश्वविद्यालय से 5 गोल्ड मेडल प्राप्त हुए। संस्थान के निदेशक डॉ. शीर्षेन्दु शील 'विपिन' स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय से 5 गोल्ड मेडल तथा कानपुर विश्वविद्यालय के 12 गोल्ड मेडल कुल 17 गोल्ड मेडल प्राप्त होना महाविद्यालय के संस्थापक प्रबन्धक डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश' के सदूर ग्रामीण परिवेश में प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक का शिक्षण प्रशिक्षण देकर संस्कारवान, राष्ट्रप्रेमी, स्वावलम्बी नागरिको का निमार्ण की संकल्पना का मूर्ति साकार स्वरूप हमारे सामने है। बच्चों के कठिन परिश्रम और डॉ. शशिकान्त पान्डेय, डॉ रश्मि द्विवेदी, डॉ विवेक बाजपेई, आनन्द विशारद आदि शिक्षकों के योग्य अनुभवी, कुशल मार्गदर्शन के परिणाम स्वरुप यह सफलता प्राप्त हुई। अल्लीपुर महाविद्यालय का इस सत्र का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा है। जिस बी.एड. का लगातार 11 वे वर्षों से सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना कीर्तिमान है इस सेमेस्टर के बी.एड. में 97 ब परीक्षा में सम्मलित हुए जिसमें से 94 बच्चों 80 प्रतिशत से अधिक तथा 3 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस दौरान संजीव अस्थाना, पारुल गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, अवन्तिका अस्थाना, अनूप सिंह, सुमन कुशवाहा, नीरज शुक्ला आदि उपस्थित रहे।



सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ निदेशक डा. शीर्षेन्दु शील विपिन। अमृत विचार

# आवास की चाबी मिली तो खिले लाभार्थियों के चेहरे

## कसमंडा, सकरन सहित अन्य विकास खंड क्षेत्रों में आवास योजना के पात्रों को वितरित किए गए स्वीकृति पत्र

सीतापुर

**अमृत विचार टीम :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास लाभार्थियों को विकास खंड क्षेत्र में कार्यालयों पर ताला-चाबी वितरित किये गए। इस दौरान शासन की मंशा और जरूरी सलाह भी दी गई।

कमलापुर संवाद के अनुसार विकासखंड कसमंडा में खंड विकास अधिकारी महेश कुमार की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी ने लाभार्थी मोहम्मद हारून, वसीक, शाहरुल हसन, शफीक, इमरान अली, नसीम, बबलू, हसीन, विलकिसा को आवास लाभार्थियों के स्वीकृत पत्र की चाबी देकर बधाई दी गई। इस मौके पर एडीओ कोऑपरेटिव आशुतोष धुर्वे, एडीओ पंचायत ब्रम्ह नारायण शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। सांडा संवाद के अनुसार, विकास खण्ड सकरन क्षेत्र में मंगलवार को खण्ड विकास अधिकारी सकरन धर्मेन्द्र कुमार ने प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को ब्लॉक सभागार में ताला चाबी का वितरण किया। बीडीओ धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि कोई पक्की छत से वंचित न रहे सरकार की मंशानुसार सभी पात्र लाभार्थियों को पहली किस्त मिल रही है। सभी आवास का निर्माण सरकारी मानकों के अनुसार ही करें। आवास निर्माण के लिए मिलने वाला पैसा किसी बिचौलिये को न दें। इस अवसर पर बड़े बाबू रामकिशोर मिश्रा, एडीओ आईएसबी विजय कुमार श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष सुन्दर लाल तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।



सकरन में लाभार्थियों के साथ उपस्थित बीडीओ। अमृत विचार



ब्लॉक प्रमुख व खंड विकास अधिकारी ने लाभार्थियों को दिए आवास प्रमाण पत्र व चाबी। अमृत विचार

### सीडीओ ने आवास के लाभार्थियों को दीं चाबियां

सीतापुर, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने लाभार्थियों को चाबी वितरित की। उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग 2047 लोगों को आवास स्वीकृत करते हुए पहली किस्त अंतरित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में आवास पूर्ण कर चुके 7 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी एवं 22 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गये।



कसमंडा में लाभार्थी को आवास प्रमाण पत्र देते अधिकारी। अमृत विचार

### 67 लाभार्थियों में से 10 को मिली चाबी

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** रामपुर मथुरा ब्लॉक परिसर में 67 लाभार्थियों में से 10 लाभार्थियों को कार्यक्रम में चाबी व आवास प्रमाण पत्र दिए गए। इनमें अब्दुल राइस, उर्मिला देवी, चांदनी, शाहजहां, रहमत अली आदि लाभार्थी थे। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख तारा देवी खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार जेई कमलेश मौर्य सचिव विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे हैं।

# अगले बरस जल्दी आने के वादे के साथ गणपति को किया विदा

## विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा

सीतापुर

**अमृत विचार टीम :** जिले के अलग-अलग स्थानों पर गणेश की शोभा यात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों के बीच इलाके गुंजायमान हुए। दही-हांडी फोड़ प्रतियोगिता भी आयोजित हुईं।

नेरी संवाददाता के अनुसार, महोली क्षेत्र के गांव नेरी में महाकाल कावरिया सेवा समिति द्वारा आयोजित प्रथम गणेश महोत्सव का समापन भव्य शोभा यात्रा के साथ हुआ। सुबह शिव शिवाला पर मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली गई। ढोल नगाड़ों के बीच गणपति बप्पा मोरया के जय घोष से पूरा गांव गुंजायमान हो उठा। विसर्जन यात्रा पर मुख्य आकर्षण का केंद्र दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता रही। मड़िया घाट पारसनाथ बाबा पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन हुआ। इस अवसर पर सर्वेश गुप्ता, अवधेश सिंह मोहित कश्यप, चंदन सिंह, मोनू गुप्ता सहित सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

रामपुर मथुरा संवाददाता के अनुसार, कस्बे के मोहल्ला फतुहापुर में गणेश चतुर्थी पर स्थापित गणेश प्रतिमा का कस्बा भ्रमण रहा। डीजे पर भक्ति गीत गाते हुए गणपति बाप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ पर थिरकते हुए रंग गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालुओं ने जैरामपुर घाट पर विसर्जन किया। बड़ी संख्या में पुरुषों के अलावा महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कृष्णानंदन तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



महमूदाबाद में विसर्जन के लिए गणेश प्रतिमा को ले जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### महाआरती के बाद किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बा नहर कालोनी स्थित मनोहर लान में 7 सितंबर से चल रही गणेश पूजा मंगलवार को विसर्जन के साथ समाप्त हो गई। गणेश उत्सव के प्रथम दिन से लेकर अंतिम दिन विसर्जन तक गणेश मूर्ति की विधिवत पूजा-अर्चना व भजन संध्या, संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंगलवार को यज्ञमान रितेश रस्तोगी, मनु रस्तोगी सहित भक्तों ने गणेश की विधि विधान से पूजन अर्चन किया। इसके बाद गणेश विसर्जन को लेकर बड़ी संख्या में भक्तों के साथ नहर कालोनी रामकुंड, बस स्टॉप, चिकमंडी, चौराहा, तहसील रोड, श्री संकटा देवी मंदिर, बजाजा चौराहा, नूरपुर, बाबा कुटी, सेमरी चौराहा, पर्वतपुर, गोड़ैंचा चौराहा होते हुए चौका घाट पहुंची। जहां भक्तों ने बाजे-गाजे के साथ भगवान गणपति बप्पा की महाआरती उतार कर भगवान गणेश रिद्धि सिद्धि की मूर्ति का विसर्जन किया। इस दौरान यज्ञमान रितेश रस्तोगी, भाजपा विधायक आशा मौर्या, मंजू बंशवार, हिमांशू कश्यप, सचिन श्रीवास्तव, मुकेश रस्तोगी, गुड्डू पंडित, पिंटू कश्यप, प्रदीप पाण्डेय, प्रेम रत्न कटियार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एक नजर

### अनंत चतुर्दशी पर कथा का किया गया आयोजन

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** अनामी ज्योति आश्रम प्रांगण में आश्रम की संस्थापिका संत माता देवी सत्या का भव्य प्रकटोत्सव मनाया गया। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर अनंत भगवान की कथा का आयोजन किया गया। मुकुंदे लाल त्रिवेदी के मुखर बिंदु से कथा का सभी श्रद्धालुओं ने श्रवण किया। आचार्य रजनेश त्रिवेदी, संदीप त्रिवेदी के वैदिक मंडल हवन यज्ञ कराया। अन्न राशन किट वितरण की गईं। वरिष्ठ ट्रस्टी सतीश कुमार चौहान, लखनऊ के डीएवी कालेज के प्रोफेसर मणिंद्र तिवारी और समीर पुरी ने इस अवसर पर माता देवी सत्या जी से जुड़े कई आध्यात्मिक प्रसंग सुनाए।

### हर्षित का स्पोर्ट्स हॉस्टल में हुआ चयन

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** बीबीडी क्रिकेट एकेडमी देवरिया मीरानगर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ी हर्षित मिश्र का चयन सरकारी स्पोर्ट्स हॉस्टल जिला फतेहपुर में हुआ है। इसको लेकर विद्यालय के प्रबंधक सहित अन्य ने बधाई दी है। हर्षित ने अपनी इस सफलता का श्रेय कॉलेज के प्रबंधक रजनीश कुमार एवं कोच दिनेश कुमार तथा मुख्य कोच राहुल देव गुप्ता को और पिता बृजेश मिश्र को दिया है।

### रामपुर मथुरा में तकरीर का किया गया आयोजन

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** रामपुर मथुरा में अंजुमन कमेटी द्वारा जुलूस ए मोहम्मदी निकाल कर बारावफात हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। अंजुमनों द्वारा नातशरीफ पढ़ी गई। रात में अंजुमन उस्मानिया कमेटी द्वारा तकरीर व मुशायरे का आयोजन मदरसा मकजनुल ऊलूम में किया गया। जिसमें मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी, दिल खैराबादी सहित अन्य मौलानाओं द्वारा तकरीर सुनाई गईं।

# विश्वकर्मा जयंती पर हुए विविध आयोजन

सीतापुर

**अमृत विचार टीम :** शहर से लेकर तहसील क्षेत्रों में देव शिल्पी सृष्टि अभियंता भगवान विश्वकर्मा जयंती पर पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान विविध आयोजन हुए।

शहर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विश्वकर्मा जयंती पर विभिन्न वर्कशॉप में उपकरणों का पूजन-अर्चन किया गया। राजकीय और निजी प्रशिक्षण संस्थानों में विविध आयोजन हुए। उधर महमूदाबाद स्थित मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमैनिटीज साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी में विश्वकर्मा जयंती पर विश्वकर्मा का पूजन अर्चन हुआ। इस दौरान महाविद्यालय के सचिव डॉ. अम्मार रिजवी उपस्थित रहे। उन्होंने जयंती पर विस्तार से छात्रों के बीच चर्चा की। इस अवसर पर जवाहर लाल नेहरू पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य सीपी त्रिपाठी, कार्यालय अधीक्षक राजेश सिंह, सीतांश शुक्ल, मौलाना आफाक, सलीम अहमद, जहूर, राहुल सिंह, मो. अशफाक खान, हसीब, पप्पू सहित बड़ी संख्या में लोग और छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते महाविद्यालय के सचिव डॉ. अम्मार रिजवी। अमृत विचार

## संदना में गन्ना पर्यवेक्षकों से मारपीट

**सीतापुर, अमृत विचार।** संदना स्थित गन्ना समिति रामगढ़/सरवा में किसान मेले का आयोजन हुआ। मेले में गन्ना पर्यवेक्षक रामसेवक भार्गव, शरद त्रिपाठी, दिनेश सिंह सट्टा पर्चियों से जुड़ी जानकारी दे रहे थे।

आरोप है कि इस दौरान कुछ ग्रामीण आ गए। सभी ने अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिसमें रामसेवक भार्गव गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य को भी चोटें आईं हैं। सूचना मिलते ही संदना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। गन्ना पर्यवेक्षक की ओर से थाने पर शिकायती पत्र दे दिया गया। पुलिस छानबीन करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## दिलाई स्वच्छता की शपथ

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की शुरुआत अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार पटेल द्वारा की गई। अधिशासी अधिकारी ने पालिका कर्मचारियों की टीम के साथ नगर के मोहल्ला मीरा टोला, नई बस्ती, बेहटी, अंम्बर सराय, तीर्थ स्थल पक्का तालाब, बहलोलपुर सहित एक दर्जन मोहल्ले में नगर पालिका की टीम घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही स्वच्छता की शपथ भी लोगों को दिलाई गई।

समस्या | पिसावां विकास खंड क्षेत्र के दो गांवों का मामला

# तालाब व खलिहान पर हो रहे कब्जे

संवाददाता, पिसावां, सीतापुर

**अमृत विचार :** पिसावां विकास खण्ड क्षेत्र के गांवों में तालाब, खलिहान और खाद गड्ढों पर कब्जा है। ऐसे में ग्रामीण परेशान है कि विषम परिस्थितियों उनको कैसे सहूलियत मिलेगी।

औलियापुर गांव के कामता का कहना है कि गांव के करीब बने तालाब पहले सिंचाई के साथ रोजगार भी देते थे। खलिहान और खाद गड्ढे फसलों में लाभकारी बनते हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से इन पर अतिक्रमण होने के कारण परेशानियां हो रही हैं। डोरे लाल का कहना है कि अतिक्रमण को लेकर सभी के लिए नियम-कानून एक होना चाहिए। मनोज का कहना है कि बाढ़ और बारिश की विषम स्थितियों में खलिहान हम सबके काम आते थे। अब उनके ही नहीं अन्य गांव की स्थितियां भी अतिक्रमण के कारण बदल चुकी हैं। हुकुम कहते हैं कि पारदर्शिता से जांच कराई जाए, तो विकास खंड क्षेत्र के आधे से अधिक खलिहान, खाद गड्ढे और तालाबों पर अतिक्रमण हो गया है। इनका स्वरूप भी बदल रहा है।



विकास खंड क्षेत्र स्थित औलियापुर गांव का तालाब। अमृत विचार



कामता



हुकुम

> इस तरह की अभी तक जो भी शिकायतें आई हैं, उनकी जांच कराई गई है। सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने का अभियान चलाया जा रहा है। अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई भी कराई जाएगी- **अभिनव यादव, एसडीएम, महोली**


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
# क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पिता की मृत्यु दिनांक 08.08.2008 को हो गयी है जो खसरा संख्या–370/1ब ग्राम निजामपुर, मल्हौर परगना व तहसील व जिला लखनऊ के हिस्से में स्थित है, भूखण्ड संख्या–370/1ब पर स्थित है इस सम्पत्ति पीरामल कैपिटल एवं हाउसिंल फाइनेन्स लिमिटेड द्वारा एक लोन जारी किया गया था। जिसके सभी भुगतान दिये गये है, मैं चाहता हूँ कि इस सम्पत्ति के कागजात जारी किया जाये, कोड (00000036) । **उमेश कुमार पुत्र स्वर्गीय रामू निवासी तिलक मार्ग, बरैल नम्बर–17 लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **गौरव कुमार सिंह, नि0– 88,89 चौपुला दीपमाला अस्पताल के सामने, तह0 व जिला बरेली, उ0प्र0– पिन कोड– 243003,** यह कि मेरा पुत्र कक्षा 10 का छात्र है मेरे पुत्र का नाम विद्यालय अभिलेखों में किंग अंकित है जबकि मेरे पुत्र का सही व पूरा नाम किंग सिंह है। जो उसके आधार कार्ड में अंकित है। यह कि उक्त नाम किंग व किंग सिंह यह दोनों नाम एक ही बच्चे के है तथा मेरे पुत्र के ही है। अत: मेरे पुत्र का नाम विद्यालय अभिलेख में किंग सिंह अंकित कर लिया जाये ।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **विनोद कुमार रावत पुत्र शिवराम रावत, निवासी– प्लाट नं0–23बी बेंगरिया कन्हैया बालाजी मन्दिर सीतापुर बाईपास के पास चौक काकोरी, लखनऊ,** मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अपूर्व है जबकि नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम अपूर्वा कर दिया गया है। अपूर्व एवं अपूर्वा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम है।

**सूचना**
पहले मेरा नाम ALI AHMAD था अब मैंने बदलकर अपना नाम ALI AHAMAD रख दिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: KHURAME ALI R/O: PURANI BAZAR KHARGUPUR BAZAR POST KHARGUPUR IMILIA GONDA, UTTAR PRADESH-271204

**सूचना**
पहले मेरा नाम KHOORAM ALI था अब मैंने बदलकर अपना नाम KHURAME ALI रख दिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: CHADEN R/O: PURANI BAZAR KHARGUPUR BAZAR POST KHARGUPUR IMILIA GONDA UTTAR PRADESH-271204

**सूचना**
पहले मेरा नाम ISTIYAQUN NISHA था अब मैंने बदलकर अपना नाम ISTIYAKUN BIBI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: MOHAMMAD ASHIQ, R/O: 536KA/291 MAKKAGANJ SITAPUR ROAD,KHADRA, NIRALA NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226020

**सूचना**
सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम VISHVAMBHAR के स्थान पर VISHVAMBHAR KUMAR रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। VISHVAMBHAR KUMARपुत्र SURENDRA GOND **मं0नं0 13, ग्राम–जगदीशपुर पोस्ट –पिडरा थाना हाटा जिला कुशीनगर**

**सूचना**
सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम VISHVAMBHAR के स्थान पर VISHVAMBHAR KUMAR रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। VISHVAMBHAR KUMARपुत्र SURENDRA GOND **मं0नं0 13, ग्राम–जगदीशपुर पोस्ट –पिडरा थाना हाटा जिला कुशीनगर**

**सूचना**
सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम राजू कुमार से बदलकर राजू कुमार सिंह रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **राजू कुमार सिंह पुत्र शम्भू कुशवाहा ग्राम नियरवा, पोस्ट रहीमपुर, जिला देवरिया**

**सूचना**
सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद सलीम से सलीम रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **सलीम पुत्र जहूर निवासी वार्ड नं 12 महादेव मोहल्ला बड़हलगंज, चिल्लूपार, जिला गोरखपुर**



# क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
## जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें – 7080239313 7570060266

**आलमबाग**
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### करंट की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली देहात क्षेत्र के सादीपुर गांववासी रामजीवन पोल्ट्री फार्म की देखरेख करते समय अचानक तारों में उतरे करंट की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। खबर मिलने के बाद कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार के बयान लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, रामजीवन गांव के बाहर स्थित मुर्गी फार्म की देखरेख का काम करता था। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गया।

### रास्ता तीन साल से खराब लेकिन नहीं ले रहे सुध

पहला, सीतापुर, अमृत विचार : विकास खंड बिसवां स्थित थाना रामपुर कलां अंतर्गत ग्राम पंचायत शंकरपुर के मजरा मदारीपुर में बिसवां-महमूदाबाद मार्ग से ग्राम संपर्क मार्ग तक तीन साल से रास्ता खस्ताहाल हो गया है। जगह-जगह गड्ढे हैं। ऐसे में कई बार बाइक सवार फिसलकर गिर चुके हैं। ग्राम प्रधान संजय वर्मा का कहना है कि शिकायतें की जा चुकी हैं। इसके बावजूद कोई अधिकारी सुध लेने वाला नहीं है। बाबा ज्ञानदास का कहना है कि बारिश के दौरान आवाजाही इन रास्तों पर बाधित हो जाती है। तब जबकि ये मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला है। ग्रामीणों ने रास्ते को अविलंब दुरुस्त कराये जाने की मांग की है।

### हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर भैंस ने दम तोड़ा

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार : रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कदीम में भैंस टूटे हुए हाइटेंशन की चपेट में आ गई। हादसे में भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीण दिलीप कुमार के मुताबिक, वो अपनी भैंस लेकर चरा रहा था। इसी दौरान खेत के ऊपर से निकली 11 हजार की लाइन पर चिड़िया बैठ गई, इसी के बाद तार झूलकर आपस में टकरा गई और टूट गया। तार की चपेट में नीचे घास चर रही भैंस आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। प्रधान श्रवण कुमार ने बताया है कि घटना से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

### मुख्य विकास अधिकारी ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

सीतापुर, अमृत विचार : विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि आगामी 2 अक्टूबर तक निर्धारित कलेण्डर के अनुसार गतिविधियां संचालित कर लोगों को स्वच्छ आदतें अपनाये जाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। स्वच्छता दौड़, स्वच्छता कार्यक्रम एवं स्वच्छता शपथ, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई आदि के बारे में जानकारी भी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापित, जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ. निरीश चन्द्र साहू सहित संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# कहीं जमा सिल्ट तो कहीं रास्ते ही कटे

## गांव में कई स्थानों पर सिल्ट, कीचड़ और पानी जमा, दुर्गंध बढ़ी

### रामपुर मथुरा इलाके में जलस्तर हुआ कम, पर राहत नहीं

शिवकुमार मौर्य, रामपुर मथुरा, सीतापुर



निरंजन पुरवा गांव में पानी निकलने के बाद रास्ते में जमा कीचड़। अमृत विचार

अमृत विचार : बैराजों से छोड़ा गया जलस्तर कम हो रहा है। सरयू की बाढ़ से भले ही गांवों में अब राहत दिख रही है, लेकिन तबाही के जख्म अब भी कम नहीं हैं। बाढ़ में अपना सब कुछ गंवा चुके ग्रामीणों के सामने अब घर और खेतों में जमा सिल्ट और कीचड़ बड़ी समस्या बन गई है। बाढ़ प्रभावित गांवों के मुख्य मार्ग, संपर्क मार्ग कटने से आवाजाही पर भी संकट है।

इस बाढ़ और कटान में अपना सबकुछ गंवा चुके किसानों के सामने खेती का संकट है। कारण, बाढ़ ने फसलों के साथ कृषि योग्य भूमि को भी तहस-नहस कर दिया है। जलस्तर कम होने के बाद अब खेत और घरों के इर्द-गिर्द जमा सिल्ट भी किसी मुसीबत से कम नहीं है। निरंजनपुरवा के गुरदीन के मुताबिक, वे किसी तरह अपने गांव पहुंचे तो देखा सिल्ट, कीचड़ और गांव के इर्द-गिर्द सड़ता पानी दोहरी मुसीबत दे रहा है। प्यारेपुरवा के शिवमंगल का कहना है कि पानी तो कम हो रहा है लेकिन सड़कों पर पानी भरने के बाद वे कट गई है। अब उनसे गुजरना बड़ा मुश्किल है। बाबाकुटी निवासी रामस्वरुप कहते हैं कि बाढ़ और कटान के अलावा बैराजों से छोड़े गए पानी ने घर ही नहीं गृहस्थी और खेत सबकुछ बर्बाद कर दिया है। मुआवजा मिलना जरूरी है। अखरी के देवराज तिवारी, कल्लू, बृजेश सहित अन्य लोग गांव पहुंचकर सिल्ट और घरों के आसपास पसरी गंदगी हटाने में जुटे थे। अखरी के प्रधान जनमेजय वर्मा का कहना है कि करीब एक हजार एकड़ से अधिक खेती योग्य भूमि जलमग्न हो गई है। जो बची है, उस पर कीचड़ और मोटी सिल्ट जम चुकी है। ग्रामीणों को अपनी बची भूमि पर खेती करना जल्द संभव नहीं है। फसलों के नुकसान व कटान में समाए खेतों का सर्वे करवाकर मुआवजा दिलाना कुछ हद तक ग्रामीणों को राहत दे सकता है।



गुरुदीन



ईश्वरदीन



मोहिनी देवी

▸▸ ग्रामीण बोले, बाढ़ ने सबकुछ बर्बाद कर दिया, मुआवजा मिलना जरूरी

# गांव पहुंचीं कमिश्नर, जाना बाढ़ पीड़ितों का हाल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



देवपालपुर कोल्हूपुरवा में ग्रामीणों की समस्याएं सुनतीं कमिश्नर रोशन जैकब।

अमृत विचार: कमिश्नर ने लखनऊ से आकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। अमृत विचार में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने अधीनस्थों की जमकर क्लास लगाई। कहा कि कोई भी ग्रामीण को खाना-पानी और रहने की समस्या नहीं होनी चाहिए।

अमृत विचार ने 17 सितंबर को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य सामग्री का संकट शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया। इसको शासन और उच्चाधिकारियों ने संज्ञान लिया। कमिश्नर रोशन जैकब बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्र देवपालपुर, कोल्हूपुरवा पहुंची। बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने जमीन की मांग की। बीमारी और अन्य समस्याओं का भी हाल साझा किया। ऐसे में उन्होंने सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह को निर्देश दिये कि गांव-गांव कैंप लगाए जाएं, उपजिलाधिकारी को मुआवजा देने के निर्देश दिए, साथ ही सिचाई विभाग को सतर्कता बरतने की सलाह दी। इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने भी अधीनस्थों से कहा कि ग्रामीणों को खाना-पानी और रहने की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। इस दौरान एडीएम नीतीश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

▸▸ डीएम ने अधीनस्थों को दिए विशेष दिशा-निर्देश

▸▸ अमृत विचार की खबर का लिया गया संज्ञान

# झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

## मंत्री ने स्वच्छता से जुड़े विकास कार्यों का जाना हाल

संवाददाता, सीतापुर



झाड़ू लगाते सहकारिता विभाग के राज्य मंत्री जेपीएस राठौर। अमृत विचार

अमृत विचार : प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सीतापुर में स्वच्छता का संदेश देने सहकारिता विभाग के राज्य मंत्री पहुंचे। उन्होंने बाल्मीकि आश्रम में जाकर समाज से जुड़े लोगों से बातचीत की। फिर समूह के बीच झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश भी दिया।

सहकारिता विभाग के राज्य मंत्री जेपीएस राठौर निश्चित कार्यक्रम के तहत शहर स्थित सर्किट हाउस पहुंचे। विभागीय अधिकारियों ने स्वच्छता से जुड़े विकास कार्यों की समीक्षा के बाद उन्होंने प्रगति को लेकर विशेष निर्देश दिए। फिर झाड़ू लगाई, इनके साथ नगर पालिका चेयरमैन नेहा अवस्थी, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित अन्य लोगों द्वारा सहयोगी की भूमिका निभाई गई। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों के बीच स्वच्छता का संदेश देते रहे हैं। उनके जन्मदिन पर हम सबको भी स्वच्छता का अनुसरण करना होगा। निश्चित स्थान पर कूड़ा डालना होगा, ताकि संक्रमण से बचा जा सके। लोगों को भी जागरूक करते रहने होगा। इस दौरान पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मुनेंद्र अवस्थी सहित अन्य मौजूद रहे।

# जंगली जानवर ने बछड़े पर किया हमला, भेड़िये की आशंका

इमलिया सुल्तानपुर सीतापुर



हमले के बाद बछड़े की कटी पूंछ।

अमृत विचार : महोली तहसील क्षेत्र के बंजरिया गांव में जंगली जानवर ने एक बार फिर एक बछड़े पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया। अन्य जानवरों की छटपटाहट की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने देखा तो जंगली जानवर भागता नजर आया। दावा है कि हमला करने वाला जानवर भेड़िया था।

बंजरिया गांव निवासी रामगोपाल पुत्र अहिबरन के मुताबिक, उनका घर गांव के बाहर खलिहान में बना हुआ है। घर के बाहर उनके जानवर बंधे हुए थे। देर रात उन्होंने अपनी गाय के छटपटाने की आवाज सुनी, तो वो घर के बाहर निकल आए। बाहर अंधेरा था, इसलिये उन्होंने जानवरों की तरफ उजाला किया तो एक जंगली जानवर तेजी से भागता नजर आया। जिसके बाद उन्होंने देखा तो उस जंगली जानवर ने उनके बछड़े पर हमला कर जख्मी कर दिया था। धीरे-धीरे वहां पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सभी का कहना है कि जिस जानवर को उन्होंने देखा था, वह सियार नहीं था, बिल्कुल भेड़िया ही था। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कॉम्बिंग की। बाद में वन विभाग ने भेड़िये के जगह सियार आने की पुष्टि की। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की टीम कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों और मवेशियों को भुगतना पड़ रहा है।

### गांव में तीन दिनों के अंदर दूसरी घटना

तीन दिनों के भीतर ही इस गांव की ये दूसरी घटना है। बता दें कि इसके पूर्व शनिवार की रात भी इसी गांव में जंगली जानवर ने एक बछिया को अपना निवाला बना लिया था और एक बछड़े पर भी हमला कर उसे जख्मी कर दिया था।

### हमलावर सियार को घेर कर मार डाला

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : महमूदाबाद सर्किल क्षेत्र के ग्राम डफरा के रामसरन पुरवा निवासी अरुण चौहान (40) पुत्र मोहन सिंह के मुताबिक, वो सोमवार की शाम अपने खेत में लगी मूंगफली की फसल को देखने के लिए गया था। तभी खेत में पहले से घात लगाए सियार ने अचानक हमला करके घायल कर दिया। जिससे हाथ, पैर और चेहरे में जख्म हो गए। चीख-पुकार सुन ग्रामीण दौड़ पड़े और लोगों ने सियार को घेर कर पीटकर मार डाला। डिप्टी रेंजर संतोष वर्मा ने बताया कि सियार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मारा गया सियार।

# पैंतेपुर में चला स्वच्छता अभियान

पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार: स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर द्वारा पूर्वी वार्ड सहित मदरसा शमशुल उलूम में विशेष सफाई की गई। ईओ रेणुका यादव की अगुवाई में स्वच्छता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों सहित अधिकारियों की टीम पहले नगर पंचायत के पूर्वी वार्ड में स्थित परशुराम यशोदा देवी स्कूल गई। जहां सफाई कर्मचारियों के साथ स्कूल के प्रबंधक राजेश यादव ने कॉलेज परिसर के आस पास सफाई की। कॉलेज के टीचर्स ने भी सहयोग किया। इस दौरान अजमल सेठ, वार्ड मेंबर प्रतिनिधि मोहम्मद दानिश, मन्ना खां सभासद ने भी सफाई व्यवस्था में सहयोग किया। इस अवसर पर नगर पंचायत पैंतेपुर के वरिष्ठ लिपिक अवधेश कुमार, शिवलाल, जीतू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ससुराल में रह रहे युवक का लटका मिला शव

संवाददाता, पिसावां, सीतापुर

▸▸ परिवार के लोगों ने अचानक हुई मौत पर जताया संदेह

▸▸ पिसावां थाना क्षेत्र के सहियापुर गांव के करीब की घटना

अमृत विचार : ससुराल में रह रहे युवक का शव सहियापुर गांव के बाहर पेड़ से लटका हुआ मिला। पिसावां थानाक्षेत्र में हुई घटना को लेकर परिवार के लोगों ने संदेह जताया है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

महोली कोतवाली क्षेत्र जगदेवा गांव वासी रामभजन पिछले कुछ समय से हरदोई जनपद स्थित खुद्दी गांव में रह रहा था। परिजनों के मुताबिक, रामभजन को एक दिन पहले ससुराल पक्ष ने गाली-गलौज करते हुए भगा दिया। इसी के बाद उसका शव पिसावां थानाक्षेत्र में सहियापुर गांव के बाहर एक पेड़ से लटका मिला। खबर पाकर मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। इन लोगों ने अचानक हुई मौत पर संदेह जताया है। पिसावां थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर का कहना है कि रामभजन के पिता चेतराम सहित अन्य लोगों ने अचानक हुई मौत पर शंका जताई है। ससुराल पक्ष किसी भी तरह की झगड़े की बात नहीं बता रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### अवैध शस्त्र के साथ शातिर गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शातिरों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। सकरन थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक शातिर पकड़ा गया। क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला ने बताया कि थाना सकरन पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान तंबौर थाना क्षेत्र के जाल्हेपुर भिठिया निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र राजू निवासी को कोल्हुवा तिराहा वहद ग्राम कोल्हुवापुरवा मजरा लखनियापुर के पास से गिरफ्तार किया गया। दावा है कि आरोपी के कब्जे से 1 अदद तंमचा, 2 अदद कारतूस 315 बोर बरामद हुई हैं। बरामदगी के सम्बन्ध में आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आरोपी के विरुद्ध जेल भेजने की कार्रवाई की गई।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### ओवरलोड वाहनों पर नहीं लग पा रहा अंकुश

तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार : तालगांव कोतवाली क्षेत्र की सड़कों पर ओवरलोड वाहन फर्राटा भर रहे हैं। ओवरलोड वाहनों की चपेट में आए दिन राहगीर आ रहे हैं। बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व इलाका पुलिस इन पर शिकंजा कसने से गुरेज कर रही है। सीतापुर-कसरैला-लहरपुर मार्ग पर बालू, मिट्टी, लकड़ी व तमाम भट्ठों पर ईंट ढोने में उपयोग होने वाली ट्रैक्टर-ट्रालियां रोजाना फर्राटा भरते हुए देखे जा सकते हैं। मुख्य मार्गों पर छोटे वाहन की मदद से क्षमता से अधिक माल लादकर ले जाया जा रहा है। इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। इलाका वासियों ने ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने की मांग की है।



लकड़ी के बोटे ले जाता वाहन।

### किसान मंच ने की शिकायत

नेरी, सीतापुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय किसान मंच के तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे द्वारा एक शिकायती पत्र प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महोली को दिया गया। शिकायतकर्ता द्वारा दावा किया गया कि विकासखंड पिसावा के ग्राम छहेलिया निवासी पप्पू का गांव के कुछ लोगों से विवाद हो गया। इस पर विपक्षियों द्वारा पप्पू का मोबाइल छीन लिया गया। शिकायती पत्र दिये जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# पोते के बाद दादी की भी बुखार से मौत, विभाग गंभीर नहीं

संवाददाता सकरन, सीतापुर

▸▸ सकरन क्षेत्र में दो दिन में सात लोगों की गई जान

अमृत विचार : पोते की मौत के बाद दूसरे दिन बुखार से दादी की भी मौत हो गई। क्षेत्र में दो दिन में सात मौतें हो गयी हैं। लगातार हो रही मौतों के बाद भी स्वास्थ्य महकमा संजीदा नहीं है।

सकरन क्षेत्र में बुखार से लगातार हो रही मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार सुबह तारपारा गांव निवासी रूपरानी (50) पत्नी रूपन की तेज बुखार आने के बाद मौत हो गयी। इनका इलाज क्षेत्र का झोलाछाप कर रहा था। बता दें कि सोमवार को मृतका के पोते सत्यम (30) की मौत बुखार आने के बाद हो गयी थी। इसके अलावा उसी दिन क्षेत्र के लखुआबेहड़ गांव निवासी सत्रोहन (30), गोड़ियनपुरवा निवासी स्वामीदयाल (60), मनिकौडड़ा निवासी परसादी (45), भुंडपुरवा निवासी कांती (42) मंगलवार को सकरन निवासी फैय्याज (55) दम तोड़ चुके हैं। दो दिन में क्षेत्र में हुई सात मौतों के बाद भी स्वास्थ्य महकमा संजीदा नहीं है। क्षेत्र के तारपारा, सकरन, लखुआबेहड़ आदि गांवों में तेज बुखार की चपेट में बड़ी संख्या में लोग हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सचान ने बताया कि प्रभावित गांवों में टीम भेज कर जांच कर दवाइयों का वितरण कराया जा रहा है।

# शान-शौकत से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

संवाददाता, पैंतेपुर, सीतापुर



अंजुमन को पुरस्कार देते अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार : ईद -उल-मिलादुन्नबी के मौके पर दरगाह कदम रसूल से पूरी शान-शौकत के साथ जुलूस ए मोहम्मदी का जुलूस निकाला गया। जुलूस में ऊंट, घोड़े के साथ क्षेत्र की दर्जनों अंजुमनों ने अपने-अपने झंडों के साथ हिस्सा लिया।

जुलूस की शुरुआत मौलाना मोहम्मद अफजल पूर्व चेयरमैन व सभासद अजमल सेठ ने की। पैतेपुर के जुलूस में पूर्वी टोला पैतेपुर, महमूदाबाद, सदरपुर, नूरपुर, तहसील फतेहपुर की अंजुमन सहित अन्य अंजुमनों ने मोहम्मद साहब की शान में शेरो शायरी पढ़ते हुए ईद-उल-मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला। जुलूस कदम रसूल से होते हुए पुरानी बाजार, पूर्वी टोला, जैनीटोला, पीलखाना, माहनगर होते हुए कदम रसूल पहुंचा।

▸▸ ऊंट व घोड़ों के साथ बड़ी संख्या में शामिल हुईं अंजुमनें

नगर में जगह-जगह पर जुलूस में शामिल लोगों के जलपान की व्यवस्था की गई थी, अंजुमनों को पुरस्कृत किया गया। जुलूस में नगर पंचायत पैतेपुर के पूर्व अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद अफजल, समाज सेवी अजमल सेठ, मन्ना खा, शफीक किदवई, मो. तैय्यब अंसारी सहित हजारों लोग जुलूस में उपस्थित थे। जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, चौकी प्रभारी अमित कुमार पांडे नूरपुर चौकी इंचार्ज प्रदीप पांडेय सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल भी उपस्थित रहा।

**अव्यवस्था** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आधे से अधिक पद रिक्त

# बाबुओं के सहारे चल रही जीआईटीआई पिसावां

संवाददाता, पिसावां, सीतापुर





जीआईटीआई पिसावां।



अभिभावक धर्मेन्द्र सिंह व सोनू सिंह।

अमृत विचार : गांवों के बच्चों को हुनरमंदी का गुर सिखाने वाले ढूंढे नहीं मिल रहे। रिक्त पदों के न भरे जाने से युवाओं की प्रतिभाएं निखर नहीं पा रहीं। ऐसे में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पिसावां महज कागजों तक ही सीमित रह गया है।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पिसावां के इर्द-गिर्द वो इलाका हैं, जहां हरदोई और लखीमपुर खीरी जनपद से सीमाएं स्थित हैं। यहां के रहने वाले लोगों को मुख्यालय तक पहुंचने में बड़ा समय और दुश्वारियों का सामना करना पड़ता रहा है। ऐसे में जीआईटी लोगों को प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार भी देता रहा। संस्थान के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार सिंह का कहना है कि क्लर्क के अलावा प्रशिक्षकों के कुछ पद रिक्त हैं। वरिष्ठ लिपिक अनिल कुमार गुप्ता का कहना है कि प्रशिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए कई बार विभागीय लिपिकों को अतिरिक्त जिम्मेदारियों का निर्वहन करना पड़ता है। प्रशिक्षकों की नियुक्ति के लिए शासन को पत्र भेजा जा चुका है। अभिभावक धर्मेन्द्र सिंह और सोनू सहित कई अन्य ने प्रधानाचार्य से मिलकर रिक्त पदों को भरे जाने की मांग की है।

### प्रशिक्षक मिले तो बने बात

जीआईटी के छात्र अनस का कहना है कि प्रशिक्षक न होने के कारण कई बार बिना प्रशिक्षण पाए ही वापस लौटना पड़ता है। प्रवीण कुमार का कहना है कि एक सत्र तो बिना प्रशिक्षक के बीत गया। यही हाल इस साल भी लग रहा है। रक्षा देवी कहती हैं कि गांव के करीब होने के कारण ये बेहतर विकल्प था, लेकिन प्रशिक्षक न होने से व्यवस्थाएं नाकाफी हैं। राहुल यादव कहते हैं कि इस पर थोड़ा सा ध्यान दे दिया जाए, तो युवाओं को इलाके में भी बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार : कमलापुर थाना क्षेत्र के कुर्सिनपुरवा रेलवे क्रॉसिंग के नजदीक एक युवती की लखनऊ से सीतापुर जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।

मृतका की पहचान कमलापुर थाना क्षेत्र के रमराजपुर निवासी विनीता (18) पुत्री छोटकन के रूप में हुई। पिता छोटकन के मुताबिक, विनीता कई वर्षों से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। जिसका इलाज खैराबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था।

थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया शव की पहचान के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई है।

# बंधे पर रह रहे लोगों से मिले डीएम

## पट्टी गुरेला के ग्रामीणों ने की मार्ग ऊंचा कराए जाने की मांग

संवाददाता, भदफर, सीतापुर



बंधे पर मौजूद लोगों से बात करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार : लहरपुर तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव पट्टी गुरेला के ग्रामीणों से जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं, हल करने के निर्देश भी अधीनस्थों को दिये।

बाढ़ से प्रभावित पट्टी गुरेला के ग्रामीण गांव में पानी भर जाने के कारण नदी के किनारे बने बंधे पर पॉलिथीन तिरपाल डालकर रह रहे हैं। इनसे मिलने डीएम पहुंचे, इनके साथ एडीएम नीतीश सिंह और एसडीएम आकांक्षा गौतम भी थे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं साझा कीं। किसी ने आवास निर्माण तो किसी ने जलमग्न हो चुके मार्ग निर्माण को ऊंचा करने करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने खराब बंधा मार्ग को तुरंत ठीक कराने व बंधे पर रह रहे ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी, कोतवाली प्रभारी लहरपुर मुकुल प्रकाश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## एक नज़र

### ग्राम पंचायतों में किया गया पौधरोपण

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** प्रदूषण समाप्त करने एवं पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंगलवार को हैदरगढ़ विकास खंड की सभी 72 ग्राम पंचायतों में विकास कर्मियों द्वारा पौधरोपण किया गया और धरती को हरा भरा रखने का संकल्प लिया गया। बीडीओ संजीव गुप्ता द्वारा पंचायत भवन गोतौना के परिसर में शीशम का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधान निलेश कुमार पंचायत सचिव पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सफदरगंज की 33 केवी सफदरगंज लाइन शिफ्टिंग का कार्य धरौली नया बस स्टेशन अयोध्या रोड़ के पास कल बुधवार को होगा। लाइन शिफ्टिंग कार्य के चलते विद्युत उपकेन्द्र सफदरगंज से पोषित सभी 11 केवी फीडरों के तहत आने वाले क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी संदीप सिंह उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड जैदपुर की ओर से दी गई।

### दंपति का बेमियादी धरना दूसरे दिन भी जारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक व सिपाही पर कार्रवाई की मांग को लेकर गन्ना कार्यालय परिसर में दंपति धरने पर बैठे हैं। मंगलवार को सीओ फतेहपुर ने इनकी बात सुनी। मदनपुर की रेनू देवी पत्नी राममिलन ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कोतवाली में तैनात एसआई देवतानंद व सिपाही राजीव यादव, रामसागर यादव ने उसकी सहन की भूमि पर टीन शेड जबरन रखवा दी। कार्रवाई के लिए रुपये की मांग कर रहे।

# अलग-अलग हादसों में तीन की मौत

## गंभीर हालत में एक युवक ट्रामा सेंटर में भर्ती, पुलिस ने शवों को पीएम के लिए भेजा

रामसनेहीघाट/देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार:** बीते 24 घंटे के भीतर हुए अलग अलग हादसों में दो महिलाओं समेत तीन की अस्वाभाविक मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर दशा में ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पहला हादसा सफदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हुआ। लखनऊ के थाना बख्शी का तालाब क्षेत्र के ग्राम बोहना कला निवासी स्व नंदराम रावत का पुत्र शिवम 24 अपने पड़ोस में रहने वाले मित्र विवेक उर्फ छोटू के साथ अयोध्या दर्शन के लिए जा रहा था। सोमवार देर रात रसौली कस्बा स्थित धर्मकांटे के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने इन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल भिजवाया, जहां शिवम को मृत घोषित कर दिया गया। दूसरा हादसा रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में कोटवासड़क के पास सोमवार की रात हुआ। शहर कोतवाली क्षेत्र के छोटी लाइन के पास रहने वाली सुशीला देवी (48) पत्नी सालिक राम यादव पुत्र नितिन के साथ अकबरपुर टांडा स्थित मायके से बाइक के जरिए वापस लौट रही थी, कोटवासड़क के पास बाइक डिवाइडर से टकरा गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुत्र की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस अत्यधिक घायल महिला को पहले सीएचसी ले गई, जहां से रेफर किए जाने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां पर उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। तीसरी घटना देवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मौजाबाद की है। यहां के रहने वाले संगम रावत की पत्नी लक्ष्मी (30) मंगलवार की सुबह आठ बजे घर में रखे फर्राटा पंखा में उतरे करंट की चपेट में आ गई।

### ट्रेन के आगे कूदकर जान देने की कोशिश में युवती जख्मी

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** टोल प्लाजा पर ड्यूटी करने की बात कह कर घर से निकली लगभग 18 वर्षीय एक युवती ने ट्रेन से कट कर जान देने की कोशिश की। जिसके चलते युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। 108 एंबुलेंस द्वारा हैदरगढ़ सीएचसी पहुंचाई गई युवती को गंभीर अवस्था के चलते ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बबुरिहा का पुरवा मजरे गोतौना गांव निवासी रामनिवास यादव की 18 वर्ष की पुत्री अर्चना घर वालों से गोतौना स्थित टोल प्लाजा पर ड्यूटी पर जाने की बात कह कर निकली परंतु ड्यूटी पर जाने की बजाय युवती हैदरगढ़ औसानेश्वर मार्ग पर स्थित भेतमुआ रेलवे क्रॉसिंग के निकट पहुंच गई। बताते हैं ट्रेन के सामने कूदने के पहले गेट पर मौजूद गेट कीपर द्वारा कई बार उसे रेलवे पटरी से दूर रहने के लिए कहा गया फिर भी युवती ने ट्रेन के सामने छलांग लगा दी।

# उधारी से बचने को रची चोरी की साजिश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ मां ने बेटे और चचिया ससुर को किया शामिल, गिरफ्तार

▸▸ बड्डूपुर थाना क्षेत्र में स्वरचित चोरी का दूसरा मामला

**अमृत विचार:** बेटे की शादी में बहू को देने के लिए जेवर सोनार से उधार लिए, इस उधारी से बचने को मां ने साजिश रची और इस साजिश में बेटे व बेटे के चचिया ससुर को भी शामिल कर लिया। बड्डूपुर थाना क्षेत्र संवेदनशील चल ही रहा है, इसी का फायदा उठा घर का सामान तितर बितर कर चोरी की अफवाह उड़ा दी। पुलिस ने पड़ताल की तो सच सामने आ गया। मां, बेटे व उसके चचिया ससुर जेल भेज दिए गए। जेवरात भी बरामद हो गए।

अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया प्यारेलाल निवासी गनेशपुर मजरे इंटौजा थाना बड्डूपुर ने पुलिस को सूचना दी कि 12 सितंबर को चोर घर में रखी नकदी व लगभग एक लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गये। थाना बड्डूपुर पुलिस टीम ने घटना का अनावरण करते हुए प्रकाश में आये वादी प्यारेलाल के पुत्र अनमोल कुमार, वादी की पत्नी निर्मला देवी ग्राम गनेशपुर मजरे इंटौजा थाना बड्डूपुर व अनमोल कुमार के चचियां ससुर जगन्नाथ पुत्र स्व0 श्यामलाल निवासी ग्राम दाउदपुर सरैय्या थाना देवा को गिरफ्तार कर अभियुक्त जगन्नाथ के घर से जेवरात बरामद कर लिए। पूछताछ से पता चला कि अभियुक्त अनमोल का विवाह फरवरी 2024 में हुआ था, जिसमें उसकी पत्नी को अभियुक्ता निर्मला देवी ने जेवरात दिये थे। निर्मला देवी ने यह जेवरात सोनार से उधार लिये थे। सोनार को जेवरातों के बकाया रुपये न देने पड़े, इसके लिए निर्मला ने अपने बेटे अनमोल के साथ मिलकर क्षेत्र में फैली चोरी की अफवाह का फायदा उठाकर योजना बनाई कि घर में चोरी हो जाने की अफवाह फैला दी जाये, जिससे सोनार के बकाया रुपये देने से बचा जा सकेगा। योजनानुसार उसने घर में रखे जेवरातों को ले जाकर बेटे के चचिया ससुर जगन्नाथ के घर में करीब 15 दिन पूर्व भूसे में छिपा दिया। उचित समय देखकर चोरी हो जाने की अफवाह फैला दी एवं अपने घर में चोरी का रूप देने के लिए घर में सारा सामान फैला दिया।

# गुलाल उड़ा किया गणपति विसर्जन

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार:** गणेश महोत्सव पर दस दिनों तक चली पूजा अर्चना के बाद 11वें दिन नगर के सब्जी मंडी वार्ड से गणेश विसर्जन शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। शोभा यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड दिखाई दी। डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए अबीर-गुलाल उड़ाकर पूरे कस्बे को भक्तिमय कर दिया। गणपति बप्पा मोरया के उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा।

नगर के सब्जी मंडी वार्ड निवासी पूर्व सभासद विपिन साहू के आवास पर विराजे गणपति की पूजा अर्चना के बाद लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे से होकर निकली यह भव्य विसर्जन यात्रा तहसील मुख्यालय से छह किमी दूर गोमती नदी के औसानेश्वर घाट पर पहुंची। जहां पर विधिवत मंत्रोपचार के बाद गणेश प्रतिमा का गोमती नदी में विसर्जन कर दिया गया। विसर्जन यात्रा में शामिल महिला व पुरुष श्रद्धालु गणेश जी के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। यात्रा के दौरान प्रसाद का वितरण भी किया जा रहा था। विसर्जन यात्रा में विपिन साहू के अलावा, ननकऊ साहू, जय नारायण साहू, मुन्नू साहू, विक्की वैश्य, जितेंद्र सिंह, देवी, रवि साहू, नन्नू सैनी, विज्ञान मिश्रा, गुड्डू साहू, सौरभ अग्रवाल, सुरेंद्र सोनी, रिशु मिश्रा, कार्तिक, आराध्या, इश्यू, मीनाक्षी, प्रीति साहू, रामलाल, संतोष कुमारी आदि शामिल रहे।



गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

# पूजे गए देव शिल्पी, हुआ हवन-पूजन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिले में मंगलवार को पूजन-अर्चन के साथ विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। शहर से ग्रामीण क्षेत्रों तक जगह-जगह शोभायात्रा निकली और भंडारे का आयोजन हुआ। इसके अलावा सभी विद्युत उपकेंद्रों व औद्योगिक क्षेत्रों की इकाइयों में हवन-पूजन हुआ। शहर के लखपेड़ाबाग स्थित विश्वकर्मा मंदिर में रामचरितमानस पाठ के समापन के बाद प्रसाद बांटा गया।

शहर के चित्रगुप्तनगर और लखपेड़ाबाग स्थित विश्वकर्मा मंदिर में सुबह से ही भक्तों ने पूजन-अर्चन और भंडारे का आयोजन शुरु कर दिया। यहां आरती के बाद लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर जयंती मनाई। वहीं पीरबटावन स्थित कपड़े के कारखाने के अलावा धनोखर स्थित उपकेंद्र सहित ओबरी समेत जिले भर के विद्युत उपकेंद्रों पर हवन-पूजन कर भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई। शहर के विभिन्न कारखानों व मैकेनिकल प्रतिष्ठानों पर विधि-विधान से पूजा अर्चन कर प्रसाद का वितरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गयी।

सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में भी भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन पूजन किया गया। जगह-जगह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों भी हुए। कस्बा बदोसरांय में सत्यनाम फर्नीचर उद्योग एवं गुप्ता आरामशीन, रामशरन वर्मा वेल्डिंग वर्क्स पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम विश्वकर्मा इलेक्ट्रिकल्स उद्योग पर शिवराज विश्वकर्मा के द्वारा हवन पूजन करके प्रसाद का वितरण किया गया। इसी प्रकार से कोटवाधाम में अनूप विश्वकर्मा के यहां सुन्दर काण्ड का पाठ करके सचिन यादव विजय यादव राजन के कारखानों पर जयंती मनाई गई। इसके अतिरिक्त मरकामऊ सैदनपुर कटका बरदरी खजुरी समेत क्षेत्र के कल कारखानों में विश्वकर्मा समाज से जुड़े लोगों तथा अन्य शिल्पियों ने हवन दीप धूप यज्ञ पुष्पांजलि मिष्ठान आदि के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना करके प्रसाद आदि का वितरण करते हुए सुख-समृद्धि की कामना की।



धनोखर पर विश्वकर्मा जी की पूजा करते बिजली विभाग कर्मचारी। अमृत विचार

# जैदपुर कस्बे का होगा चौतरफा विकास

जैदपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** वार्ड गढ़ी कदीम स्थित बांध चौराहा पर मुख्तार अहमद मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा पक्के नाले पर स्लैप ढालकर पुल का उदघाटन नगर पंचायत जैदपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि दाउद अलीम और शबनम वारिस के हाथों किया गया।

शबनम वारिस ने कहा यह पुल बहुत पहले निर्माण होना चाहिए था। दाऊद अलीम ने कहा हमारा मकसद जैदपुर का चौतरफा विकास और जैदपुर के तमाम काम बहुत आसानी से हो सके। उन्होंने कहा कि जनता के भरोसे को कभी टूटने नहीं देंगे। वार्ड मेंबर मोहम्मद आलम/मुख्य ट्रस्टी ने कहा कि आवाम की तरक्की और उनके मसायल को हल करने का मेरा पहला फर्ज है। नया पुल आवाम के लिए एक राहत भरा काम हैं जो जल्द पूरा हो सका। इस मौके पर जावेद आलम ट्रस्टी, हाजी शमसुद्दीन शौकत, मोहम्मद सलमान ट्रस्टी/लॉयर, रईस अब्बास, अकील अब्बास, रेहान अंसारी, आलम अंसारी, मास्टर आलम, अलीम राईन, सभासद निजामुद्दीन, राम सिंह, अबसार, सुफियान, कलीम, मोहम्मद खालिद अंसारी आदि मौजूद थे।

# गंगा जल से किया भोलेनाथ का अभिषेक

## अनंत चतुर्दशी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, कई जिलों से पहुंचे लोग

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार:** अनंत चतुर्दशी पर्व पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए हैदरगढ़ सहित आसपास के गांव से लोग रवाना हुए। हजारों कांवरियों द्वारा मंगलवार की सुबह भूत भावन भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक किया गया। इसी के साथ चार दिनी कार्यक्रम का विसर्जन हो गया।

उल्लेखनीय है कि अनंत चतुर्दशी के अवसर पर औसानेश्वर महादेव बाबा का जलाभिषेक करने के लिए चार दिन पूर्व से ही कांवरिया रंग बिरंगी कावड़ के साथ डलमऊ रायबरेली के लिए वाहनों, मोटर साइकिल एवं पदयात्रा के माध्यम से डीजे एवं गाजे बाजे के साथ नाचते झूमते हुए रवाना हुए थे और सोमवार को कांवरियों के जत्थों के हैदरगढ़ आगमन के साथ पूरा नगर हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

कस्बा में आयोजित भंडारों में प्रसाद ग्रहण करने के बाद कावरियों का समूह औसानेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना हो गया था। जहां पर हजारों की संख्या में मौजूद कांवरियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मेला परिसर में अगड़ बम काँवरिया संघ, जय गंगा मैया काँवरिया संघ, बम लहरी कवरिया संघ सेमरौता, आदि योगी शिव शक्ति कावरिया संघ टिकरी शिवरतनगंज, श्री अवसानेश्वर महादेव काँवरिया संघ अंसारी सहित अनेक संघो के बैनर तले हजारों कांवरिया मौजूद रहे और मध्य रात्रि के बाद मंदिर के कपाट खोलने के साथी गोमती नदी में डुबकी लगाकर गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर घर परिवार के साथ ही देश में तरक्की खुशहाली और अमन चैन का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी, अगर बम कांवरिया संघ के सर्वे सर्वे राजू भैया घनश्याम महेश डब्बू अवस्थी सहित बड़ी संख्या में कांवरिया मौजूद रहे।



बाबा का रूप धरे भक्त। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कार्यकर्ताओं ने किया कारागार मंत्री का स्वागत



कारागार मंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान गोण्डा के प्रभारी बनाए जाने के उपरांत गोण्डा जाते समय मसौली चौराहा पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर ज्योरी प्रधान नीरज कुमार, भयारा प्रधान रंजित कुमार, मेड़िया प्रधान श्रीकांत, बांसा प्रधान प्रतिनिधि रामसिंह यादव, अरविन्द चौहान, रामसिंह, तुला सिंह चौहान, संतोष रावत, सुनील कुमार, नरेंद्र चौहान मौजूद थे।

### नाबालिगों के हाथों में वाहनों की स्टेयरिंग, चालान

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र में यातायात प्रभारी देवा के नेतृत्व में नाबालिक वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई वाहनों के चालान किए गए। देवा-विशुनपुर मार्ग, देवा-बाराबंकी मार्ग, देवा-कुर्सी और देवा-चिनहट मार्ग सहित कस्बा देवा में दर्जनों नाबालिक ई-रिक्शा चालक वाहन दौड़ाते देखे जा सकते हैं। यातायात प्रभारी देवा जितेन्द्र कुमार तिवारी ने इनके खिलाफ अभियान चलाया। यातायात प्रभारी ने बताया कि वाहन चला रहे नाबालिकों के अभिभावकों को बुलाकर अपने नाबालिक बच्चों को वाहन न देने को कहा गया है।

### हिंदी दिवस पर लेखन प्रतियोगिता संपन्न



निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** टीआरसी महाविद्यालय सतरिख के बहुउद्देशीय हाल में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत तृतीय दिवस में महाविद्यालय के समस्त संकायों के छात्र/छात्राओं ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसका विषय "वर्तमान परिदृश्य में हिंदी भाषा की उपादेयता व राजभाषा के रूप में हिंदी की प्रासंगिकता पर निबंध लेखन प्रतियोगिता छात्रों के मध्य आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गिरजा शंकर, विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद पाण्डेय, निबंध आयोजक हिंदी विभाग से डॉ. प्रत्यूष सिंह अन्य विभागों के प्रवक्ता राजेश वर्मा, समिधा श्रीवास्तव, नीशू सिंह, दीबानाज, कार्यक्रम संयोजिका कविता चौधरी व परमजीत उपस्थित रहे।

### 17वें दिन भी जारी रहा पीड़ितों का धरना



धरना-प्रदर्शन करते पीड़ित। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** शासन प्रशासन द्वारा भुगतान की गारंटी अधिकार अधिनियम बड़्स एक्ट 2019 कानून के तहत ठगी पीड़ितों का भुगतान न करने से आक्रोशित निवेशकों ने एक सितंबर से संपूर्ण भारत में एक साथ विरोध किया है। बाराबंकी के धरना स्थल गन्ना संस्थान में आज 17वें दिन भी धरना निरंतर जारी रहा। ठगी पीड़ित का भुगतान न करने के विरोध में जेल भरो आंदोलन 22 सितंबर को बाराबंकी एवं संपूर्ण देश में किया जाएगा। धरनाकारियों का कहना है कि सैकड़ो कंपनियों ने अलग-अलग नाम से लगभग लाखों लोगों की मेहनत की कमाई को ठग लिया है।

# इस बार अलग दिखेगा दुर्गा पूजा पंडाल

## भूमि पूजन के साथ शुरू हुई तैयारियां, कार्यक्रमों का किया गया निर्धारण

टिकैतनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** दुर्गापूजा महोत्सव समिति द्वारा नगर पंचायत टिकैतनगर में धूमधाम से दुर्गापूजा महोत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरु हो गई हैं। मंगलवार को समिति के द्वारा पंडाल स्थल का भूमि पूजन किया गया। गोंडा से आए पुरोहित पंडित लक्ष्मीधर शुक्ला व बालेंद्र धर शुक्ला ने विधि विधान से पूजा कराई।

आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश को स्थापित कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के उदघोष से पूरा वातावरण पवित्र हो गया। दुर्गा पूजा स्थल पर इस बार 10 अक्टूबर अष्टमी के दिन शानदार जवाबी कीर्तन क्रांति माला व बाबूलाल राजपूत के मध्य होगा। 11 अक्टूबर नवमी के दिन स्वरांजलि जागरण पार्टी कानपुर द्वारा भव्य जागरण किया जाएगा। 12 अक्टूबर दशमी के दिन भोजपुरी सुपरस्टार समर सिंह के द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इससे पहले समिति के सदस्यों ने अहम बैठक की गई। इसमें खास तौर पर पूजा को आकर्षक तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष राकेश शुक्ला ने बताया कि श्रद्धालुओं को इस बार अलग ही अंदाज में दुर्गा पूजा पंडाल देखने को मिलेगा। काफी आकर्षक अंदाज में पंडाल की सजावट की जाएगी। सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम रहेंगे। भूमि पूजन के दौरान मुख्य रूप से समिति के संतोष यज्ञ सैनी, ननकू यादव, गंगाराम सोनी, धनीराम गुप्ता, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपा शंकर शुक्ला अजीत शर्मा, श्रवण कसेरा, लवकुश पांडेय, रामजी तिवारी आदि रहे।



भूमि पूजन करते समिति के सदस्य। अमृत विचार

# स्वच्छता अभियान में सभी ने दिया योगदान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** दो अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा नया संकल्प- स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता का शुभारम्भ मंगलवार को नेहरू युवा केन्द्र बाराबंकी युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्रालय भारत सरकार के तत्वाधन में गांधी आश्रम सिविल लाईन में हुआ। कार्यक्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा एकत्रीकरण एवं साफ-सफाई अभियान नेहरू युवा मण्डल के युवाओं के सहयोग से चलाया गया। सम्पूर्ण आश्रम स्थल परिसर से सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा को सामूहिक रूप से एकत्रित कर निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सचिव खादी बोर्ड आश्रम राजेश कुमार सिंह ने गांधी जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ्य जीवन और विकास के लिये स्वच्छता श्रमदान में सभी को अपना योगदान करना चाहिये। मूलरूप में यही समाज सेवा है। सिंगल यूज प्लास्टिक के साथ पान मसाले के उपयोग से बचें। कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी विकास कुमार सिंह के निर्देशन एवं संचालन एपीए नेहरू युवा केन्द्र अश्विनी कुमार शर्मा ने किया।

# जलस्तर घटा, कटान से बढ़ीं मुश्किलें, पशुओं के चारे का संकट

सूरतगंज/रामनगर/सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** तराई वासियों के दिलों में दहशत फैलाने के बाद सरयू के तेवर ढीले तो पड़ रहे पर प्रभावित गांवों व तटबंध पर रह रहे पीड़ितों की समस्याएं जस की तस हैं। जलस्तर भले ही 53 सेमी पर रुक गया हो पर गांवों में दूर तक फैले बाढ़ के पानी ने गंदगी और संक्रामक रोगों को न्यौता दे दिया है।

रामनगर तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हेतमापुर में करीब एक दर्जन से अधिक गांव छह दिनों से बाढ़ की चपेट में थे। लोग छत व छप्परों पर रहने को मजबूर थे। ऐसे में तराई के लोगों को गांव से बांध तक का सफर पानी के बीच होकर तय करने में परेशानी हो रही थी। कटान के चलते बेलहरी के लोग अपने घरों को खाली करने और तोड़ने में लगे है। तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह ने बाढ़ क्षेत्र का जायजा लिया है। रामनगर क्षेत्र में सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से तराई क्षेत्र के लोग सहम हुए थे। सोमवार की रात से नदी का जलस्तर धीरे-धीरे घटने लगा। निचले स्थान पर बाढ़ का पानी जमा है। जिससे ग्रामीणों को संक्रामक रोगों का डर भी सताने लगा है। सरयू नदी का जलस्तर अभी भी 53 सेंटीमीटर ऊपर है। बाढ़ के पानी से घिरे तपेसिपाह, सिसौंडा, जैन पुरवा, कोरिन पुरवा, मल्लाहन पुरवा निवासी हरिवंश, रामप्रताप, मंशा, पाटन सहित दर्जनों बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि घट रहे नदी का जलस्तर से कटान का खतरा बढ़ गया है। गांव के निचले स्थानों व मार्गो पर पानी भरा हुआ है। जिससे आवागमन की समस्या बनी हुई है। हालांकि प्रशासनिक अधिकारी बाढ़ पीड़ितों से लगातार वार्ता कर हर संभव मदद पहुंचा रहे है। सिरौलीगौसपुर सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से तीसरे दिन भी लगातार ऊपर बह रहा है। नदी की तलहटी में अलीनगर रानीमऊ तट बांध के भीतर बसे गांव कहारनपुरवा, पासिन टेपरा, कुर्मिन टेपरा, भौंरीकोल, बघौली, तेलवारी, इटहुवा पूरब, करोनी, सनांवा, सिरौली गुंग, कोठीडीहा, बबुरी कुंडवा इत्यादि गांवों में बाढ की स्थिति का जायजा लेने उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय अवधेश कुमार विकास मिश्रा, रामकरण अमरेश शुक्ला आदि पंहुचकर बाढ पीड़ित परिवारों को भोजन तथा बच्चों को विस्किट वितरित किया।





बेलहरी गांव से घर का छप्पर, ईंट और बाकी सामान ले जाते ग्रामीण। अमृत विचार



सुंदर नगर में टापू बना गांव। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्ष्णं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत्॥

मन, वचन और कर्म से हम लगातार जिस वस्तु के बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अत: हमें सदा शुभ चीजों का चिंतन करना चाहिए।


## संपादकीय

# धीमी रफ्तार

महिलाएं और लड़कियां दुनिया की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, लेकिन लैंगिक असमानता हर जगह बनी हुई है जो सामाजिक प्रगति में बाधा उत्पन्न करती है। लैंगिक समानता एक मौलिक मानव अधिकार है और इसे बढ़ावा देना स्वस्थ समाज के लिए ज़रूरी है। यानी शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ दुनिया के लिए आवश्यक आधार है। सोमवार को जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट दर्शाती है कि विश्व भर में, लैंगिक समानता और महिलाओं व लड़कियों की मज़बूती में प्रगति दर्ज की गई है, मगर इसकी रफ्तार बेहद धीमी है। जबकि लैंगिक समानता एक सर्वव्यापी उद्देश्य है और इसे राष्ट्रीय नीतियों, बजटों और संस्थानों का मुख्य केंद्र होना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों पर जारी डेटा के अनुसार लैंगिक समानता हासिल करने के लिए निर्धारित पांचवें टिकाऊ विकास लक्ष्य के सभी संकेतक फ़िलहाल पहुंच से दूर हैं। चिंता की बात है कि वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक 2024 के मुताबिक भारत 146 देशों में से 129 वें स्थान पर है। यह भारत को नीचे से 18वें स्थान पर रखता है। कुल मिलाकर भारत की रैंकिंग पिछले कई वर्षों से निचले 20 में बनी हुई है। राजनीतिक सशक्तीकरण आर्थिक भागीदारी एवं अवसरों के मामले में लैंगिक अंतराल सबसे ज्यादा बना हुआ है। असमानता दूर करने के लिए महिलाओं को रोज़गार के अवसरों और पूंजी तक समान पहुंच मिलनी चाहिए। भारत में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार संपत्ति में महिलाओं का समान अधिकार है परंतु पारिवारिक संपत्ति पर महिलाओं का अधिकार प्रचलन में नहीं है। इसलिए उनके साथ विभेदकारी व्यवहार किया जाता है। महिलाओं को सामाजिक और पारिवारिक रुढ़ियों के कारण विकास के कम अवसर मिलते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व का पूर्ण विकास नहीं हो पाता। लैंगिक असमानता के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र के साथ वैज्ञानिक क्षेत्र, मनोरंजन क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र और खेल क्षेत्र प्रमुख हैं।

भारतीय समाज में पितृसत्तात्मक मानसिकता जटिल रूप में व्याप्त है। हालांकि समाज की मानसिकता में धीरे-धीरे परिवर्तन आ रहा है जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर गंभीरता से विमर्श किया जा रहा है। लैंगिक समानता के मामले में देश में कुछ प्रगति हुई है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर योजना, महिला हेल्पलाइन योजना और महिला शक्ति केंद्र जैसी योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अभी भी ज्यादा काम करने की जरूरत है। लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए संगठनात्मक नीतियों में लैंगिक मुद्दों को शामिल किया जाना चाहिए।

# बाढ़ खलनायक नहीं होती



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

असम का बड़ा हिस्सा हो या पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उपजाऊ दोआब, ये सभी बाढ़ से बहकर आई मिट्टी से ही बने हैं। जब किसी नदी में तेज बहाव आता है तो साथ में आई मिट्टी में भारी मात्रा में गाद और पोषक तत्व होते हैं।

जलवायु परिवर्तन एक ऐसा कारक है, जो अचानक ही बेमौसम बहुत तेज बरसात की जड़ है और इससे सबसे ज्यादा नुकसान होता है। मौजूदा हालात में बाढ़ महज एक प्राकृतिक प्रकोप नहीं, वरदान साबित हो सकती है। पानी को स्थानीय स्तर पर रोकना, नदियों को उथला होने से बचाना, बड़े बांध पर पाबंदी, नदियों के करीबी पहाड़ों पर खुदाई पर रोक और नदियों के प्राकृतिक मार्ग से छेड़छाड़ को रोकना कुछ ऐसे सामान्य प्रयोग हैं, जोकि बाढ़ को प्रकोप बनने से बचा सकते हैं। बाढ़ को एक आपदा के रूप में देखने के बनिस्पत इसके दीर्घकालिक लाभों को विचार करना होगा। बाढ़ न केवल नदियों और उनके आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करती है, बल्कि यह प्राकृतिक संसाधनों के वितरण में संतुलन बनाए रखने में भी मदद करती है।

साल के दस महीने लाख मिन्नतों के बाद जब आसमान से जीवनदायी बरसात का आशीष मिलता है तो भारत का बड़ा हिस्सा इससे उपजी त्रासदी "बाढ़" को कोसता दिखता है। समझना होगा कि बाढ़ प्राकृतिक आपदा नहीं,बल्कि प्रकृति के पुनरुत्थान की प्रक्रिया है। दूसरा जहां बाढ़ हानि पहुंचा रही है,वहां अधिकांश स्थानों पर इसके मूल में मानवीय त्रुटियां ही हैं। नैसर्गिक बाढ़ विनाशकारी नहीं होती और उसके कुछ सकारात्मक पहलू भी होते हैं।

बाढ़ महज एक प्राकृतिक आपदा ही नहीं है,बल्कि यह देश के गंभीर पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक संकट का कारक बन गया है। हमारे पास बाढ़ से निपटने को महज राहत कार्य या यदा-कदा कुछ बांध या जलाशय निर्माण का विकल्प है, जबकि बाढ़ के विकराल होने के पीछे नदियों का उथला होना, जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गर्मी, रेत की खुदाई व शहरी प्लास्टिक व खुदाई मलवे का नदी में बढ़ना,जमीन का कटाव जैसे कई कारण दिनों-दिन गंभीर होते जा रहे हैं। आंकड़ों को पलटें तो यह सच है कि देश में हर साल बाढ़ का दायरा और उससे होने वाली हानि का दायरा बढ़ता जा रहा है,लेकिन यह भी सच है कि उसकी अनुपात में बरसात बीतते ही देश के बड़े हिस्से में पानी की कमी का भी विस्तार है।

राष्ट्रीय बाढ़ आयोग के मुताबिक भारत में तीन करोड़ 42 लाख हेक्टेयर जमीन बाढ़ प्रभावित है। जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत देश में पिछले छह दशकों के दौरान बाढ़ के कारण लगभग 4.7 लाख करोड़ का नुकसान हुआ और 1.07 लाख लोगों की मौत हुई, आठ करोड़ से अधिक मकान नष्ट हुए और 25.6 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में 109202 करोड़ रुपये मूल्य की फसलों को नुकसान पहुंचा है। इस अवधि में बाढ़ के कारण देश में 202474 करोड़ रुपये मूल्य की सड़क,पुल जैसी सार्वजनिक संपत्ति पानी में मिल गई। मंत्रालय बताता है कि बाढ़ से प्रति वर्ष औसतन 1654 लोग मारे जाते हैं, 92763 पशुओं का नुकसान होता है। लगभग 71.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र जल प्लावन से बुरी तरह प्रभावित होता है,जिसमें 1680 करोड़ रूपये मूल्य की फसलें बर्बाद हुईं और 12.40 लाख मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। हकीकत यह भी है कि बाढ़ के कारण पता चलता है कि किसी नदी का असली स्वरूप क्या है? जब नदी का पानी फैलता है तो उससे आसपास के भूजल स्रोतों का पुनर्भरण होता जाता है। भूजल स्तर में सुधार न केवल पानी का भंडार होता है,बल्कि धरती की सेहत के लिए भी अनिवार्य तत्व है।

असम का बड़ा हिस्सा हो या पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उपजाऊ दोआब,ये सभी बाढ़ से बहकर आई मिट्टी से ही बने हैं। जब किसी नदी में तेज बहाव आता है तो साथ में आई मिट्टी में भारी मात्रा में गाद और पोषक तत्व होते हैं। जब यह गाद खेतों में जमा होती है तो यह मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाती है,जिससे आगामी फसलों की पैदावार बेहतर होती है। खेती के लिए धरती के नवजीवन की यह प्रक्रिया युगों से बाढ़ के आसरे ही चल रही है। नदियों में बाढ़ के साथ मछली, कछुए और अन्य जलचरों के जीवन का विस्तार होता है। इससे जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित होता है। बाढ़ के पानी के साथ बहकर आने वाले विभिन्न पौधे और जानवर नदियों के किनारे के पारिस्थितिक तंत्र को समृद्ध करते हैं। इस तरह बाढ़ जलीय जीवों और वनस्पतियों की जैव विविधता को बनाए रखने में मदद करती है। बाढ़ यह भी याद दिलाती है कि नदी इंसान की तरह एक जीवंत संरचना है और उसकी याददाश्त है और उसके जिम्मे पृथ्वी को समयानुसार संरचित करना भी है। तभी नदियां अपने पुराने मार्गों को फिर से खोजती हैं या नए मार्ग बनाती हैं,जिससे नदी की धाराएं स्वाभाविक रूप से पुनर्निर्धारित होती हैं। यह प्रक्रिया भू-आकृतिक परिवर्तनों को निर्मित करती है, जो लंबे समय में धरती पर जीवन के तत्वों को पुष्पित-पल्लवित करने में सहायक होती है। नदियां जब अपने यौवन पर होती हैं तो अपने साथ सौभाग्य लेकर आती है। जब नदी भरती है तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पंख लगते हैं। सबसे बड़ी बात,इंसान जो भी कचरा,मलवा चुपके से नदी में डाल देता है,बाढ़ उसे साफ करती है और नदी के लिए गैरजरूरी तत्वों को किनारे पटक देती है। बाढ़ के पानी से नदियों के प्रदूषक बहकर समुद्र या अन्य जल स्रोतों में चले जाते हैं, जिससे नदी की शुद्धता और स्वच्छता में सुधार होता है।

आखिर बाढ़ खलनायक कब बनती है? एक तो नदियों के रास्ते में व्यवधान,खासकर रेत उत्खनन के लिए या फिर विभिन्न परियोजनाओं के लिए बनाए गए बांध या फिर शहरों में पुल जैसी सुविधाएं जुटाने के लिए नदी के बीचों-बीच बनाए गए खंभे या अन्य निर्माण,नदी की नाराजगी का कारण होते हैं। फिर छोटी नदियों को बुलावा देना या उन पर कब्जा,छोटी नदियों के तालाब और बड़ी नदियों से मिलन मार्ग को बाधित करना, वहां स्थाई निर्माण कर लेने आदि से भ्रम होता है कि नदी बस्ती में घुस आई, जबकि हकीकत में उस बाढ़ को इंसान ने जल धार के बीच घुसकर खुद आमंत्रित किया होता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकारण (एनडीएमए) के पूर्व सचिव नूर मोहम्मद का मानना है कि देश में समन्वित बाढ़ नियंत्रण व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया। नदियों के किनारे स्थित गांव में बाढ़ से बचाव के उपाए नहीं किए गए। आज भी गांव में बाढ़ से बचाव के लिए कोई व्यवस्थित तंत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि उन क्षेत्रों की पहचान करने की भी जरूरत है, जहां बाढ़ में गड़बड़ी की ज्यादा आशंका रहती है। आज बारिश का पानी सीधे नदियों में पहुंच जाता है। वाटर हार्वेस्टिंग की सुनियोजित व्यवस्था नहीं है ताकि बारिश का पानी जमीन में जा सके। शहरी इलाकों में नाले बंद हो गए हैं और इमारतें बन गई हैं। ऐसे में थोड़ी बारिश में शहरों में जल जमाव हो जाता है। अनेक स्थानों पर बाढ़ का कारण मानवीय हस्तक्षेप है।

जलवायु परिवर्तन एक ऐसा कारक है,जो अचानक ही बेमौसम बहुत तेज बरसात की जड़ है और इससे सबसे ज्यादा नुकसान होता है। मौजूदा हालात में बाढ़ महज एक प्राकृतिक प्रकोप नहीं, वरदान साबित हो सकती है। पानी को स्थानीय स्तर पर रोकना, नदियों को उथला होने से बचाना, बड़े बांध पर पाबंदी, नदियों के करीबी पहाड़ों पर खुदाई पर रोक और नदियों के प्राकृतिक मार्ग से छेड़छाड़ को रोकना कुछ ऐसे सामान्य प्रयोग हैं,जोकि बाढ़ को प्रकोप बनने से बचा सकते हैं। बाढ़ को एक आपदा के रूप में देखने के बनिस्पत इसके दीर्घकालिक लाभों को विचार करना होगा। बाढ़ न केवल नदियों और उनके आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करती है,बल्कि यह प्राकृतिक संसाधनों के वितरण में संतुलन बनाए रखने में भी मदद करती है। मानव सभ्यता को बाढ़ के साथ सह-अस्तित्व की रणनीतियों को अपनाने और इसके फायदों को समझने की जरूरत है ताकि प्राकृतिक आपदाओं के नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सके और इसके सकारात्मक पहलुओं का अधिकतम लाभ उठाया जा सके।

## प्रसंगवश

# श्रद्धा और दान का महत्व

कुछ लोग इस बात पर हंसते हैं कि पितरों को अर्पित श्राद्ध की वस्तुएं उन्हें कैसे मिल जा सकती हैं? गलती केवल उन्हीं की नहीं है। गलती उनकी भी है,जो पितृपक्ष में श्राद्ध के महत्व को ठीक से समझा नहीं सकते। शास्त्रों में कर्मकांड पर बहुत ध्यान दिया है,पर ज्ञानकांड की उपेक्षा की है। श्राद्ध में श्रद्धा और दान का महत्व है।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

श्रद्धा का संबंध भावनाओं से है। पितरों के लिए आदरभाव और आभार की भावना श्राद्ध का भावना पक्ष है। हम अपने भौतिक शरीर के लिए उनके आभारी हैं, क्योंकि हम आसमान से नहीं टपके। हम अपनी भौतिक समृद्धि के लिए भी उनके आभारी हैं। हम बौद्धिक विकास के लिए भी उनके आभारी हैं। वे नींव के पत्थर हैं,जो दिखते तो नहीं पर हमारा अस्तित्व उन पर कायम है। यह भावना कृत स्मर की भावना है। यह भावना आदमियत पैदा करती है। दान का भावनात्मक और आर्थिक महत्व है। छीनना, प्रतिदान और दान धन के वितरण के तीन तरीके हैं। तीनों का अंतिम फल धन का हस्तांतरण है। किंतु छीनने में शक्ति, क्रूरता, विवशता, दुख और अभिशाप का पुट है। प्रतिदान में रिसिप्रोसिटी होती है, को-ऑपरेशन होता है। यह पॉजिटिव सम को-ऑपरेटिव गेम है। इसमें भाग लेने वाले सभी पक्षों की बेहतरी होती है,किंतु इसका भौतिक पक्ष भावनात्मक पक्ष की तुलना में ज्यादा प्रभावी होता है। दान में भी भौतिक वस्तुओं का हस्तांतरण होता है, किंतु यहां प्रतिदान की भावना मुखर नहीं होती। यह देने वाले को संतोष देता है,कर्तव्य पूर्ति का भाव देता है। भौतिक वस्तुओं के हस्तांतरण की क्रिया और घटना को मल्टी डायमेंशनल समझें और इमोशनल डायमेंशन पर गौर करें। छीनने में एक पक्ष को अपनी शक्ति, दबदबे ओर रुतबे का दंभ भले ही होता हो, दूसरे पक्ष को तकलीफ होती है। यह बात प्रतिदान के केस में नहीं होती। दोनों पक्ष राजी-खुशी से हस्तांतरण करते हैं,लेकिन दान में इमोशनल डायमेंशन प्रबल होता है,जहां लेने और देने वाले अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। पितरों के श्राद्ध में इन बातों पर सोचना चाहिए।

# श्राद्ध पक्ष का धार्मिक व वैज्ञानिक महत्व



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

शरीर में आत्मा के अतिरिक्त मन और प्राण हैं। आत्मा तो कहीं नहीं जाती, वह तो सर्वव्यापक है, उसे छोड़ दें तो शरीर से जब मन को निकलना होता है तो मन प्राण के साथ निकलता है।

आश्विन मास में पड़ने वाला श्राद्ध पक्ष पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का पर्व है। मान्यता है कि इस पक्ष में पूर्वज धरा पर सूक्ष्म रूप में निवास करते हैं। साथ ही अपने संबंधियों से तर्पण व पिंडदान प्राप्त कर उन्हें सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। यह आता है महालया श्राद्ध पक्ष में। महालया पक्ष में पिंडदान व श्राद्धकर्म का विशेष महत्व है।

पितृ पक्ष के सोलह श्राद्धों का धार्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक महत्व भी है। पितृ पक्ष का वैज्ञानिक रहस्य भी है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पृथ्वी सूर्यमंडल के निकट रहती है। इसलिए श्राद्धकर्ताओं द्वारा किए गए सभी तर्पण आदि सर्वप्रथम सूर्यमंडल पर पहुंचते हैं। आत्मा कभी न नष्ट होने वाली ऊर्जा है, जो केवल मोक्ष प्राप्त होने पर ईश्वर की अनंत ऊर्जा में समाहित हो जाती है। विज्ञान के अनुसार उर्जा हमेशा संरक्षित रहती है, यह एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित हो जाती है। इसीलिए धर्मशास्त्र में कहा गया है,मृत्यु अंत नहीं प्रारंभ है। जीवित और मृत भेद मात्र स्थूल जगत तक ही सीमित रहता है,सूक्ष्म जगत में सभी जीवित हैं। प्रत्येक शिशु का जुड़ाव उसके पूर्वजों से बना रहता है।

क्रोमोसोम्स के माध्यम से वैज्ञानिकों ने प्रमाणित किया है कि नवजात शिशु में कुछ गुण दादा व परदादा के व कुछ गुण नानामह व नाना के समाहित रहते हैं। जैनैटिक साइंस पर शोधकर्ताओं के अनुसार आज भी हम अपने पूर्वजों से जुड़े हुए है, पितरों के डीएनए का विस्तार ही हमारा अस्तित्व है। वैज्ञानिकों ने पितरों के सूक्ष्म शरीर को 'एक्टोप्लाज्म' की संज्ञा दी है। पितरों के निमित्त श्राद्ध आदि कर्म करने से पितरों के साथ-साथ स्वयं का भी कल्याण होता है। श्राद्ध आत्मा के गमन जिसे संस्कृत में प्रैति कहते हैं, से जुड़ा हुआ है। प्रैति ही बाद में बोलचाल में प्रेत बन गया। यह कोई भूत-प्रेत वाली बात नहीं है।

शरीर में आत्मा के अतिरिक्त मन और प्राण हैं। आत्मा तो कहीं नहीं जाती, वह तो सर्वव्यापक है, उसे छोड़ दें तो शरीर से जब मन को निकलना होता है तो मन प्राण के साथ निकलता है। प्राण मन को लेकर निकलता है। प्राण जब निकल जाता है तो शरीर को जीवात्मा को मोह रहता है। इसके कारण वह शरीर के इर्द-गिर्द ही घूमता है, कहीं जाता नहीं। शरीर को जब नष्ट किया जाता है, उस समय प्राण मन को लेकर चलता है। मन कहां से आता है? कहा गया है चंद्रमा मनसः लीयते यानी मन चंद्रमा से आता है। यह भी कहा है कि चंद्रमा मनसो जातः यानी मन ही चंद्रमा का कारक है। मन का जुड़ाव चंद्रमा से है। इसलिए हृदयाघात जैसी समस्याएं पूर्णिमा के दिन अधिक होती हैं। चंद्रमा वनस्पति का भी कारक है। रात को चंद्रमा के कारण वनस्पतियों की वृद्धि अधिक होती है। दाह संस्कार के समय चंद्रमा जिस नक्षत्र में होगा, मन उसी ओर अग्रसर होगा। प्राण मन को उस ओर ले जाएगा। चूंकि 27 दिनों के अपने चक्र में चंद्रमा 27 नक्षत्र में घूमता है, इसलिए चंद्रमा घूमकर अठाइसवें दिन फिर से उसी नक्षत्र में आ जाता है। मन की यह 28 दिन की यात्रा होती है। इन 28 दिनों तक मन की ऊर्जा को बनाए रखने के लिए श्राद्धों की व्यवस्था की गई है। हम जिस समय पितृपक्ष मनाते हैं,उस समय चंद्रमा पृथ्वी के सर्वाधिक निकट रहता है। इसलिए कहा जाता है कि पितर हमारे निकट आ जाते हैं।

शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है विभु अर्थात चंद्रमा के दूसरे हिस्से में पितरों का निवास है। चंद्रमा का एक पक्ष हमारे सामने होता है जिसे हम देखते हैं,परंतु चंद्रमा का दूसरा पक्ष हम कभी देख नहीं पाते। इस समय चंद्रमा दक्षिण दिशा में होता है। दक्षिण दिशा को यम का घर माना गया है। आज हम यदि आकाश को देखें तो दक्षिण दिशा में दो बड़े सूर्य हैं,जिनसे विकिरण निकलता रहता है। हमारे ऋषियों ने उसे श्वान प्राण से चिह्नित किया है। शास्त्रों में इनका उल्लेख लघु श्वान और वृहद श्वान के नाम से हैं। इसका उल्लेख अथर्ववेद में भी आता है। वहां कहा है श्यामश्च त्वा न सबलश्च प्रेषितौ यमश्च यौ पथिरक्षु श्वान। अथर्ववेद 8/1/19 के इस मंत्र में इन्हीं दोनों सूर्यों की चर्चा की गई है। श्राद्ध में हम एक प्रकार से उसे ही हवि देते हैं कि पितरों को उनके विकिरणों से कष्ट न हो। इस प्रकार से देखा जाए तो पितृपक्ष और श्राद्ध में हम न केवल अपने पितरों का श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहे हैं, बल्कि पूरा खगोलशास्त्र भी समझ ले रहे हैं। श्रद्धा और विज्ञान का यह एक अद्भुत मेल है, जो हमारे ऋषियों द्वारा बनाया गया है। इसके महत्व का वर्णन पुराणों में भी वर्णन मिलता है।

## सोशल फोरम

# कुछ भी अपरिहार्य नहीं

पाउलो कोएल्हो एक ब्राजीलियन कवि एवं उपन्यासकार हैं। उनका एक कथन मुझे अच्छा लगा। उसका अनुवाद प्रस्तुत कर रहा हूं। "साइकल बंद करनाः जब एक चरण समाप्त होता है तो हमें यह पता होना चाहिए। अगर हम आवश्यक समय से अधिक समय तक उसके रहने पर जोर देते हैं तो हम दूसरे चरणों के सुख और अर्थ खो देते हैं, जिनसे हम गुजरना होता है।




शरद कोकाश
कवि

चक्र बंद करना, दरवाजे बंद करना, अध्याय समाप्त करना आप इसे जो भी नाम दें यह महत्वपूर्ण है कि जीवन के उन पलों को बीते हुए समय में छोड़ दें,जो समाप्त हो गए हैं। आप सोचते रह सकते हैं कि ऐसा क्यों हुआ? चीजें बीत जाती हैं और हम सबसे अच्छा यही काम कर सकते हैं कि उन्हें वास्तव में बीत जाने दें, लेकिन स्मृतियों को नष्ट करना,चले जाने देना, अनाथालयों को बहुत सारी चीजें दे देना, अपने घर में मौजूद किताबों को बेचना या दान करना। यही कारण है कि यह इतना महत्वपूर्ण है (चाहे कितना भी दर्द हो!) इस दृश्यमान दुनिया में सब कुछ अदृश्य दुनिया की अभिव्यक्ति है, हमारे दिल में जो हो रहा है और कुछ यादों को भी जाने देने का मतलब है कि दूसरी यादों के लिए जगह बनाना। चीजों को जाने दो। उन्हें छोड़ दो। उनसे अलग हो जाओ। टीवी पर उसी कार्यक्रम को बार-बार देखना बंद कर दें,जो आपको दिखाता है कि आपने किसी नुकसान से कितना कुछ सहा है। यह सिर्फ आपको जहर दे रहा है और कुछ नहीं। एक नए अध्याय की शुरुआत से पहले,पुराने को समाप्त करना होता है। खुद को बताएं कि जो बीत गया है,वह कभी वापस नहीं आएगा।

याद रखें,आपके जीवन में ऐसा समय था जब आप उस चीज या उस व्यक्ति के बिना जी सकते थे मतलब कुछ भी अपरिहार्य नहीं है। एक आदत एक जरूरत नहीं है। यह इतना स्पष्ट लग सकता है, यह मुश्किल भी हो सकता है,लेकिन यह बहुत महत्वपूर्ण है। अतः चक्र बंद करना गर्व, असमर्थता या अहंकार के कारण नहीं,बल्कि सिंपली इसलिए है कि वह अब आपके जीवन में फिट नहीं बैठता है।"

-फेसबुक वॉल से

# नैनीताल में 144 वर्ष पहले हुआ था प्रलयकारी भू-स्खलन



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

इस हादसे से महज एक साल पहले सेंट-लू पहाड़ी में बने आलीशान राजभवन की सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश सरकार बेहद चिंतित थी। ब्रिटिश सरकार को हर हाल में इस नव निर्मित राजभवन की सुरक्षा करनी थी।

18 सितंबर,1880 को नैनीताल में हुए प्रलयकारी भू-स्खलन की आज 144 वीं बरसी है। शेर-का-डांडा पहाड़ी में हुए इस विनाशकारी भू-स्खलन ने कुछ ही पलों में नैनीताल का भौगोलिक मानचित्र ही बदल दिया था। इस हादसे में 108 हिंदुस्तानियों और 43 यूरोपियन समेत कुल 151 लोग मारे गए थे। बचाव कार्यों के दौरान कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर सर हैनरी रैमजे खुद कमर तक मलबे में धंस गए थे। भू-स्खलन में पच्चीस लाख रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई थी।

भू-स्खलन ने कैप्टन हैरिस का आलीशान विक्टोरिया होटल और इसके आसपास स्थित सभी घरों को नेस्तनाबूद कर दिया था। मालरोड के समीप स्थित 'बेल शॉप' नामक दुकान और मां नयना देवी का मंदिर भी भू-स्खलन की चपेट में आ गए थे। असेंबली रूम्स (वर्तमान कैपिटल सिनेमा) का एक हिस्सा झील में समा गया था और शेष बचा हुआ हिस्सा मलबे में दफन हो गया था। पलक झपकते ही झील का एक हिस्सा मैदान में तब्दील हो गया था। 1880 तक नैनीताल फलता -फूलता और सर्व सुविधा संपन्न एक खुशहाल नगर बन चुका था। तब यहां की आबादी 10.054 हो गई थी,जिसमें 2.957 महिलाएं और 7.097 पुरुष थे। अंग्रेज नैनीताल के मौसम और यहां की स्वास्थ्यवर्धक जलवायु से अभिभूत थे। ब्रिटिश हुक्मरान यहां के पारिस्थितिक तंत्र से छेड़छाड़ से हासिल खूबियों के लुत्फ उठाने की कीमत से अंजान थे। भू-स्खलन की इस त्रासदी ने न केवल अंग्रेजी शासकों के होश उड़ा दिए,बल्कि उन्हें भीतर तक हिला कर रख दिया था। इस भू-स्खलन के बाद औपनिवेशिक सरकार नैनीताल की पहाड़ियों की सुरक्षा को लेकर बेहद संवेदनशील हो गई थी। हादसे के चौथे दिन 22 सितंबर, 1880 को नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर ने शेर-का-डांडा पहाड़ी की जांच के लिए कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर सर हैनरी रैमजे की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी बना दी थी। इसके बाद भारत के भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के उप अधीक्षक मिस्टर डब्ल्यू. थियोबॉल्ड ने प्रभावित पहाड़ी की जांच की। इसी साल भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के वैज्ञानिक आरडी ओल्डहैम की अध्यक्षता में इंजीनियरों की एक जांच कमेटी बनी। इसके अलावा सेना की ओर से दो कोर्ट ऑफ इंक्वायरी बैठाई गई। विशेष सिविल अधिकारी ने सरकार को अलग से अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी।

नगर पालिका के तत्कालीन सदस्य एवं भू-विज्ञानी फ्रैडिक एडवर्ड जॉर्ज मैथ्यूज ने भी शेर-का-डांडा पहाड़ी की सुरक्षा की जांच की थी,मैथ्यूज की जांच रिपोर्ट 1882 में प्रकाशित हुई। विशेषज्ञों की रिपोर्ट के आधार पर शेर-का-डांडा की पूरी पहाड़ी को किसी भी प्रकार के निर्माण के लिए निषेद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया गया। पहाड़ी में बने असुरक्षित भवनों को तोड़ने के आदेश जारी कर दिए गए। इस आदेश के क्रम में मशहूर शिकारी एवं शिकार कथाओं के लेखक जिम कॉर्बेट के पिता क्रिस्टोफर विलियम कॉर्बेट ने इस पहाड़ी में स्थित अपने दो मंजिला भवन एवं कॉटेज को तोड़ दिया था। इस हादसे के बाद नैनीताल में वैज्ञानिक आधार पर एक नया नायाब नालातंत्र विकसित किया गया। 1880 से 1928 के दौरान समूचे नैनीताल को 69 बड़े और 234 ब्रांच नालों के जाल में लपेट दिया गया था। सबसे अधिक ब्रांच नाले इसी पहाड़ी में बनाए गए। आज इनमें से अधिकांश ब्रांच नालों का वजूद खत्म हो गया है।

इस हादसे से महज एक साल पहले सेंट-लू पहाड़ी में बने आलीशान राजभवन की सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश सरकार बेहद चिंतित थी। ब्रिटिश सरकार को हर हाल में इस नव निर्मित राजभवन की सुरक्षा करनी थी। चूंकि राजभवन साम्राज्यवादी सत्ता के वैभव और शक्तिशाली सामर्थ्य का प्रतीक था। लिहाजा भू-स्खलन के बाद इस पहाड़ी की सुरक्षा के मद्देनजर विषय विशेषज्ञों की अनेक उच्चस्तरीय जांच कमेटियां बनी। 1895 में सर एंटोनी पैट्रिक मैक्डॉनल, नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस के लेफ्टिनेंट गवर्नर बने। उनके कार्यभार संभालते ही सेंट-लू के राजभवन को खाली कर दिया गया। डायोसेजन बॉयज स्कूल (शेरवुड कॉलेज) को अस्थायी राजभवन बना दिया गया। इस भू-स्खलन के बाद इस क्षेत्र में तैनात किए गए विशेष सिविल अधिकारी मिस्टर एचसी कोनीबीयरे (ई.एस.क्यू.सी.एस. द्वारा 11 अक्टूबर, 1880 को नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस एंड अवध के सचिव को भेजी एक विस्तृत रिपोर्ट के अंतिम हिस्से में यह मार्मिक टिप्पणी लिखी थीः "यह सत्य है कि नगर के सीमित हिस्से में कुछ शव अभी भी नुकीली चट्टानों व पत्थरों के नीचे दबे हैं,पर यह तर्क शायद ही लोगों को कब्रगाह के करीब मकान लेने से रोके। रणभूमि के निकट गांव वीर योद्धाओं के शवों से कभी खाली नहीं हुए। नैनी झील के इर्दगिर्द वीर एवं श्रेष्ठ लोग समाए। यह सुंदर भूमि उनका घर है, जो मौत से भी निडर रहे, बिना उलाहना के।"

1880 के भू-स्खलन के बाद ब्रिटिश सरकार ने नैनीताल की संवेदनशील पहाड़ियों एवं झील की सुरक्षा के दीर्घकालिक उपाय सुझाने के लिए अनेक विशेषज्ञ कमेटियां बनाईं। विषय विशेषज्ञों की सलाह के मद्देनजर ब्रिटिश सरकार ने नैनीताल नगर को निर्माण के लिए सुरक्षित एवं असुरक्षित, दो क्षेत्रों में विभक्त कर दिया। भू-स्खलन के लिहाज से नाजुक एवं संवेदनशील क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के निर्माण कार्यों पर सख्त पाबंदी लगा दी गई। शेर-का-डांडा पहाड़ी को निर्माण के लिए असुरक्षित घोषित कर दिया गया। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान शेर-का-डांडा पहाड़ी समेत निर्माण निषेद्ध क्षेत्रों में नए निर्माण कार्य नहीं के बराबर हुए। स्वतंत्रता के बाद के करीब दो दशकों तक ब्रिटिशकालीन व्यवस्थाएं कायम रहीं। कालांतर में निर्माण के लिए सुरक्षित एवं असुरक्षित की सीमा रेखा खत्म होती चली गई। सरकार ने खुद इस नियम का उल्लंघन किया। शेर-का-डांडा पहाड़ी में जहां 1880 के भू-स्खलन ने भीषण तबाही मचाई थी,ब्रिटिश शासन काल में उस पहाड़ी में निर्माण तो दूर घास काटने और फुलवारी बनाने की भी मनाही थी,सरकार ने उसी कमजोर पहाड़ी में 1985 में भारी-भरकम रोप-वे बना दिया। नैनीताल नगर में विगत चार दशकों में सर्वाधिक निर्माण कार्य इसी संवेदनशील पहाड़ी में हुए हैं और हो रहे हैं।

# बाजारवाद का मतलब पैसा

बाजारवाद का मतलब पैसा और पैसा। बाजारवाद सिखाता है कि गरीब आदमी और प्रकृति कच्चा माल है और अमीर आदमी उपभोक्ता है। मनुष्य का मनुष्य से कोई नाता है तो पैसे के कारण और प्रकृति से नाता है तो पैसे के लिए। ग्लोबलाइजेशन का जमाना है, विश्व बाजार का यही वैश्विक दृष्टिकोण है। इस दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष अध्ययन करना है तो कोई शोधार्थी किसी अस्पताल के व्यवहार से इसकी शुरुआत कर सकता है। चिकित्सा का आधार ही करुणा है, लेकिन आपको ग्लोबलाइजेशन का अर्थ यहीं से समझ में आने लगेगा। फिर शोधार्थी प्राथमिक विद्यालय में जाकर अनुसंधान करे,जो मानवता का आधार हैं। माध्यमिक विद्यालय में जाए फिर विश्वविद्यालय में जाए।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ग्लोबलाइजेशन अर्थात मनुष्य और प्रकृति का संबंध-न नदी से नाता है, न धरती से,न पर्यावरण से,न सूरज से, न चंदा से! मनुष्य और मनुष्य के बीच संबंध ऐसा है कि पड़ोस की खबर नहीं, नितांत व्यक्तिनिष्ठ। लोग गरीब और निर्बल की बात करते जरूर हैं,अपने को गरीब और निर्बल का सबसे बड़ा हिमायती भी सिद्ध कर देते हैं,किंतु कुल मिलाकर जो परिदृश्य है,उसमें सबल और धनवान का हित ही सर्वोपरि होता जा रहा है। गरीब और निर्बल की गर्दन पर सबल और धनवान का पंजा कसता चला जा रहा है। गरीब और निर्बल तिनका के सहारे हैं, विवश हैं,लेकिन कोलाहल या हल्ला इतना है कि सामान्य-जन गरीब और निर्बल की कराह सुन नहीं पा रहे हैं।

## एक नजर

### तीन आईपीएस, दो पीपीएस का स्थानांतरण

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने मंगलवार को तीन आईपीएस और दो पीपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया। 2021 बैच की आईपीएस अंशिका वर्मा सहायक पुलिस अधीक्षक गोरखपुर से प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) बरेली बनाया गया है। 2020 के आईपीएस मानुष पारिक को अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) बरेली को पुलिस अधीक्षक नगर बरेली बनाया गया है। 2021 बैच के कुंवर आकाश सिंह सहायक पुलिस अधीक्षक मथुरा से स्थानांतरित कर प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद बनाया गया है। उधर, पीपीएस अधिकारियों में एएसपी सुल्तानपुर को एएसपी चुनाव प्रकोष्ठ मुख्यालय बनाया गया है जबकि अखंड प्रताप सिंह को एएसपी चुनाव प्रकोष्ठ से एएसपी सुल्तानपुर बनाया गया है।

### अयोध्या, काशी और मथुरा में शुरू होगा वाटर स्पोर्ट्स

अमृत विचार, लखनऊ : गोवा और केरल की तर्ज पर उप्र. में भी जल भ्रमण की सुविधा मिलेगी। पर्यटन विभाग ने अयोध्या, काशी और मथुरा में ओपेन कैटामारन बोट संचालन का निर्णय लिया है। इसके लिए उप्र. राज्य पर्यटन निगम ने भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) को पत्र लिखकर तैयारी शुरू कर दी है। जलमार्ग प्राधिकरण छह कैटामारन बोट उपलब्ध करायेगा। यह जानकारी मंगलवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या, काशी, मथुरा में दो-दो बोट का संचालित होंगी। जलमार्ग प्राधिकरण ने राज्य पर्यटन निगम को पिछले महीने अयोध्या और काशी में कैटामारन, प्रयागराज में इलेक्ट्रिक बोट हैंडओवर किया था। प्रयागराज में दो मिनी क्रूज बोट में 30-30 लोगों व छह मोटर बोट में चार पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था है। पर्यटन निगम के द्वारा बरसात के बाद इन सभी का संचालन शुरू किया जाएगा।

### बच्चों को लगाए जाएंगे डिप्थीरिया-टिटेनस के टीके

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य में 42 जिलों के चयनित ब्लॉक में अभियान चलाकर विद्यालयों में बच्चों को टिटेनस और डिप्थीरिया (टीडी) व डिप्थीरिया, परट्युसिस तथा टिटेनस (डीपीटी) के टीके लगाए जाएं| यह निर्देश, परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल ने सभी जिलों के जिला प्रतिरक्षण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ मिलकर विद्यालयों में टीकाकरण की कार्ययोजना तैयार कर लें।

# स्वास्थ्य विभाग को देनी होगी पीएमएसएच चिकित्सकों की दूसरी सूची

## पहली सूची पर उठे थे सवाल, अयोग्य चिकित्सक थे शामिल, नीट पीजी काउंसिलिंग में शामिल करने के लिए मांगी गई अंतिम सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार : खबर का असर**

अमृत विचार : चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नीट पीजी काउंसिलिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा भेजी गयी प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग (पीएमएसएच) के अभ्यर्थियों की सूची निरस्त करते हुए, 18 सितंबर बुधवार तक दूसरी सूची मांगी है।

नई सूची में शामिल एमबीबीएस चिकित्सकों को विशेषज्ञ बनने के लिए परास्नातक (एमडी, एमएस, डिप्लोमा व डीएनबी) में दाखिला लेने का अवसर मिलेगा। यह कार्रवाई मंगलवार को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा हि.दै.अमृत विचार में, 'पीएमएसएच डॉक्टरों की सुची पर शुचिता पर उठे सवाल' शीर्षक से 8 सितंबर 2024 को प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर की गई है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग से नीट पीजी में शामिल एमबीबीएस चिकित्सकों की दूसरी मांगी है। यह सूची नेशनल इलीजिबीलिटी-कम-इंट्रेन्सटेस्ट (एनईईटी) द्वारा मेरिट सूची के आधार पर, उत्तीर्ण चिकित्सकों को राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध भारांक देने के बाद तैयार की जायेगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्वास्थ्य विभाग को स्पष्ट कर दिया है कि दूसरी सूची ही अंतिम सूची होगी, इसमें शामिल चिकित्सकों को काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।


नीट पीजी — अधिक रैंक वाले अनुत्तीर्ण चिकित्सकों को मेरिट सूची में शामिल करने का आरोप
पीएमएसएच के डॉक्टरों की जारी सूची की शुचिता पर उठे सवाल

### यह है मामला

राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र स्थित अस्पतालों में एक से तीन साल तक सेवाएं देने वाले पीएमएसएच चिकित्सकों को पीजी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के लिए भारांक दिया जाता है। एक साल में 10 प्रतिशत और दो साल में 20 व तीन साल में 30 प्रतिशत का भारांक, नीट परीक्षा में प्राप्त अंक में जोड़कर मेरिट सूची तैयार की जाती है। पूर्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा भेजी गई सूची में चिकित्सकों को भारांक देकर शामिल किए जाने का आरोप लगा था जो कट ऑफ लिस्ट में नहीं थे।

# अपराधियों में भी जाति देख रहे हैं अखिलेश : भूपेंद्र सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, जनता जान चुकी है संविधान को सूली पर टांगने वाले विपक्षी गठबंधन का झूठ


अमृत विचार: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा है कि हर चीज में जाति देखने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपराधियों में भी जाति देख रहे हैं। ये लोग जातिवादी मुद्दों को हवा देते हैं। प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार, विपक्ष के विभेदकारी और संविधान विरोधी नैरेटिव को देश की जनता ने नकार दिया है। इमरजेंसी लगाकर संविधान को सूली पर टांगने वाली कांग्रेस और इंडी गठबंधन का झूठ जनता जान चुकी है, उसे मोदी और उनके कामों पर भरोसा है।

भूपेंद्र चौधरी ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए केन्द्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर पत्रकारों से उपलब्धियां साझा कीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस उत्तर प्रदेश के लोगों को धर्म, जाति व भाषा के आधार पर बांटकर राजनीति करना चाहती हैं। प्रदेश की जनता इन दलों के झांसे में नहीं आने वाली है।

भूपेन्द्र चौधरी ने कहा, भाजपा की सरकार निष्पक्ष रहते हुए बिना किसी भेदभाव के अपना काम कर रही है। भाजपा ने अपराधमुक्त सरकार का वादा किया था। अब भाजपा जब अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है तो अखिलेश यादव को तकलीफ हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार दलितों, वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने, संवैधानिक अधिकार, सामाजिक न्याय और सभी को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

### 100 दिन में 15 लाख करोड़ की योजनाएं शुरू कीं

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, अपने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में मोदी सरकार ने 15 लाख करोड़ की योजनाएं शुरू की है, टैक्स राहत दी और किसानों के खाते में तीन लाख करोड़ रुपये पहुंचाने का काम किया है। आज देश की आंतरिक सुरक्षा और बाहरी सुरक्षा मजबूत है। हमारी इकोनामी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। 60 साल बाद देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्ज्वल है।


भूपेंद्र सिंह चौधरी

# युवा उद्यमियों के लिए नई लोन स्कीम जल्द : योगी

**05** लाख रुपये का ऋण मिलेगा पहले चरण में

**10** लाख रुपये का ऋण मिलेगा दूसरे चरण में

## मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा दिवस पर किया ऐलान, एमएसएमई इकाइयों को वितरित किया 50 हजार करोड़ का ऋण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ श्रम सम्मान, ओडीओपी समेत विभिन्न कारीगरों व हस्तशिल्पियों को दिए टूलकिट

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्वकर्मा दिवस पर ऐलान किया कि युवा उद्यमियों के लिए एक नई स्कीम आने जा रही है। पहले चरण में पांच लाख और दूसरे चरण में 10 लाख का लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत कुल 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एमएसएमई इकाइयों को 50 हजार करोड़ का ऋण, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, ओडीओपी समेत विभिन्न कारीगरों व हस्तशिल्पियों टूलकिट वितरण कार्यक्रम में कहा कि 40 करोड़ के मिले निवेश से प्रदेश जल्द ही पहले नंबर की अर्थव्यवस्था बनेगा। इससे हर खेत में पानी, हर हाथ को रोजगार और हर बेटी को सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो जैसे आयोजन प्रदेश के अलग अलग कमीश्नरी स्तर पर भी होने चाहिए। उन्होंने कहा कि यूनिटी मॉल के कार्यक्रम को तेजी से बढ़ाना है तथा टेक्सटाइल पार्क, फ्लैटेड फैक्ट्री व 11 प्लेज पार्क की स्कीम को भी स्थापित करना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे ही नवाचार होने चाहिए, विभाग लकीर का फकीर नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का जो युवा पहले रोजगार के लिए भागता था, आज उसे अपने जनपद में ही अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। इसमें बैंकर्स की भी बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि राज्य का पैसा विकास व युवाओं के रोजगार के लिए खर्च हो रहा है। ओडीओपी के अंतर्गत कोई भी उद्यम लगाएगा तो 1000 दिन तक एनओसी की आवश्यकता नहीं है। हमने व्यवस्था की कि जो भी इस प्रकार के उद्योग लगेंगे वह एमएसएमई में रजिस्ट्रेशन कराएं और उसे पांच लाख रुपए की सुरक्षा बीमा का कवर देंगे। साथ ही, स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए अगले 10 वर्षों में 10 लाख युवाओं को ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराने की बात भी कही।

कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, प्रमुख सचिव (एमएसएमई) आलोक कुमार, सचिव प्रांजल यादव, आयुक्त एवं निदेशक वी.के पांडियन, एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक शरद चांडक आदि शामिल रहे। योगी को बजरंग बली की मूर्ति देकर सम्मानित किया गया। आयोजन मे विश्वकर्मा श्रम सम्मान को लेकर एक शार्ट फिल्म भी दिखाई गई।


लखनऊ में हस्तशिल्पियों व कारीगरों को टूलकिट वितरित करते मुख्यमंत्री योगी। साथ में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

### 'नए भारत' के शिल्पी हैं प्रधानमंत्री मोदी

योगी ने कहा कि आज विश्वकर्मा दिवस व अनंत चतुर्दशी है और नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। उनके अनुसार, यह मेरे लिए महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में शुरू की गई योजनाएं लाखों लोगों को लाभ पहुंचाने के साथ ही आय बढ़ाने का माध्यम बन रही है।

### हर जनपद में होना चाहिए टूलकिट वितरण कार्यक्रम

योगी ने कहा कि टूलकिट वितरण कार्यक्रम हर जिले में होना चाहिए। इसके लिए टाइम टेबल तय होना चाहिए। एक वर्ष के अंदर पूरे प्रदेश के हर जनपद के कारीगरों को प्रशिक्षण देने के साथ, कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर बने, पीपीपी मोड से अवगत कराएं और उसकी ब्रांडिंग को लेकर ट्रेनिंग दें। उन्होंने प्रतिदिन हस्तशिल्पियों को मानदेय देने का सुझाव दिया और फिर बड़े स्तर पर लोन मेला आयोजित कराकर लोन देने की अनुशंसा की जिसमें गारंटी सरकार की होगी।

## नहीं मिला मनरेगा कर्मियों को वेतन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ, बरेली, बदायूं, कानपुर, वाराणसी, सहारनपुर समेत 40 जिलों में संविदा और आउटसोर्स पर तैनात मनरेगा कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। किसी का अप्रैल तो किसी का जून से बकाया है।

उप्र ग्राम रोजगार सेवक संघ अध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला व ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, लेखा सहायक, तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर व ग्राम रोजगार सेवक समेत करीब 42 हजार कर्मचारी प्रभावित हैं। वे आर्थिक संकट से जूझ रहे है।

# मेरठ में कालीन कारोबारी के ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मेरठ के चर्चित कालीन कारोबारी एवं निर्यातक जितेंद्र गुप्ता के आवास सहित चार ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने मंगलवार को एक साथ छापा मारा। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि फैक्ट्री संचालक के साकेत स्थित घर, परतापुर स्थित कालीन फैक्ट्री, रेलवे रोड स्थित बर्फ की फैक्ट्री और शीतगृह पर छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान क्या-क्या मिला, इसका खुलासा भी ईडी अधिकारियों ने नहीं किया है।

बता दें कि जितेंद्र गुप्ता 2014 में प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान में 9 रत्नों में शामिल रहे थे। प्रधानमंत्री ने उनसे अपने आवास पर मुलाकात की थी। उन्होंने मेरठ के ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों खर्च करके चार हजार से ज्यादा शौचालय बनवाने में मदद की थी। सीएम योगी ने इन्हें दो अक्टूबर 2019 में स्वच्छता ही सेवा सम्मान के लिए लखनऊ में सम्मानित किया था।

# योजनाओं में फंसे पशु चिकित्सक 2 :30 बजे के बाद इलाज मुश्किल

**अमृत विचार एक्सक्लूसिव**

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के पशुचिकित्सक योजनाओं से दबे हुए हैं। अस्पतालों पर स्टॉफ की भारी कमी है। इस वजह से ज्यादातर चिकित्सकों के पास सरकारी उपचार के अलावा गाइडलाइन के मुताबिक दोपहर 2:30 बजे के बाद निजी प्रैक्टिस करने का समय नहीं है।

सरकारी अस्पताल का समय सुबह 8 से दोपहर 2:30 बजे तक है। जबकि ज्यादातर समय अन्य कार्यों में बाहर रहते हैं। आकस्मिक स्थिति में भी अस्पताल व क्षेत्रों में कम पहुंचते हैं। चिकित्सक दोपहर 2:30 बजे के बाद नॉन प्रैक्टिस एलाउंस न मिलने पर निजी प्रैक्टिस भी कम करते हैं। ऐसी स्थिति में अक्सर सेवा प्रभावित होने पर पशुओं को आकस्मिक स्थिति में उपचार नहीं मिलता है। निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि जो भी विभागीय कार्य हैं वह चिकित्सक करते हैं। किसी तरह की समस्या नहीं है।

### 1962 सेवा लाचार

ज्यादातर सरकारी अस्पताल दोपहर 2 :30 बजे के बाद बंद हो जाते हैं। जबकि आकस्मिक स्थिति में चिकित्सकों की ड्यूटी 24 घंटे रहती है। निजी प्रैक्टिस करने के साथ अस्पताल से 12 किमी के दायरे में ही रहना होता है। आकस्मिक स्थिति के लिए 1962 सेवा मोबाइल वेटरनरी यूनिट संचालित है। जो लापरवाही के कारण पशुओं के उपचार में खरी साबित नहीं हुई है।

### अस्पताल नहीं हो पाए नॉन प्लान

प्रदेश में प्लान और नॉन प्लान पशु अस्पताल हैं। चिकित्सक, सेवाएं व कार्य एक जैसे हैं। फिर भी प्लॉन के अस्पतालों में चिकित्सकों को वेतन समय पर नहीं मिलता है। ऐसे अस्पताल नॉन प्लान नहीं हो पाए हैं। जबकि यह प्रक्रिया कई साल से चल रही है। वहीं, प्रदेश के ज्यादातर अस्पतालों में स्टॉफ की भारी कमी है।

# तीन राज्यों के आधे से अधिक युवक साइबर अपराध की जद में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के कई गांव के युवक अपराध में शामिल, सौ अधिक गिरोह का हो चुका है खुलासा

अमृत विचार: साइबर क्राइम के ज्यादातर गिरोह बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में सक्रिय है। इन तीनों राज्यों के आधे से अधिक युवक साइबर अपराध के जद में आ रहे हैं। कई ऐसे गांव हैं जहां के सारे युवक साइबर अपराध में जुटे हैं। सौ से अधिक गिरोहों का खुलासा हो चुका है और सैकड़ों जेल जा चुके हैं लेकिन अपराध पर अंकुश नहीं लग रहा है। लगतार नए गिरोह तैयार हो रहे हैं।

साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक ऑन लाइन क्रेडिट लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर ठगी करने में जहानाबाद, नालंदा, जामताड़ा, गिरीडीह व वेस्ट बंगाल क्षेत्र के लोग इसमें शामिल हैं। साइबर ठगी के पैसे इनके बैंक खातों में गए हैं। यहां के ठगों की ओर से ढाबे व चाय की दुकान पर काम करने वालों के नाम पर बैंक खाता खुलवाकर उसे मात्र 5 से 10 हजार रुपये में खरीद लिया जाता है।

### 10 साल में 14 हजार गिरफ्तार

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार साइबर अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश 2011 में छठवें स्थान पर था। वर्ष 2021 में 8829 मामले दर्ज हुए तो प्रदेश दूसरे स्थान पर पहुंच गया। इस दौरान करीब 14 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, 34 हजार मामलों में आरोप पत्र दाखिल किए गए।

### 49 माह में दर्ज हुए 48973 मामले

पिछले 4 साल 7 माह में प्रदेश कुल 48973 मामले दर्ज किए गए है। आंकड़े बताते हैं 2020 में 11097, 2021 में 8829, 2022 में 10117, 2023 में 11997 और 2024 में 31 जुलाई तक कुल 6933 मामले दर्ज किए गए।

## वर्ग पहेली-195

**बाएं से दाएं**

3. 1. अभियोग लगाना, मुकदमा चलाना 2. भली प्रकार जोड़ने या लगाने की क्रिया।

5. 1. बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कहा हुआ 2. अविश्वसनीय।

6. 1. जवान, नौजवान 2. वह अवस्था जब आदमी की आयु अठारह वर्ष से तीस वर्ष के बीच होती है 3. तरुण।

7. 1. एक प्रकार की आतिशबाज़ी 2. नदी या जलाशय के पास की वह छोटी इमारत जिसमें बैठकर चांदनी रात का आनंद लेते हैं 3. चकोतरा नीबू।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. शोभा या सौंदर्य बढ़ाने वाला, शोभायुक्त 2. सजा हुआ; सज्जित 3. विराजमान।

2. 1. राजनीति से संबंधित 2. सियासी 3. प्रशासनिक।

4. 1. मथने की क्रिया या भाव 2. वह मटका जिसमें दही मथा जाता है, मथनिया 3. मथानी, रई।

5. अपमान करने वाला।



### वर्ग पहेली -194 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चाँ | 2 टा | | 3 उ | | 4 झीं |
| | ल | | प | | क |
| 5 चु | | 6 ड | ह | 7 क | ना |
| 8 ह | की | क | त | न | |
| ल | | | | 9 क | हीं |
| 10 बा | धि | त | | ना | |
| ज़ी | | | | ना | |

## सुडोकू-108

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | 4 | 3 | |
| 5 | | | | | 7 | | 1 | |
| 2 | | 4 | | 9 | | | 6 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 | 5 | 6 |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| 7 | 5 | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 9 | | | 2 | | 3 | | 8 |
| | 6 | | 3 | | | | | 1 |
| | 7 | 1 | | | 5 | | | |

### सुडोकू - 107 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 |
| 5 | 2 | 8 | 1 | 4 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 8 | 2 | 1 | 3 | 4 |
| 8 | 7 | 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 08.04 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 19 सितंबर 04.19 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष** – आज जॉब में अचानक स्थान-परिवर्तन से परेशान होंगे। छोटी-मोटी बातों पर ज्यादा आक्रामक न हों। जमीन से जुड़े मामलों में अड़चन आने की संभावना है। मित्रों के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं। आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए।

**वृष** – आज पुराने रोग से मुक्ति मिलने के अच्छे योग हैं। अपना खानपान बेहद संतुलित रखें। सभी काम सही समय पर पूर्ण हो जाएंगे। मनोरंजन के साधनों में रुचि लेंगे। आपकी सलाह से लोगों को बहुत लाभ होगा।

**मिथुन** – आज विदेश यात्रा होने के योग बन रहे हैं। योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। लोग आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे। पिताजी अथवा गुरुजनों के साथ किसी गंभीर मुद्दे पर चर्चा हो सकती है। परिवार में थोड़ा काम की अधिकता रहेगी।

**कर्क** – आज बनते हुए कार्यों में विघ्न आने की आशंका है। बुजुर्गों के व्यवहार से आप आहत हो सकते हैं। अध्यात्मिक चिंतन को आप काफी समय देंगे। व्यापारिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। अनावश्यक खर्चों को नियंत्रित करना पड़ेगा।

**सिंह** – आज का दिन अपनों के बीच शांति से बिताएंगे तो बेहतर होगा। प्रशासन से जुड़े लोगों को सावधान रहना चाहिए। अनैतिक कार्यकलापों की तरफ प्रेरित हो सकते हैं। अपने शुभचिंतकों की सलाह को अन्यथा न लें।

**कन्या** – आज दिनचर्या थोड़ी असामान्य हो सकती है। आपकी योजना सफल होगी। घर में कुछ आगंतुकों का आगमन हो सकता है। विवादित मामलों को सुलझा सकते हैं। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आज घर का माहौल अनुशासित रहेगा। नकारात्मक आदतों को छोड़ने का प्रयास करें। आप दूसरों की सहायता करने की पूरी कोशिश करेंगे। अपनी योजनाओं को लोगों के सामने साझा न करें। लोग आपके भोलेपन का लाभ उठा सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज कारोबार को लेकर टेंशन हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े गंभीर रहें। उधार लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या होगी। आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें। अपनी क्षमताओं और योग्यता पर संदेह न करें।


**धनु** – आज कुछ लोग आपका मूड खराब करने का प्रयास करेंगे। धन लाभ के नए मौके मिल सकते हैं। उच्च शिक्षा को लेकर काफी मेहनत करेंगे। घर में कुछ लोग आ सकते हैं। आपके विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। इसके कारण आप क्रोधित भी हो सकते हैं।

**मकर** – आज उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। अपने काम के प्रति एकाग्र रहेंगे। आपकी समस्याओं का समाधान आपको मिल सकता है।

**कुंभ** – आज कला जगत से जुड़े लोगों को बड़े मौके मिल सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकालें इसका ध्यान रखें। यदि सर्दी-खांसी से पीड़ित हैं तो तुरंत उसका इलाज करवाएं। आपको अनावश्यक खर्च करने से बचना चाहिए।

**मीन** – आज साझेदारी वाले व्यापार में अच्छा लाभ हो सकता है। फिलहाल वर्तमान कार्यों में ही ध्यान दें। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आप रोमांचक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 11.00 तक तत्पश्चात उत्तराभाद्रपद।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | 15 अगस्त | सुबह : 10.59 |
| B4U Movies | विक्की डोनर | शाम : 06.12 |
| &pictures | जिगर वाला नं. 1 | सुबह : 10.41 |
| &pictures | यू टर्न | रात : 08.00 |
| Sony Pix | मॉर्बियस | सुबह : 11.36 |
| Sony Pix | वंडर वुमन 1984 | रात : 08.00 |
| Zee Cinema | थैंक गॉड | सुबह : 10.53 |
| Zee Cinema | द क्रू | रात : 08.00 |
| Colors Cineplex | कभी खुशी कभी गम | सुबह : 10.00 |
| Colors Cineplex | रुध्रन | रात : 07.59 |

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया।
लड़की का पिता- मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू- बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं।
दे जूते दे चप्पल...

पति-पत्नी दोनों कार दुर्घटना में गुजर गए।
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोनों मिले
बीवी- कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति- पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

# हॉस्पिटल प्रबंधक, डॉक्टर व आशा बहू पर केस

संवाददाता, परशदेपुर

**कार्रवाई**

- ऑपरेशन से बच्चे को जन्म देने के बाद हुई थी मां की मौत
- प्रारंभिक जांच की रिपोर्ट सीएमओ को सौंपी जाएगी

**अमृत विचार:** ऑपरेशन से बच्चे को जन्म देने के बाद मां की मौत के मामले में हॉस्पिटल प्रबंधन पर मुकदमा दर्ज हुआ है। मामले में आशा बहू पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

डीह थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुर मजरे बरावां निवासी अनिल कुमार विश्वकर्मा ने आरोप लगाया था कि आशा बहू के कहने पर वो अपनी गर्भवती पत्नी संजू देवी (27 वर्ष) को परशदेपुर के मटियारा चौराहा स्थित ओम गंगोत्री हॉस्पिटल ले गया था। जहां पर ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ने पर उसकी पत्नी को लखनऊ रिफर कर दिया गया था। अनिल कुमार का आरोप था कि गलत ऑपरेशन से पत्नी की लखनऊ के हॉस्पिटल में मौत हो गई थी। परिजन शव को लेकर गांव चले आए थे। सूचना पाकर गांव पहुंचे चौकी प्रभारी कृष्णचंद्र ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

मृतका के पति अनिल कुमार की तहरीर पर हॉस्पिटल के प्रबंधक, डॉक्टर व आशा बहू रेखा पत्नी अवधेश पाण्डेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रबंधक व डॉक्टर का नाम अभी अज्ञात है।

> परशदेपुर में हॉस्पिटल पहुंचकर मामले की प्रारंभिक जांच की गई है। जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौंपी जाएगी।
> -डॉ. अरविंद कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी

**एसीएमओ ने की जांच**

मामले की जांच के लिए सीएमओ के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी अरविंद कुमार व सीएचसी डीह के प्रभारी एसपी सिंह मंगलवार को ओम गंगोत्री हॉस्पिटल पहुंचे और मामले की जांच की। बताते हैं कि उनके पहुंचने पर हॉस्पिटल में प्रबंधक व डॉक्टर नहीं मिले, स्टाफ से पूछताछ कर वो वापस लौट गए। बताते हैं कि अभी प्रारंभिक जांच की रिपोर्ट सीएमओ को सौंपी जाएगी। उसके बाद विस्तृत जांच की जायेगी।

# 3.70 करोड़ के निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करेगी नगर पालिका

## जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में सिटी लेवल इंप्लीमेंटेशन कमेटी की हुई बैठक

संवाददाता, रायबरेली



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सिटी लेवल इंप्लीमेंटेशन कमेटी की बैठक मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के क्रियान्वयन के लिए गठित जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में सिटी लेवल इंप्लीमेंटेशन कमेटी की बैठक बचत भवन सभागार में हुई। बैठक में जनपद में वायु गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी।

यह कार्य लगभग तीन करोड़ 70 लाख की लागत से कराया जाएगा।

इन कार्यों में वार्ड संख्या 06, 11, 12, 13, 14, 21, 22, 28, 31 में इंटरलॉकिंग रोड और हॉट मिक्स प्लांट से डामर रोड का निर्माण कार्य शामिल है। वार्ड 31, 22 में 890 मीटर डामर रोड, वार्ड 11 में 200 मीटर इंटरलॉकिंग व साइड चुनाई का कार्य, वार्ड संख्या 13 व 14 में 200 मीटर डामर रोड, वार्ड संख्या 11 में 350 मीटर खडंजा लगाने का कार्य, वार्ड संख्या 6 में 330 मीटर हॉट मिक्स प्लांट डामर रोड और चुनाई का कार्य, मोहल्ला शिवाजी नगर में 120 मीटर रबर मोल्ड इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य, वार्ड संख्या 12 में 52 मीटर इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य, वार्ड संख्या 21, 31, 22 में डामर रोड का निर्माण कार्य, वार्ड संख्या 28, 11, 14 में डामर रोड का निर्माण, वार्ड संख्या 11 में 525 मीटर बाउंड्री वॉल और हॉट मिक्स प्लांट से डामर रोड का निर्माण कार्य होगा। बैठक में डीएफओ आशुतोष अग्रवाल, एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, नगर पालिका ईओ स्वर्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

**दो अभियंता समेत तीन का रोका गया वेतन**

जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प के निर्माण कार्यों समीक्षा की। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह से अब तक हुए कार्यों की प्रगति जानी। प्रगति संतोष जनक ना होने पर कार्यदायी संस्था आरईएस के दो अभियंताओं और समग्र शिक्षा माध्यमिक के डीसी का वेतन रोकने का निर्देश दिया।

# जनता के हितों से कोई समझौता नहीं : सचान

## सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री का जिले में हुआ स्वागत, अफसरों के साथ की बैठक

संवाददाता, रायबरेली



जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** सूबे के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग हथकरघा तथा वस्त्र उद्योग विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान प्रथम आगमन जोरदार रहा। रिमझिम बारिश की फुवारों के बीच संगठन को मजबूत करते दिखाई दिए। वहीं अफसरों के साथ बैठक कर विकास कार्यों पर खूब चर्चा की। साथ ही स्पष्ट संदेश दिया कि जनता के हितों से कोई समझौता नहीं होगा। पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने निरीक्षण भवन में उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। सरकारी कार्यों में तेजी लाने के लिए विभागीय अधिकारियों को समन्वय बनाते हुए कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, नगर मजिस्ट्रेट धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला खाद एवं ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष गौतम आदि मौजूद रहे रहे। इससे पहले प्रभारी मंत्री का भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल, शिवेंद्र सिंह आदि ने स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने हाथी पार्क तिराहे पर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद स्वच्छता अभियान में अपना श्रमदान दिया। इस मौके पर नगर पालिका ईओ स्वर्ण सिंह मौजूद रहे।

**प्रभारी मंत्री ने रक्तदान शिविर का किया उद्घाटन**

प्रभारी मंत्री ने राणा बेनी माधव सिंह जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह, सीएमएस डॉ प्रदीप अग्रवाल, डॉ अल्ताफ, डॉ जेके लाल आदि मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर लगाई गई सचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप जलाकर किया।

**लाभार्थियों को दिया प्रमाण पत्र**

प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी के साथ एनआईसी रायबरेली में प्रधानमंत्री के विकास परियोजनाओं एवं शिलान्यास भुवनेश्वर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। नगर निकायों में कुल 1270 लाभार्थियों के आवास स्थल पर गृह प्रवेश का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उन्होंने 10 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# घर से जेवरात सहित 1.5 लाख की चोरी

**अमावां, अमृत विचार:** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में चोरों ने नकदी जेवर व घर का सामान सहित डेढ़ लाख का माल पार कर दिया। घटना थाना क्षेत्र के घुराडीह गांव की है। जानकारी के अनुसार नागेंद्र बहादुर सिंह थाना क्षेत्र के घुराडीह गांव निवासी हैं। वह परिवार सहित लखनऊ में भी निवास करते हैं। पितृपक्ष में कर्मकांड को लेकर दो माह बाद घर वापस आये तो देखा की खिड़की खुली हुई है और बक्सों के सारे ताले टूटे हुए हैं। पीछे के रास्ते से घर में दाखिल होकर घर में रखी नगदी जेवर व सामान चोर उठा ले गए है। यह देखकर उनके होश उड़ गए। आनन-फानन इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पीड़ित के अनुसार तकरीबन डेढ़ लाख का सामान चोर उठा ले गए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### निखिल को तीन श्रेणियों में गोल्ड मेडल



लखनऊ विश्वविद्यालय में मेधावी छात्र को सम्मानित करतीं राज्यपाल।

**सलोन, रायबरेली।** सर्वोदय विद्यापीठ पीजी कॉलेज में एमए राजनीति विज्ञान के छात्र निखिल सिंह ने लखनऊ विश्वविद्यालय से तीन श्रेणियों में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय की परस्नातक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का चयन किया गया था। लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में कुलपति और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल द्वारा निखिल को मेडल प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से महाविद्यालय में उत्साह का माहौल रहा। पिछले वर्ष अर्थशास्त्र की एक छात्रा को गोल्ड मेडल मिला था। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शांति भूषण सिंह ने निखिल सिंह को बधाई दी है।

### राज्यपाल ने जाह्नवी को किया सम्मानित



जाह्नवी को सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिले की बेटी ने शिक्षा के क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन का गौरव बढ़ाया है। हरचंदपुर क्षेत्र के चौपुरा की रहने वाली होनहार बेटी जाह्नवी पटेल ने संस्कृत परास्नातक की परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करके तीन स्वर्ण पदक और इन्द्राणी देवी अवार्ड हासिल किया है। जाह्नवी को यह तीनों पदक और पुरस्कार लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के करकमलों से पहना देकर सम्मानित किया है। जाह्नवी पटेल फिरोज गांधी महाविद्यालय में संस्कृत परास्नातक की छात्रा हैं। महाविद्यालय के इतिहास में यह प्रथम अवसर है जब किसी छात्रा ने तीन स्वर्ण पदक एवं नगद पुरस्कार हासिल किया है। जाह्नवी के पिता फूलचन्द चौधरी सेवानिवृत्त सरकारी शिक्षक और माता विमला गृहणी हैं। जाह्नवी पटेल ने अपनी प्राथमिक शिक्षा से लेकर परास्नातक तक की शिक्षा अपने गांव चौपुरा में रहकर ही पूरी की है।

### प्रभारी मंत्री का भाजपाइयों ने किया स्वागत



प्रभारी मंत्री राकेश सचान को बुके देकर स्वागत करते भाजपा नेता भूपेंद्र श्रीवास्तव।

**रायबरेली, अमृत विचार।** सूबे के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान के प्रथम आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में मुलाकात की। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने संगठन की मजबूती पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी दी। कहा कि संगठन में तेजी से लोग जुड़ रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि भाजपा को मजबूत करना हम सबकी पहली प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने एक-एक करके सभी पदाधिकारियों से मुलाकात की। भाजपा नेता भूपेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि उनके आने से जिले में संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने संगठन हित में कार्य करने के लिए कहा है।

### पितृ पक्ष का पहला तर्पण और श्राद्ध आज, गंगा तटों पर हुई तैयारी

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** सनातन धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। पितृ पक्ष की अवधि में पितरों को पिंडदान, तर्पण प्रदान किया जाता है। साथ ही श्राद्ध कर्म करने की परंपरा है। वैदिक पंचांग के अनुसार पितृपक्ष का शुभारंभ भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से होता है। इस वर्ष पितृ पक्ष का शुभारंभ 18 सितंबर से होगा। शास्त्रों में यह भी बताया गया है कि पितृ पक्ष की अवधि में पितर अपने परिवार के सदस्यों से मिलने के लिए धरती लोक पर आते हैं। ऐसे में इस दौरान कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना बहुत ही आवश्यक होता है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग गंगा घाट पर पिंडदान के लिए आते हैं। जिसको लेकर क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पर तैयारी की गई है। गंगा घाट के वरिष्ठ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी ने बताते हैं कि पितृ पक्ष में परिवार के सदस्य अपने पूर्वजों को प्रसन्न करने के लिए तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म करते हैं। जिससे उन्हें लाभ प्राप्त होता है।

# तहसील परिसर में कई दिनों से पड़ा गोवंश का शव, लोग परेशान

संवाददाता, ऊंचाहार

**अमृत विचार:** बेसहारा मवेशियों को लेकर प्रशासन कितना सजग है, इसकी बानगी तहसील परिसर में देखने को मिल रही है, जहां एक मवेशी अंदर घुस गया और उसकी मौत हो गई। तीन दिन से इस गोवंश का शव दुर्गंध फैला रहा है, लेकिन जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं।

मवेशियों को लेकर शासन द्वारा समय-समय पर दिशा निर्देश जारी होता है। बेसहारा मवेशियों के मृत हो जाने पर उनके शव को सम्मानपूर्वक दफन करने की जिम्मेदारी पंचायत विभाग को दी गई है। तहसील परिसर में एक गोवंश का शव तीन दिन से पड़ा हुआ है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गोवंश के शव को बाहर ले जाकर दफन करने के लिए अधिवक्ताओं से तहसील के अधिकारियों से अनुरोध भी किया, लेकिन अधिकारी आंख ही नहीं नाक भी बंद किए हुए है। जिससे गोवंश के शव की दुर्गंध पूरे तहसील परिसर में फैल रही है। एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि जल्द ही शव को यहां से हटवाकर निस्तारण कराया जायेगा।

# गंगा का जलस्तर बढ़ा, चेतावनी बिंदु छूने को बेताब

संवाददाता, डलमऊ



डलमऊ गंगा नदी का बढ़ा जलस्तर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते पिछले एक सप्ताह से गंगा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। स्नान घाट के आसपास की सीढ़ियां डूब गई है। वहीं गंगा नदी का जलस्तर उफान और चेतावनी बिंदु को पार करने के लिए बेताब नजर आ रहा है।

इससे गंगा तटीय क्षेत्रों कि ग्रामीणों में बाढ़ से उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं की आशंका सताने लगी है। वहीं क्षेत्रीय प्रशासन बाढ़ से निपटने के लिए कागजी घोड़ा दौड़ा रहे हैं। मंगलवार को केंद्रीय जल आयोग डलमऊ द्वारा गंगा तट डलमऊ का जलस्तर चेतावनी बिंदु 98.360 मीटर के सापेक्ष 98.120 मीटर नापा गया है। वर्तमान में हर तीन से चार घंटे में एक सेंटीमीटर जलस्तर बढ़ रहा है। गंगा नदी का बढ़ता हुआ जलस्तर कटरी में बाढ़ की संभावनाएं बढ़ने लगी है। गंगा तटीय क्षेत्र से जुड़े गांव चक मलिक भीटी, जमाल नगर मोहद्दीनपुर, जहांगीराबाद, आबा, बबूरा, पूरे रेवती सिंह आदि के ग्रामीणों की नींद उड़ी हुई है। ग्रामीी महादेव, रघुनाथ, जयकरण, साजन यादव, राजकुमार, जनार्दन प्रसाद, आनंद, प्रशांत, प्रिंशु आदि ने बताया कि कृषि भूमि तक पहुंचने से मवेशियों को चारे की गंभीर समस्या उत्पन्न होने लगी है। नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते ग्रामीणों को बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिवर्ष उत्पन्न बाढ़ से हजारों बीघे फसल बर्बाद हो जाती है। लेकिन क्षेत्रीय प्रशासन द्वारा सर्वे कराकर अनुदान देने का सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। आज तक कुछ नहीं हुआ। उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने बताया कि बाढ़ से निपटने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। खतरे के बिंदु को पार करने के बाद ही बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है।

# डीएम-एसपी को मैनेज कर लूंगा...हमसे मिलो

संवाददाता, रायबरेली

**मामला बड़ा हो गया है इसमें तुम्हारी जेब ढीली होगी**

वायरल ऑडियो में मैनेजमेंट गुरु निजी नर्सिंग होम का संचालक कह रहा है। तुम्हारा मामला बहुत बड़ा हो गया है और तुम आकर हमसे मिलो इस मामले में तुम्हारी जब बहुत ज्यादा ढीली होगी। तुम्हारे मामले में लालगंज के तीन पंडित लगे हुए हैं तो तुम मामले को हल्का मत समझो। कल तुम लोग घर पर मत रहना क्योंकि इस मामले में एसओजी भी लग चुकी है। कल पुलिस तुम्हारे घर आएगी।

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया में एक निजी नर्सिंग होम के संचालक का ऑडियो खूब सुर्खियां बटोर रहा है। ऑडियो में डीएम-एसपी के मैनेजमेंट की बात हो रही है। ऐसे में प्रतीत हो रहा निजी नर्सिंग होम का संचालक अवैध नर्सिंग होमों का सरदार बनकर उन्हें संरक्षण दे रहा है।

शहर के जेल रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम की पूर्व में शिकायत हुई थी। शिकायत के बाद उसे प्रशासन द्वारा सील कर दिया गया था। प्रशासन के बिना अनुमति के ताला को तोड़कर हॉस्पिटल फिर से संचालित कर दिया गया। उसके कई महीनो बाद उसे लाइसेंस प्राप्त हुआ था। फिर सील हुए राधा कृष्ण नर्सिंग होम से नाम बदलकर किसी अन्य हॉस्पिटल के नाम से रखा गया है। उसी के संचालक का एक ऑडियो सोशल मीडिया में खूब सुर्खियां बटोर रहा है। ऑडियो में संचालक के द्वारा लालगंज स्थित एक निजी नर्सिंग होम में ऑपरेशन के दौरान मौत के मामले में जेल गए युवक को छुड़वाने की बात कही जा रही है। ऑडियो में डीएम-एसपी को मैनेज करके मामले को रफा दफा करने का ठेका लिया जा रहा है। सबसे अहम बात यह है जेल गए बेटे के पिता उस ऑडियो में रो-रोकर अपनी व्यथा बता रहे तो उसमें संचालक जेब गर्म करके उसके आवास आने की बात कह रहा है। जब इस संबंध में संचालक से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फ़ोन नही उठा वो बयान देने से कतरा रहे है इससे स्पष्ट है कि दाल में कुछ काला है। इस संबंध सीएमओ डा. वीरेंद्र सिंह से बात की गई तो बताया कि ऑडियो उनकी संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर जांच कराकर उचित कदम उठाया जाएगा।

# अंतिम दिन दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी भीड़

संवाददाता, रायबरेली



दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सिविल लाइन स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे पर्युषण पर्व के अंतिम दिन 'उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म' पर्व बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

जैन मंदिर में सुबह से ही जैन भक्तों ने संगीतमय अभिषेक पूजन के साथ-साथ भगवान वासपूज्य के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लड्डू चढ़ाया। साथ ही अनंत चतुर्थदर्शी पर श्रद्धालुओं ने निंजला व्रत रखा। पर्व के अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर जैन समाज के लोगों ने बडी संख्या में पहुंच कर चौबीसो तीर्थकंरो की संगीतमय पूजा की। पर्व के अंतिम दिन शाम को भगवान की आरती के बाद जैन समाज की नैनिका जैन, आरना जैन, आदविक जैन ने जैन धर्म पर आधारित नाटक किया। जैन समाज के मीडिया प्रभारी अंकित जैन ने बताया कि विधिविधान से पूजा अर्चना कर पर्युषण पर्व का समापन हुआ। बुधवार को क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर आरके जैन, रमेश जैन, आशीष जैन, संजीव जैन, हेमंदर जैन, नितिन जैन, प्रदीप शर्मा, सुभाष जैन, संदीप जैन, शुभम जैन, शालिनी जैन, प्रियांशी जैन, प्रियंका जैन, वसुधा जैन, नवीन जैन, अतुल जैन, सनी जैन, राकेश जैन, रमेश जैन, आदि लोग मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी एक बालक का शव लगभग छह माह पहले आम के पेड़ से लटकता हुआ मिला था। पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने पर पीड़ित पिता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों का खिलाफ हत्या का अभियोग पंजीकृत किया है। क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी मनोज कुमार के 11 वर्षीय बेटे विभव का शव 16 मार्च को गांव के बाहर बाग में आम के पेड़ से लटकता हुआ शव मिला था। मृतक के पिता मनोज कुमार राजस्थान में थे। बेटे की मौत की सूचना पर लौटे तो पीड़ित पिता ने हत्या के आशंका जताई। आखिरकार कोर्ट के आदेश के बाद जगतपुर पुलिस ने दौलतपुर गांव निवासी विजय कुमार साहू, प्रमोद कुमार, सुमित कुमार, राहुल के खिलाफ हत्या का अभियोग पंजीकृत कर लिया। इस बाबत क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नौहवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ हत्या का अभियोग योग पंजीकृत किया गया है।

**विश्लेषण** भाजपा में जिले के दिग्गजों की भरमार, आपसी खींचतान का हर चुनाव में पड़ रहा असर

# तीन धुरों को जोड़ना प्रभारी मंत्री के लिए चुनौती

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार:** विश्व की सबसे बड़ी पार्टी और केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने वाली भाजपा का जिले में हालात कुछ ठीक नहीं है। पिछले एक दशक से सत्ताधारी दल होने के नाते जिले का हर दिग्गज नेता शामिल है। यही नहीं सत्तासुख का पूरा लाभ ले रहा है, लेकिन पार्टी को उनके आने से कोई फायदा नहीं मिल रहा है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन का नतीजा रहा कि संगठन की ओर से प्रभारी मंत्री का बदलाव कर दिया गया है। ऐसे में नए प्रभारी मंत्री बने प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के लिए पार्टी को जिले में मजबूत करना कांटों भरी राह कहा जाए तो अनुचित नहीं होगा। हाल यह है कि प्रभारी मंत्री को तीन धुरों को जोड़ना किसी चुनौती से कम है।

भाजपा का हमेशा सपना रहा कि कांग्रेस को उसके गढ़ में पटखनी दे। लगातार दो बार केंद्र में सरकार बनाने के कारण हर किसी को उम्मीद थी कि इस बार लोकसभा चुनाव में जरूर यह सपना साकार हो जाएगा। लेकिन हुआ उसके विपरीत। चुनाव में आए परिणाम को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का इससे खराब हश्र और क्या हो सकता है। कई दिग्गज तो अपने बूथ तक को नहीं बचा सके। इसकी सबसे बड़ी वजह आपसी खींचतान का होना है। लोकसभा, विधानसभा या फिर निकाय चुनाव हो। जिस तरह से पार्टी में दिग्गज नेता शामिल हैं सही मन से यदि उनके द्वारा कार्य किया गया तो इतना शर्मसार ना होना पड़ता।

**विपक्षी पार्टियों के शिरोमणि रहे दिग्गजों के आने का नहीं असर:** जिले की राजनीति तीन परिवारों के इर्द-गिर्द ही है। इनमें से सभी ने भाजपा में आने से पहले विपक्षी पार्टियों में खूब दम भरा। सपा, बसपा तो कोई कांग्रेस में खुद की ताकत का अहसास कराते हुए दूसरों को बौना साबित कर दिया। वर्तमान में लगभग ऐसे सभी लोग जिले में कमल खिलाने का दंभ भर रहे हैं। इसके बावजूद जिले में जिस तरह से किरकिरी हो रही है। इससे साफ पता चल रहा है कि हर किसी ने पार्टी से पहले अपने स्वार्थ को सर्वोच्च रखा।

**सपा - कांग्रेस की तैयारियों के आगे बौने साबित हो रहे भाजपा कार्यकर्ता**

वर्तमान में भाजपा की ओर से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। सबसे खास बात यह है कि दिखावे के तौर पर इनकी तैयारी सबसे पहले होती है। लेकिन बात परीक्षा की आती है तो उसमें फेल हो जाते हैं। यह हम नहीं बल्कि अब तक के आंकड़ों को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। वर्तमान में पीडीए के सहारे सपा जिले में मजबूती से पैर जमा रही है। वहीं राहुल की जीत से कांग्रेस को संजीवनी मिल गई है।

**अमेठी सांसद की सक्रियता का मिल रहा लाभ**


जिले की सांसद रही सोनिया गांधी के प्रतिनिधि रहे केएल शर्मा वर्तमान में अमेठी सांसद हैं। उनका जिले में काफी दखल है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से परिचित है। अमेठी के साथ ही रायबरेली में भी उनकी सक्रियता बनी हुई है। एम्स की कमेटी में शामिल होने के बाद जिले के कांग्रेसियों में ऊर्जा संचार हुआ है।

# बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास ई-रिक्शा चालक बंदी

**हरचंदपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** ई-रिक्शा चालक द्वारा बालिका को बहला फुसलाकर दुराचार की कोशिश के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज का आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सोमवार की है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के पलिया गांव निवासी मयंकेश ई-रिक्शा चलाता है। दोस्त की बहन दोपहर में चालक दोस्त की बहन के घर गया था। दोस्त की सात वर्षीय भांजी समेत अन्य बच्चों को घुमाने के लिए ई-रिक्शा पर बैठा लिया। सुनसान स्थान पर ले जाकर अन्य बच्चों को नीचे उतार दिया और बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंच गए। इस पर आरोपी भाग गया। देर शाम परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।


**तलाश गश्ती (गुमशुदा)**

नाम गुमशुदा – **सौरभ गौतम उर्फ छोटू**



**पिता का नाम–** श्री विजय शंकर गौतम **पता–** गांधी नगर भारत पेट्रोल पम्प के पीछे 19/782, **उम्र–** लगभग 28 वर्ष, **दिनांक घटना–** 22.03.2024, **दिनांक सूचना–** 27.03.2024 समय 17.13 बजे, **हुलिया–** गोरा रंग, गोल चेहरा लम्बाई 5 फिट 6 इंच। **पहनावा–** काले रंग की टीशर्ट, महरुन जैकेट। आप सभी को सूचित किया जाता है कि इनके सम्बन्ध में कोई भी जानकारी मिलने पर कृपया निम्न नम्बर पर सम्पर्क करें।

सूचनाकर्ता – विजय शंकर गौतम निवासी 782/19 गांधी नगर, भारत पेट्रोल पम्प के पीछे थाना कोतवाली नगर, मो0नं0– 9336000921

उप निरीक्षक मो0नं0– 7017285748

थाना प्रभारी मो0नं0– 9454404137

# घटने लगा सरयू का जलस्तर, कटान का खतरा

## जिले में बाढ़ की विभीषिका झेल रही 20 हजार आबादी, कछार के इलाकों में अब भी दूर तक पानी ही पानी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में मंगलवार शाम से सरयू का जलस्तर घटना शुरू हो गया है। अब कटान का खतरा बढ़ने की संभावना है। सरयू के घाटों पर पुलिस की चौकसी जारी है। जिले में सरयू के बाढ़ की विभीषिका लगभग 20 हजार आबादी झेल रही है। राहत कार्य तेज कर दिया गया है। कछार के इलाकों में अब भी दूर तक पानी ही पानी दिखाई देता है। अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया।

बैराजों से छोड़े गए पानी से चार दिन से सरयू में उफान है। नदी का पानी लाल निशान 92.730 मीटर से लगभग 1.05 मीटर ऊपर 93.320 मीटर तक पहुंच गया था। चार दिन बाद मंगलवार शाम से सरयू के जल स्तर में गिरावट शुरू हो गई है। जल स्तर 93.290 मीटर तक पहुंच गया है। बाढ़ का प्रभाव अगले दो दिन तक चल सकता है।


काजीपुर मांझा में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार


बाढ़ के दौरान रुदौली के एक गांव में कटान करती नदी। अमृत विचार


सोहावल के ढेमवा घाट पर रह रहे बाढ़ पीड़ित।

### अधिकारियों ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा


बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण करते कमिश्नर गौरव दयाल और आईजी प्रवीण कुमार।

**अयोध्या, अमृत विचार :** मंडलायुक्त गौरव दयाल ने आईजी प्रवीण कुमार के साथ मंगलवार को तहसील सदर के बाढ़ प्रभावित गांव मूड़ाडीहा का निरीक्षण किया। दशरथ समाधि स्थल के पास स्थित अस्थाई बाढ़ शरणालय में 425 लोगों को बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण किया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सदर के आठ, रुदौली के पांच, सोहावल के एक गांव (मांझाकला) कुल 14 गांव के लगभग 9785 लोग बाढ़ से प्रभावित है। बाढ़ प्रभावितों को लंच पैकेट और राहत किट का वितरण किया जा रहा है। 37 नावें लगाई गई हैं। विभिन्न विभागों की टीमें लगाई गई हैं। रुदौली में एसडीएम रुदौली, तहसीलदार के साथ आपदा विशेषज्ञ यथार्थ तिवारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया।

### बाढ़ की विभीषिका झेल रही बड़ी आबादी

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** सरयू नदी का पानी तो थम गया है लेकिन बाढ़ पीड़ितों की दुश्वारियां अभी नहीं थमी हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों से अभी भी लोगों का पलायन जारी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के पिपरी संग्राम, पूरे चेतन, सलेमपुर, उरदहवा, मूडाडीहा माझा, मूडाडीहा बस्ती, बलुइया माझा, सेवरहवा, गिल्ट, मदराही, नई दुनिया, पनसैवा, धनी का पुरवा, तौलेसर का पुरवा, सीताराम का पुरवा, काजीपुर मांझा, पुनवासी का पुरवा, रामपुर पुआरी माझा सहित 18 गांवों की करीब 12 हजार आबादी बाढ़ की चपेट में है। अभी बलुइया माझा, रामपुर पुआरी माझा, काजीपुर माझा के बाढ़ पीड़ितों को राशन सामग्री का किट वितरण नहीं किया गया।


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रुदौली में नाव से बाहर आते बाढ़ पीड़ित। अमृत विचार

## एक नजर

### व्यापारी पर हमले की कोशिश बेटे पर चढ़ाया ई-रिक्शा

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली से महज चंद कदम की दूरी पर एक व्यापारी को दुकान के सामने से चालक को ई-रिक्शा हटाने के लिए बोलना महंगा पड़ गया। ई-रिक्शा चालक और व्यापारी के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि ई-रिक्शा चालक ने व्यापारी के बेटे पर ई-रिक्शा चढ़ा दिया। हमला करने वाले दोनों ई-रिक्शा चालकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला रामपथ स्थित डाकखाना चौराहे का है। व्यापारी सुनील गुप्ता का आरोप है कि ई रिक्शा चालक नवाबगंज क्षेत्र निवासी महेश यादव ने अपने गाड़ी से धारदार हथियार निकाल लिया और वार करने की कोशिश की। दूसरे चालक दिनेश यादव ने उसके लड़के पीयूष गुप्ता पर रिक्शा चढ़ा दिया, जिस कारण उसे गंभीर चोटे आई हैं।

### डेंगू के तीन मरीज और मिले

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में मंगलवार को आठ और डेंगू के मरीज मिले हैं। सर्वाधिक तीन मरीज नगर क्षेत्र में ही सामने आए हैं। मसौधा में दो, बीकापुर, मयाबाजार व रुदौली में एक-एक मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। अब तक 64 लोगों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। हालांकि राहत की बात यह है कि 52 मरीज ठीक हो चुके हैं। अभी 12 मरीज उपचाराधीन हैं।

### बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ मनाया पीएम का जन्मदिन

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली विधायक राम चंद्र यादव ने पीएम मोदी का जन्म दिन मंगलवार को बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों के साथ मनाया। उन्होंने लड्डू व फल का वितरण कर भंडारे का आयोजन किया। बाढ़ प्रभावित गांवों के साथ से रौनाही तटबंध से जुड़े गांव के गरीब परिवारों भी इसमें शामिल हए। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी समाज के उन सभी लोगों की चिन्ता करते जो आखिरी पायदान पर हैं।

# पूजे गए मंदिर निर्माण में लगे टावर-क्रेन, वर्करों की रही छुट्टी

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** रामनगरी में देव शिल्पी विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मठ-मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान और पूजन संपन्न किया गया। राम जन्मभूमि परिसर में भी वृहद अनुष्ठान का आयोजन हुआ। इस दौरान मंदिर निर्माण कार्य में लगे सभी कारीगर, मजदूर, इंजीनियर, ट्रस्टी, सुरक्षाकर्मी व संघ के पदाधिकारी शामिल रहे। करीब दो घंटे तक पूजन-अर्चन चला। मंदिर निर्माण में लगे टावर क्रेन, वाहन और अन्य मशीनों का भी पूजन हुआ। सभी को प्रसाद वितरण किया गया। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि मंदिर में भव्य पंडाल सजाकर वृहद स्तर पर अनुष्ठान किया गया।


अनुष्ठान के बाद हवन कुंड में आहुति डालते इंजीनियर और ट्रस्टी। अमृत विचार

# दुष्कर्म के प्रयास मामले में दोषी को 6 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए छह साल के कारावास व 30 हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया है। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम प्रदीप कुमार सिंह की अदालत से मंगलवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय, सतीश चंद्र देवरस व अधिवक्ता हरिओम दुबे ने बताया कि इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता आठ दिसंबर 2015 को रात गांव में ही एक लड़की की शादी में शामिल होने के बाद अकेले अपने घर जा रही थी। एक व्यक्ति ने पीछे से उसे पकड़ लिया और उससे दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला ने युवक की अंगुली में दांत काट लिया। गांव के कुछ लोग आ गए तो वह भाग गया। आरोपी की पहचान गांव निवासी फुरकान के रूप में होने पर उसके खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास तथा धमकी देने की धारा में रिपोर्ट लिखाई गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए उसे सजा दी।

# झाड़ू लगाकर मंत्री ने की स्वच्छता अभियान की शुरुआत

## प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने जिला अस्पताल पहुंचकर किया पौधरोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** राज्यमंत्री खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उप्र. व जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मंगलवार को अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका गौरीगंज वार्ड नंबर 9 मिश्रौली में सफाई कर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की शुरुआत की।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने क्षेत्र के लोगों से वार्ता कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली। उनकी समस्याओं को सुना एवं उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने सफाई कर्मियों की टोली बनाकर पूरे क्षेत्र की सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री जिला अस्पताल पहुंचकर पौधारोपण किया तथा जनपद वासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत उन्होंने जिला अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण कर नवजात शिशुओं को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी, जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, चंद्र प्रकाश मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित आदि मौजूद रहे।


स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत झाड़ू लगाते मंत्री सतीश चंद्र शर्मा। अमृत विचार

### एक क्विंटल गांजे के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**अमेठी, अमृत विचार।** गौरीगंज अमेठी पुलिस के हाथ उस वक्त बड़ी कामयाबी लगी, जब सूचना पर तीन अंतरराज्यीय गांजा तस्कर उसके हाथ लग गये।

अमेठी की गौरीगंज कोतवाली पुलिस ने स्वाट टीम के साथ मिलकर बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले तीन गांजा तस्करों को 1 क्विंटल 10 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांजे की अनुमानित कीमत 28 लाख रुपये है। सूचना मिलते ही गौरीगंज कोतवाल और स्वाट टीम ने तुरंत ही तस्करों की तलाश में निकली थी। जहां पर पुलिस ने जवाहर नवोदय विद्यालय के पास एक ट्रक पर लदे गांजे को बरामद किया।

## सार-संक्षेप

### गौशाला के लिए एसडीएम को सौंपे 2 लाख 30 हजार रुपये


छुट्टा गोवंशों के संरक्षण के लिए अधिकारियों को धनराशि सौंपते भट्ठा मालिक।

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार :** मुसाफिरखाना में सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशुओं को लेकर मुसाफिरखाना के भट्ठा मालिकों ने उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी, तहसीलदार को गोशाला बनाने के लिए धनराशि सौंपी। मुसाफिरखाना तहसील के सभी ने भट्ठा मालिकों ने मिलकर सरकार को 2 लाख 30 हजार रुपये की आर्थिक मदद की है। जिससे कि एक और गौशाला बनाई जा सके। और पशुओं को सुरक्षित रखा जा सके। वहीं अब जिलाधिकारी की पहल पर अमेठी के मुसाफिरखाना में गौ संरक्षण को लेकर भट्ठा मालिकों द्वारा सराहनीय पहल की गई है। जिससे छुट्टा जानवरों को संरक्षित किया जा सके। जिससे की एक और गौशाला बनाई जा सके और पशुओं को संरक्षण मिल सके। वहीं भट्ठा मालिकों की इस सराहनीय पहल की मुसाफिरखाना क्षेत्र के लोगों ने तारीफ की है।

### बांस के सहारे घर में घुसे चोर, नगदी व आभूषण किए पार

**अमेठी, अमृत विचार :** जनपद कोतवाली क्षेत्र के शंकरपुर मजरे महमदपुर गांव में बीती रात चोरों ने बांस के सहारे घर में घुस कर नकदी समेत दो लाख रुपये की कीमत के आभूषण को उठा ले गए। पुरुष घर के बाहर सो रहे थे और महिलाएं घर के आंगन में सो रही थी। चोरों ने चार कमरों का ताला तोड़कर उसमें रखी आलमारी व बक्से में रखा सामान ताला तोड़कर उठा ले गए। पीड़ित के अनुसार घर में रखी 7000 की नगदी समेत करीब दो लाख के सोने-चांदी के आभूषण चोर उठा ले गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक में बताया कि मौके पर दरोगा को भेजा गया है, जांच की जा रही है।

### ट्रक चालक के घर से गहने व नगदी चोरी

**भेटुआ, अमेठी, अमृत विचार :** अमेठी कोतवाली क्षेत्र के श्री का पुरवा निवासी अजय कुमार शुक्ला उर्फ गुड्डू ट्रक चला कर अपने परिवार का गुजर बसर करते हैं। बीती रात रात चोरों ने अजय कुमार शुक्ला के घर में चोरों ने सेंधमारी की। घर में घुसे चोरों ने अजय कुमार की बहन, पत्नी और मां के गहनों को पार कर दिया। लगभग दो लाख रुपए के गहने, 5000 रुपये नगद और घर में रखा सामान चोर रात के अंधेरे में उठा ले गए। जब परिजन जागे तो उन्होंने देखा कि घर की दीवार में सेंधमारी हुई है। पुलिस टीम ने मौका मुआयना किया लेकिन कुछ पता नहीं चला।

### एचआरपी दिवस पर 25 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार :** माह के प्रथम एचआरपी दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संग्रामपुर में 25 गर्भवती महिलाओं ने पंजीकरण कराया। महिला डाक्टर रुखसार ने सभी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। 12 गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए अमेठी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराने के लिए बताया गया। सभी गर्भवती महिलाओं का खून ब्लडप्रेशर, वजन की जांच की गई। सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोली दी गई। डॉक्टर रुखसार ने बताया कि इस समय अचानक मौसम का बदलाव हो रहा है, जिसमें बुखार, जुकाम आदि बीमारी वायरल हो रही हैं। इन बीमारियों से बचने के लिए खान-पान के साथ रहन सहन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

### शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया बारावफात का जलूस

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार।** बारावफात के तीन दिवसीय कार्यकम के दूसरे दिन दर्जनों गांव के लोगों ने जुलूस निकाला। कठौरा, वारिशगंज, कमरौली, रानीगंज, गौहर का पुरवा, खैरातपुर, हारी मऊ, सिधियांवा, सरेसर, इटरौर आदि दर्जनों गांवों के लोग मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर जुलूस निकाल कर कस्बा के रामलीला मैदान के निकट एकत्र हुए, इसके बाद बड़े जलूस के साथ कस्बे के गुलाब गंज चौराहा पर समापन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल अल्लू मियां ने मोहम्मद साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने की आवश्यकता पर बल दिया। आगे कहा कि मोहम्मद साहब ने कहा है कि जिस मुल्क में रहो, उस देश के प्रति वफादार रहो। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह, एसडीएम मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, एडीएम अमेठी अर्पित कुमार कोतवाल धीरेंद्र यादव आदि सहित दर्जनों थानों की पुलिस मौजूद रही।


जूलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग।

# हर्षोल्लास से मनाई विश्वकर्मा जयंती

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के रघुराजी इंजीनियरिंग में विश्वकर्मा जयंती पर मंगलवार को विशेष पूजा-अर्चना की गई और हवन किया गया। कार्यक्रम में विश्वकर्मा के फोटो पर तहसीलदार सूर्य प्रताप अमेठी, भाजपा नेता प्रवीण सिंह ने माला पुष्प अर्पित करके नमन किया। इस अवसर पर अमेठी तहसीलदार, भाजपा नेता भादर प्रमुख प्रवीण सिंह, एसडीएम स्टैनो बृजेश कुमार, कानून गो अमेठी, कोतवाली दीवान व अन्य लोग शामिल हुए। विश्वकर्मा मंदिर स्टेशन रोड से रैली निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए अमेठी स्टेशन में पर जाकर समाप्त हुई।


विश्वकर्मा जयंती पर हवन-पूजन करते लोग। अमृत विचार

### विश्वकर्मा जयंती पर हुआ हवन-पूजन

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार :** फुरसतगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों व कस्बों चौराहों पर भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई कस्बों चौराहों पर जयंती के अवसर पर संकीर्तन भजन आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। शैक्षणिक संस्थान एफडीडीआई में विश्वकर्मा की जयंती संस्थान में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई संस्थान के सेंटर प्रभारी वरुण गुप्ता व नलिन पांडेय के द्वारा विश्वकर्मा का चित्र स्थापित कर यजमान द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना तथा स्तुति कराई गई। उसके बाद हवन पूजन संपन्न हुआ, जिसमें संस्थान के सभी कर्मचारी व छात्रों ने हिस्सा लिया उसके उपरांत भोग प्रसाद आदि वितरण कार्यक्रम हुआ।

# निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं को लेकर समीक्षा किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है, उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समयावधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समय के अंदर कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा मानक विहीन व अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच के बाद ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त किए जाएं।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

### बाइक सवार को बोलेरो ने मारी टक्कर, गंभीर

**भेटुआ, अमेठी, अमृत विचार :** मनोज कुमार दूबे पुत्र ओम प्रकाश 18 वर्ष निवासी मठिया भीमी अपनी बाईक से रास्ते में घर आ रहा था। तभी कोतवाली अंतर्गत सिंह फीलिंग स्टेशन नौगिरवा के पास पीछे से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सड़क पर गिर गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लोगों ने दौड़कर युवक को उठाया और एंबुलेंस को फोन किया और एक्सीडेंट की सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से युवक को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भेटुवा ले जाया गया। जहां पर युवक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल गौरीगंज रेफर कर दिया।

# आवास योजना के लाभार्थियों को दी गई चाबी व स्वीकृति पत्र

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भुवनेश्वर ओडिशा से विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त के हस्तांतरण तथा आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 हेतु आवास प्लस एप लॉन्च कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित सहित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण के लाभार्थी मौजूद रहे। सजीव प्रसारण के उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 6 लाभार्थियों, जिनके आवास पूर्ण हो गए हैं, को प्रतीकात्मक चाबी व घड़ी का वितरण किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के ऐसे 15 लाभार्थी, जिनके आवास पूर्ण हो गए हैं उनको चाबी व घड़ी तथा 26 ऐसे लाभार्थी, जिनका प्रधानमंत्री आवास योजना में चयन हुआ है, उनको स्वीकृति पत्र व घड़ी का वितरण किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा भुवनेश्वर ओडिशा से प्रधानमंत्री आवास योजना में चयनित लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त के रूप में 40000 रुपये की धनराशि अंतरित की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, परियोजना अधिकारी डूडा विनोद कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व लाभार्थीगण मौजूद रहे।


लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र व घड़ी वितरित करते अतिथि। अमृत विचार

### लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र देकर किया सम्मानित

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार :** विकास खंड संग्रामपुर ब्लॉक परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों का गृह प्रवेश, चाभी व स्वीकृत पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें खंड विकास अधिकारी शिव पूजन भारती के नेतृत्व में ब्लॉक में लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तथा सरकार की योजनाओं को धरातल पर सही तरीके से उसका क्रियान्वन किया जा रहा है, जिसमें ब्लॉक प्रमुख कल्लन देवी व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह ट्वेंटी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं।

## जीवन की प्राथमिकता होनी चाहिए स्वच्छता : प्रभारी मंत्री

▶▶ प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने तुलसी सदन हादीहाल में स्वच्छता ही सेवा पखवारा किया शुरू

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** शहर के तुलसी सदन हादीहाल में आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवारा की शुरुआत मंगलवार को दीप प्रज्ज्वलित कर जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि सफाई हमारी दिनचर्या में शामिल होना चाहिए। यह हमारे जीवन की प्राथमिकता होनी चाहिए, कारण इससे कई परेशानियों से मुक्ति मिल सकती है।

बतौर मुख्य अतिथि शामिल प्रदेश के राज्यमंत्री परिवहन विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह के साथ समारोह में जुटे अफसर, कर्मचारी व प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों ने उड़ीसा से प्रधानमंत्री नरेंद्र के उद्बोघन का लाइव प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री ने नए प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रुपये हस्तांतरित किए। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने हादीहाल परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के 10 लाभार्थियों को चाबी सौंपी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास शहरी के आठ लाभार्थियों को आवंटन प्रमाण पत्र दिया।


तुलसीसदन हादीहाल में प्रभारी मंत्री, विधायक व अफसरों के साथ पीएम आवास के लाभार्थी। अमृत विचार

इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, डीएम संजीव रंजन, एसपी डा.अनिल कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा.दिव्या मिश्रा, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व क्षेत्रीय मंत्री भाजयुमो वरुण प्रताप सिंह, राघवेंद्र शुक्ल, डीडीओ कृष्ण कुमार, डीपीआरओ श्रीकान्त दर्वे समेत लोह उपस्थित रहे। संचालन डा. मो.अनीस एवं धर्मेन्द्र ने किया।

## ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**नैनी, अमृत विचार :** मांडा के कुखुड़ी गांव के पास मंगलवार भोर में चलती ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान लालबचन चौहान (45) पुत्र गौरीशंकर निवासी जिला महराजगंज, थाना कोठीभार, मिठौरा बाजार गांव जगरनाथपुर के रूप में हुई है।

लालबचन अपनी पत्नी सावित्री और पिता गौरीशंकर के साथ बागेश्वर धाम से बलिया स्पेशल ट्रेन से घर लौट रहे थे। जब ट्रेन प्रयागराज से आगे बढ़ी, तो परिजनों की आंख लग गई। तभी हादसा हो गया। नींद खुलने पर जब लालबचन नहीं दिखा तो परिजन खोजबीन करने लगे। नहीं मिलने पर परिजनों ने जीआरपी मिर्जापुर को गुमशुदगी की सूचना दी। बाद में मृतक के बेटे करन चौहान से संपर्क किया गया। वॉट्सऐप पर फोटो देखने के बाद उसने अपने पिता की पहचान की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एसआरएन भेज दिया गया है। मृतक के तीन बेटे करन, हृदेश, इंद्रेश प्रयागराज के लिए निकले हैं।

### ट्रेन पर चढ़ते समय पैर फिसलने से युवक की मौत

**परियावां, प्रतापगढ़ :** नवाबगंज के कोथरिया कड़रों गांव निवासी 21 वर्षीय संदीप कुमार पटेल पुत्र सूरजभान की सोमवार को दोपहर एक बजे मुम्बई में ट्रेन में सवार होते समय पैर फिसलने से मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने जेब में मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। जानकारी होते जी परिजनो में कोहराम मच गया। संदीप मुंबई में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की रिपेयरिंग का काम करता था। सोमवार को वह कमरे से काम पर निकला था, जैसे ही ट्रेन पर चढ़ने लगा पैर फिसल गया।

## एक नजर

### बाइक फिसल कर गिरने से युवक की मौत

**बाबागंज, प्रतापगढ़ :** बाइक फिसलकर कर गिरने से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्यारेपुर करहिया बाजार, थाना सलवन, रायबरेली निवासी 42 वर्षीय फूलचंद पटेल पुत्र मातादीन निवासी फल पकाने का काम करता था। वह मंगलवार को घर से नरई की तरफ किसी कार्य के लिए बाइक से जा रहा था। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के सालेपुर गांव के पास लालगंज - कालाकांकर मार्ग पर सड़क किनारे गिट्टियां पड़ी थी। इससे बाइक फिसलने से युवक गिर कर घायल हो गया। गम्भीर हालत में उसे संग्रामगढ़ सीएचसी ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची संग्रामगढ़ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### हर्षोल्लास से किया गया गणेश प्रतिमा का विसर्जन

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज बाजार स्थित रामलीला मैदान में मंच पर गणेश चतुर्थी को स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन बड़े धूमधाम से भक्तो ने गाजे बाजे के साथ सेवटी नदी में दुर्गा मंदिर घाट पर विसर्जन कर दिया गया। इस दौरान भक्तों ने जुलूस डीजे के साथ निकालकर भक्ति गीतों पर डांस करते हुए अबीर गुलाल उड़ाए। गणेश पूजा सुबह से शुरू हो गयी भगवान पुजारी विधि विधान से गणपति की पूजा अर्चना की उसके बाद आरती कर उन्हें भोग लगाया गया। इसके बाद देर शाम गणेश प्रतिमा को वाहन पर लादकर भक्त सेवटी नदी के घाट पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए निकले। इस दौरान विसर्जन शोभा यात्रा रामलीला मैदान से निकलकर कश्मीर से होते हुए गुजरी के दौरान भक्तो ने अबीर गुलाल उड़ाकर भक्तो जमकर नाचे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र, सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज पुलिसकर्मियों के साथ डटे रहे।

### जेब्रा बनवासी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा सम्पन्न

**जौनपुर :** सामाजिक संस्था जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट ने तथागत ट्रस्ट - भारत के संस्थापक नागेंद्र प्रसाद सिंह के मार्गदर्शन में बनवासी (मुसहर) समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन करके उन्हें उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतियोगी परीक्षा स्थानीय सीएमएम इंग्लिश स्कूल, रशीदाबाद में आयोजित किया गया। जिसमें जौनपुर सहित वाराणसी एवं आज़मगढ़ जिलों के बनवासी समाज के हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट स्तर के कुल 137 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया जिसमें 101 विद्यार्थी (56 छात्र एवं 45 छात्राओं) ने प्रतिभाग किया। उक्त सन्दर्भ में जेब्रा अध्यक्ष संजय कुमार सेठ बताया कि तीनों जिलों के चयनित 10-10 मेधावियों को स्वतन्त्रता आंदोलन में बलिदान हुए आदिवासी नायकों के नाम से छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।

### सेवानिवृत्त शिक्षक घर से लापता, परिजन परेशान

**प्रतापगढ़ :** नवाबगंज के शेखपुर धनापुर गांव के रहने वाले 68 वर्षीय शिव मूर्ति शर्मा रजवापुर स्थित महावीर सिंह लघु माध्यमिक ऐडेड विद्यालय में अध्यापक थे। 2019 में वह सेवानिवृत हो गए थे। सेवानिवृत्ति के बाद घर पर ही रहते हैं। 14 सितंबर की सुबह यह विद्यालय जाने की बात कह कर घर से निकले थे लेकिन देर शाम तक घर नहीं वापस लौटे। परिजनों को उनके कमरे में तकिए के नीचे से एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा था मोदी सरकार मुर्दाबाद। आगे लिखा कि बेटा पेंशन न मिलने के कारण मैं अपने आगे की भविष्य को सोचते हुए गंगा जी में जल समाधि लेने जा रहा हूं। सुसाइड नोट मिलते ही तुरंत बेटे कुलदीप शर्मा ने नवाबगंज थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी।

# शिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : डीएम

### लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित विभागों के अधिकारी स्वयं होंगे उत्तरदायी

**प्रयागराज, अमृत विचार:** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण व कलेक्ट्रेट के स्टाफ से बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित करते हुए, कहा कि सभी लोग अपनी तहसील में समय से बैठे और जनसुनवाई कर जनसमस्याओं का निर्धारित समयसीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने तहसीलदारों को तहसील व थाने की टीम के साथ समन्वय बनाकर सरकारी जमीन पर होने वाले अवैध कब्जों को अतिक्रमणमुक्त कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कहा की शासन स्तर पर आईजीआरएस की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा की आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों लम्बित सन्दर्भो का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्राप्त सन्दर्भ डिफाल्टर लम्बित की श्रेणी में नही आना चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के पश्चात उसको पोर्टल पर समय से अपलोड कराये जाने का भी निर्देश दिया है, जिससे कि निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।


प्रयागराज के नवनियुक्त जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा कि आई.जी. आर.एस. की शिकायतों के निस्तारण पर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित विभागों के अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होगें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में किसी के साथ अन्याय न होने पाये। जमीनी मामलों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष तरीके से गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा। उन्होंने आपदा विभाग से कहा दुर्घटना हानि होने पर आपदा राहत से समय से मुआवजा दिया जाए। इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, जिला स्तरीय अधिकारी गण सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### समाजसेवा के लिए सदैव रहूंगा तत्पर : आलोक



**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** भाजपा सदस्यता अभियान के तहत दिल्ली बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष व भाजपा नेता आलोक कुमार पाण्डेय ने 794 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुये पार्टी की नीतियों के बारे में बताया। भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाजपा नेता आलोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि समाजसेवा करने से मन को सुकून मिलता है। इस सेवा के लिये मैं सदैव तत्पर रहूंगा। बताया कि कई प्रान्त में भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी के रूप में कार्य का अवसर मिला है। इस अनुभव को पार्टी के साथ समाज के हित में समर्पित करूंगा। उन्होंने सुवंसा, फतनपुर, गौरा, रामापुर, चिरकुट्टी, पट्टी, रखहा व रानीगंज क्षेत्र में भ्रमणकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलायी।

### जन-जागरूकता से ही प्रदेश स्वच्छ व सुंदर बनेगा: एके शर्मा



**जौनपुर :** भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप मे उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ए के शर्मा ने किया। उन्होंने पहले अनिता डायग्नोस्टिक में ब्लड डोनेट किया। उसके पश्चात लक्ष्मी नारायण वाटिका में गये जहां पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत झाड़ू लगाकर सफाई की और उसके पश्चात वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया। वहीं पर उन्होंने नगरपालिका के सफाई कर्मियों का सम्मान किया और महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास की चाबी प्रदान की और उपस्थित छात्रों का सम्मान किया गया। उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुये कहा कि जन-जागरूकता से ही प्रदेश स्वच्छ और सुंदर प्रदेश बनेगा।

### प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को दी प्रतीकात्मक चाबी




**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकासखंड सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चाबी व स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 96 विधायक रिकी कोल व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती देवी रही। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने किया। मौसम खराब होने के कारण मुख्य अतिथि 96 विधायक रिकी कोल कार्यक्रम में नहीं पंहुच सकीं। उनके स्थान पर उनके प्रतिनिधि जनार्दन कोल ने शिरकत किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को लाभार्थियों को एलसीडी टीवी के माध्यम मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि जनार्दन कोल व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख श्रीमती देवी ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के अंतर्गत 100 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाबी जबकि आठ लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान प्रधानसंघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एडीओ कृषि आवास प्रभारी नरेंद्र कानापूरिया, अपना दल एस नेता शशिकांत पटेल आदि मौजूद रहे।

### 24 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित, बढ़ी परेशानी

**हलिया (मिर्जापुर)।** 33/11 विद्युत उपकेंद्र हलिया से संचालित हलिया फीडर की विद्युत आपूर्ति देर रात्रि से बाधित हो गयी। बारिश होने से फाल्ट खोजबीन करने के लिए लाइनमैन नही निकल सके। बारिश बंद होने पर फाल्ट ढूंढकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की बात विद्युत कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। बारिश शाम तक रुकने की नाम नही ले रही है विद्युत आपूर्ति बाधित होने से दो दर्जन गांवों में अंधेरा पसर गया है। लोगो को पेयजल के लिए हैंडपंपो का सहारा लेना पड़ा। बारिश के कारण हलिया लालगंज मार्ग बरी व हथेडा गांव में शीशम का पेड गिरने से आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पंहुचे वनकर्मियों ने सडक पर गिरे पेड को कटवाकर आवागमन शुरु कराया है इस संबंध में वनक्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्र ने बताया कि बारिश से पेड़ गिरने की सूचना मिलने पर पेड को हटवाकर आवागमन शुरु करा दिया गया है। इस संबंध में अवर अभियंता सलमान अहमद ने बताया कि हलिया फीडर की आपूर्ति बाधित हुई है बारिश कम होने पर फाल्ट ठीक कराकर आपूर्ति बहाल कराई जायेगी।

### शोक सभा आयोजित कर न्यायिक कार्य से रहे विरत अधिवक्ता

**हलिया (मिर्जापुर)।** चकबंदी बार एशोसिएशन हलिया के सचिव कमलेश कुमार मिश्र एडवोकेट की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें लालगंज तहसील के मुहर्रिर मानिकराम मिश्र के युवा पुत्र राकेश कुमार मिश्र व चकबंदी बार के उपाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह, सदस्य इंद्रजीत सिंह, अनिल सिंह, अमित कुमार सिंह के बडे भाई हृदय नारामण सिंह के पुत्र मनोज कुमार सिंह व वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी प्रमोद त्रिपाठी के चाचा सेठ दत्त त्रिपाठी कि हृदयगति रुकने से मृत्य होने पर चकबंदी बार ऐसोसियेशन के अधिवक्ताओ ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर शोक सभा कर न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। शोक प्रस्तवाव की कापी न्यायालय चकबंदी अधिकारी हलिया भेजा है इस दौरान नेबुलाल द्विवेदी, चंद्र दत्त त्रिपाठी, प्रभु नाथ दुबे, रमेश कुमार मिश्रा, संतोष कुमार तिवारी, प्रमोद त्रिपाठी, श्याम जी दुबे, अरण कुमार मौर्य, सुधाकर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### रेलवे अंडरपास में भरा पानी, वैन डूबी

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र में स्थित धनसिरिया सतौहा रेलवे अंडरपास में पानी भरा होने से मारुति वैन डूबी जानकारी के अनुसार शाम 3 :00 बजे के आसपास मारुति सवार रेलवे अंडरपास में बारिश के पानी का अंदाजा नहीं लगा सके। नदिहार गांव के रियाज अली सेमराबरहो जा रहे थे रास्ते में धनसीरिया गांव में बना रेलवे अंडरपास में पानी भरा होने से गाड़ी पानी में खराब हो गईऔर गाड़ी लेकर गुजरे तो बीच में ही गाड़ी पानी में डूब गई। जिससे कार सवार वहां से निकाल कर चले गए और ट्रैक्टर के माध्यम से गाड़ी को खींचकर बाहर निकल गया। अगर ज्यादा पानी होता तो किसी अनहोनी से रोक नहीं जा सकता है।

# 10 घंटे तक हुई बारिश से मौसम खुशनुमा

▶▶ कई स्थानों पर विद्युत व्यवस्था भी रही अस्त-व्यस्त

**प्रयागराज, नैनी/बारा, अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह से बारिश हो रही है। करीब 10 घंटे हुई बारिश के साथ में ठंडी हवाएं भी चल रही हैं, जिससे तापमान गिर गया और लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई। इस बारिश से तमाम स्थानों पर विद्युत व्यवस्था भी अस्तव्य रही। इस बार प्रयागराज में बारिश सामान्य से काफी कम हुई हैं लेकिन जानकारों की मानें तो मंगलवार को औसत से बहुत अधिक बारिश हुई। सुबह 7 बजे तक यहां का तापमान करीब 26 डिग्री सेल्सियस रहा।

वहीं इस बारिश से किसानों की फसलों को लाभ पहुंचेगा। शुआट्स के कृषि वैज्ञानिक डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि जो धान की फसल पहले लगाई गई थी, अगर वह तेज हवा और बारिश से गिर गईं तो उनको नुकसान होगा, बाकी अन्य फसलों को बारिश से फायदा होगा।


प्रयागराज में बारिश के बाद गांव में भरा पानी। अमृत विचार

जनपद के प्रयागराज जिले में वैसे तो बारिश अभी तक बीच-बीच में हुआ करती थी। कुछ देर बरसने के बाद बारिश रुक जाती थी।लेकिन सोमवार शाम से ही मौसम पूर्वानुमान के अनुसार इस सत्र की सबसे अधिक बारिश शुरू हुई। सुबह से तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। बारिश के साथ तेज हवा से जगह जगह पेड़ गिरने से बिजली के तार टूट गए हैं। इससे विद्युत उपकेन्द्र गौरा अंतर्गत नारीबारी, मवैया, भारतनगर, खुझवा, गड़ैया सहित दर्जनों गांवों में मंगलवार सुबह से ही बिजली कटौती से लोगों को पीने के पानी के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित होने के कारण घर से निकलना मुश्किल हुआ है। उसके साथ ही साथ प्रयागराज मे यमुना नदी उफान पर हैं। खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं।

शहर मे सलोरी, बघाड़ा, दारागंज सहित ग्रामीण इलाकों मे तरहार के कई गांव खतरे के निशान पर है। वहीं गंगा और यमुना के साथ टोंस नदी के बढ़ते जल स्तर से, सलैया, बैरीहा, बजड्डी, जरखोरी आदि गांवों के लोग भी चिन्तित हो गए हैं। उधर गंगा में टोंस का ठेक, जमुना मैया का पानी और इधर से बारिश का पानी, जिससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। अगर ऐसे ही बारिश होती रही तो गांव और घरों में पानी भरने की संभावना बढ़ने से लोग चिन्तित हैं।

## मछुआरों की पलटी नाव, 12 लोग डूबे

▶▶ एनडीआरएफ की टीम ने पहुंचकर सभी को बचाया

**थरवई, प्रयागराज।** थरवई के धुरवा गांव में मंगलवार की सुबह मछली पकड़ने गए लोगों है तीन नाव गंगा की तेज बहाव होने से पलट गई। तीनों नाव पर कुल 12 लोग बैठे थे। नाव पलटते ही हाहाकार मच गया। तत्काल एनडीआरएफ की टीम को सूचना मिली और टीम ने रेस्क्यू कर कुछ देर बाद सकुशल बाहर निकाल लिया। सभी को अस्पताल भेजा गया। थरवई थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर व माधव पुर के रहने वाले लोग मछली मार कर अपना जीवन यापन करते है। मामले में थरवई एसीपी चंद्रपाल सिंह ने बताया कि उन्हें वापस लाने के लिए एनडीआरएफ की एक टीम मौके पर भेजी गई।

## समाज के हर वर्ग और हर घर तक पहुंचना है: भोला सिंह

**जौनपुर, अमृत विचार :** देशभर में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान चल रहा है जिसके तहत पार्टी के जनप्रतिनिधियों एवं तमाम पदाधिकारियों और ईकाइयों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके तहत अब सदस्यों की संख्या को बढ़ाने के लिए भाजपा महाअभियान की शुरुआत कर दी है। इसी क्रम मे भाजपा के सीहीपुर स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता मे एक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप बुलंदशहर के सांसद एव अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव भोला सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि भोला सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान को संगठन पर्व के रूप में मनाते हुए हमें समाज के हर वर्ग और हर घर तक पहुंचना है।

## फिलिस्तीन जिन्दाबाद के नारे लगाने वाले 5 गिरफ्तार

**जौनपुर, अमृत विचार।** थाना मछलीशहर पुलिस ने जुलूस में फिलिस्तीन जिन्दाबाद के नारे लगाने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर सत्यप्रकाश सिंह , उ.नि. अखिलेश कुमार यादव मय हमराह फोर्स की संयुक्त टीम द्वारा तलाश व दबिश की कार्यवाही के दौरान शाम चार बजे जामा मस्जिद खानजादा के पास कस्बा मछलीशहर से थाना पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त नेयाज पुत्र मोहम्मद मुस्तफा निवासी मोहल्ला काजियाना कस्बा थाना मछलीशहर, निहाल उर्फ बल्लू पुत्र वकील अहमद पुत्र बिल्ला खां, कैफ पुत्र मोहम्मद मंसूर निवासी, मोहम्मद सलमान पुत्र महमूद निवासी मोहल्ला काजियाना और अरबाज पुत्र आजम को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों द्वारा बारावफात को बिना प्राधिकृत अधिकारी के अनुमति लिये जुलूस निकालने व उक्त जुलूस में फिलिस्तीन जिन्दाबाद के नारे लगाकर अन्य वर्ग व समुदाय के लोगों में धार्मिक असंतोष व रोष फैलाने का प्रयास किया गया। सोशल मीडिया पर वीडियो जारी होने पर पुलिस वीडियो व फोटो के माध्यम से अभियुक्तों की शिनाख्त की गई। शेष अभियुक्तों की तलाश जारी है।

हर्षोल्लास | विश्वनाथगंज के विधायक ने ध्वज पताका दिखाकर रवाना की प्रभु विश्वकर्मा की झांकी

# विधि-विधान से पूजे गए देव शिल्पी, निकली शोभायात्रा

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिले भर में मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा का विधि विधान से पूजन किया गया। जगह - जगह धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। रानीगंज क्षेत्र के दुर्गागंज बाजार, रानीगंज, रामापुर सुवँसा में मशीनरी एवं कारीगरी उद्योगो से जुड़े लोग सुबह से ही उपकरणों की सफाई कर सजाकर रख दिए। इसके बाद भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया। दुर्गागंज में सुभाष विश्वकर्मा, रामापुर में प्रकाश विश्वकर्मा, सुवंशा में सुनील जायसवाल द्वारा झांकी प्रस्तुत की गयी।

विश्वकर्मा योद्धा संगठन के तत्वावधान में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा के पूजनोउत्सव का कार्यक्रम कुसमी निवासी पवन कुमार विश्वकर्मा के आवास पर पंडित लालता प्रसाद शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजन हवन आरती करके किया गया। तत्पश्चात भगवान विश्वकर्मा की झांकी विश्वनाथगंज के विधायक जीत लाल पटेल द्वारा ध्वज पताका दिखाकर रवाना किया गया।झांकी भगवा चुंगी, घंटाघर चौक, राजापाल चौराहा, आंबेडकर चौराहा, ट्रेजरी चौराहा के बाद पुनः भगवा चुंगी होते हुए कुसमी में समापन किया गया। इस अवसर पर अद एस के प्रदेश सचिव कमलेश विश्वकर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा संपूर्ण विश्व में की जाती है।


विश्वकर्मा का पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

आयोजक पवन कुमार विश्वकर्मा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुन्नू विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, भरत व्यास शर्मा, संजय राज पटेल, रामचंद्र पटेल, बादल पटेल, राजकुमार पटेल, अश्वनी सोनी, सुभाष सोनी, गोविंद सोनी, दिनेश प्रताप दिन्नू आदि रहे।

## कुशल व दक्ष शिल्पकार थे विश्वकर्मा: प्रो. राजेश

▶▶ वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि में मनाया गया विश्वकर्मा पूजन

**जौनपुर, अमृत विचार :** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय और विज्ञान संकाय में विश्वकर्मा पूजा मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में छात्रों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की वर्कशाप में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इंजीनियरिंग संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर सौरभ पाल एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप कुमार सिंह ने धूप-दीप से भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन- अर्चन किया। वर्कशॉप भवन को भव्यता से सजाया गया था। कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नूपुर गोयल, रसायन विभाग के डॉ रामनरेश यादव, डॉ. उदय राज प्रजापति ने छात्रों के साथ आरती एवं हवन में भाग लिया। विज्ञान संकाय में बायोटेक्नोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी द्वारा विश्वकर्मा पूजा का आयोजन प्रयोगशाला में किया गया। विज्ञान संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर राजेश शर्मा ने विश्वकर्मा जी को एक कुशल और दक्ष शिल्पकार बताया और हावड़ा पुल की आधारशिला पर विश्वकर्मा की पूजा का महत्व बताया।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900 रवा 3000–3050

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 74,950 |
| सोना रवा | 74,800 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# थोक महंगाई अगस्त में चार महीने के निचले स्तर पर

## सब्जियों, खाद्य पदार्थों और ईंधन के सस्ते होने से 1.31% गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आलू-प्याज की मुद्रास्फीति 77.96 व 65.75 प्रतिशत के उच्च स्तर पर



सब्जियों, खाद्य पदार्थों और ईंधन के सस्ते होने से थोक मुद्रास्फीति अगस्त में चार महीने के निचले स्तर 1.31 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि, प्याज और आलू की कीमतों में तेजी रही। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई, जबकि मई में यह 3.43% के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। जुलाई में 2.04% और अगस्त 2023 में इसमें 0.46% की गिरावट आई थी। उद्योग मंत्रालय ने कहा कि अगस्त 2024 में खाद्य पदार्थों, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, कपड़ा तथा मशीनरी और उपकरण के विनिर्माण की कीमतों में वृद्धि हुई। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अगस्त में 3.11% रही, जबकि जुलाई में यह 3.45% थी। सब्जियों की कीमतों में अगस्त में 10.01% की गिरावट रही। आलू-प्याज की मुद्रास्फीति क्रमशः 77.96 और 65.75% के उच्च स्तर पर बनी रही। वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने कहा कि अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक में नरमी का कारण खाद्य (सब्जी) कीमतों में क्रमिक गिरावट है।

इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि हालांकि खरीफ की बुवाई अब तक अच्छी रही है, लेकिन चालू महीने में अतिरिक्त वर्षा से कटाई में देरी हो सकती है। इससे पैदावार प्रभावित हो सकती है, हालांकि अखिल भारतीय स्तर पर जलाशयों में पर्याप्त भंडारण होने से रबी की बुवाई में तेजी की संभावना है। बार्कलेज ने कहा कि ऊर्जा और धातु की कीमतों में गिरावट से विनिर्माण लागत में कमी आने से मुख्य उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति पर प्रभाव पड़ने का जोखिम कम हो गया है।

# आईपीओ : बाजार में हिस्सेदारी का मौका...

आईपीओ (इनिशियल पब्लिक आफरिंग) वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से निजी कंपनी अपने शेयरों को पहली बार सार्वजनिक रूप से जारी करती है। यह कंपनी को पूंजी जुटाने का अवसर प्रदान करता है और निवेशकों को सार्वजनिक बाजार में हिस्सेदारी प्राप्त करने का मौका देता है। आईपीओ से पहले निवेशकों को कंपनी की वित्तीय स्थिति, मूल्यांकन, और प्रबंधन टीम की जांच करनी चाहिए। हालांकि आईपीओ में निवेश के संभावित लाभ हैं, लेकिन इसमें वित्तीय और मार्केट जोखिम भी शामिल हैं। उचित शोध और वित्तीय सलाह के साथ निवेश करना महत्वपूर्ण है। इसके कुछ मुख्य बिंदुओं पर विचार करते हैं.....

**प्रस्तावित मूल्यांकन :** आईपीओ के लिए निर्धारित शेयर मूल्य का मूल्यांकन करें और यह जानने की कोशिश करें कि क्या यह उचित है। अन्य कंपनियों की तुलना और पिछले आईपीओ के मूल्यांकन का भी ध्यान रखें।

**कंपनी की योजना:** कंपनी की भविष्य की योजना, उनके बाजार में संभावनाएं और प्रतियोगिता की स्थिति को समझें।

**प्रबंधन टीम:** कंपनी के प्रबंधन टीम के अनुभव और उनके द्वारा किए गए पिछले सफल प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करें।

**प्रस्तावित शेयरों की संख्या:** आईपीओ में जारी किए जा रहे शेयरों की संख्या और उनके वितरण की योजना पर ध्यान दें।

**निवेशकों का रुझान:** आईपीओ में कितने निवेशक रुचि दिखा रहे हैं, और क्या संस्थागत निवेशकों ने भी इसमें भाग लिया है।

### निवेशकों को लाभ

**उच्च लाभ की संभावना:** अगर कंपनी की शेयरों की कीमत बढ़ती है, तो निवेशकों को अच्छा लाभ मिल सकता है।

**विविधीकरण:** आईपीओ के माध्यम से निवेशक अपनी निवेश पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं।

**अधिक अवसर:** नई कंपनियों में निवेश करने से पहले से मौजूदा कंपनियों के मुकाबले नए और अनूठे अवसर मिल सकते हैं।




### निवेश के जोखिम

**वित्तीय:** नई कंपनियों के पास स्थिरता और मुनाफे की गारंटी नहीं होती है, इसलिए निवेशकों को वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

**मार्केट:** स्टॉक की कीमतें बाजार की परिस्थितियों के अनुसार बदल सकती हैं, जो कि अस्थिर हो सकती हैं।

**विवाद और कानून:** आईपीओ के दौरान कुछ कानूनी विवाद उत्पन्न हो सकते हैं जो कंपनी की शेयर की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

**सार्वजनिक निरीक्षण:** कंपनी को सार्वजनिक रूप से अधिक कड़ी निगरानी का सामना करना पड़ता है, जिससे कोई भी अनियमितता या विफलता की संभावना बढ़ जाती है।

### मार्गदर्शन


शोध और विश्लेषण : निवेश करने से पहले पूरी जानकारी और शोध करें। यह आपको आईपीओ के बारे में एक बेहतर समझ प्रदान करेगा।

## देश का निर्यात 9.3% घटकर 34.71 अरब डॉलर पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश का वस्तु निर्यात अगस्त महीने में 9.3% घटकर 34.71 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 38.28 अरब डॉलर था। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त में आयात 3.3% बढ़कर 64.36 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले इसी महीने में 62.3 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा बढ़कर 29.65 अरब डॉलर हो गया। वस्तु निर्यात में जुलाई में 1.5 % की गिरावट थी। निर्यात 1.14% बढ़कर 178.68 अरब डॉलर, आयात 7% बढ़कर 295.32 अरब डॉलर रहा।

# केंद्र ने किसानों के लिए कई नीतियां कीं लागू : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



- कृषि नीतियों से उत्पादन और निर्यात को मिलेगा बढ़ावा
- 14 क्षेत्रों में 15 लाख करोड़ रुपये की नीतियां हुईं है लागू
- सरकार ने ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि अवसरंचना कोष की शुरू

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में कृषि उत्पादकता और निर्यात बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए किसानों के हित में कई नीतियां लागू की हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री की अगुवाई में बनी सरकार ने पहले 100 दिन में अर्थव्यवस्था के 14 क्षेत्रों में 15 लाख करोड़ रुपये की नीतियां लागू की हैं।

उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए उठाए कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने स्टार्टअप एवं ग्रामीण उद्यमों को समर्थन देने के लिए कृषि अवसरंचना कोष की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि किसानों के जीवन एवं आजीविका को बेहतर करने के लिए सात योजनाओं के तहत 14,200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत 9.3 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये वितरित करने सहित कृषि क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों का जिक्र किया।

शाह ने कहा कि हमने पीएम-किसान के तहत 70वीं किस्त वितरित की है। अब तक 12.33 करोड़ किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। पीएम-किसान योजना के तहत 6,000 रुपये सालाना दिया जाता है जो प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये पात्र किसानों के बैंक खातों में सीधे डाला जाता है। मंत्री ने कहा कि कृषि नीतियों को कृषक समुदाय के कल्याण और समृद्धि को ध्यान में रखते हुए लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे देश के खाद्यान्न उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा जिससे किसानों की स्थिति में सुधार होगा। शाह ने कहा कि संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) शासन की तुलना में मोदी सरकार ने एमएसपी पर अधिक फसलें खरीदी हैं। इससे पता चलता है कि राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार किसानों को लेकर प्रतिबद्ध है। एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए चीनी मिलों को मल्टी-फीड डिस्टिलरी में परिवर्तित किया जा रहा है।

# देश में जिंक की मांग 2030 तक बढ़ने की संभावना

उदयपुर, एजेंसी

- पांच साल में ऊर्जा भंडारण समाधानों में 7 गुना वृद्धि की उम्मीद

इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन (आईजेडए) ने मंगलवार को कहा कि हरित ऊर्जा और बैटरी प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों के चलते भारत में जिंक की मांग में 2030 तक वृद्धि की संभावना है। आईजेडए का मानना है कि पांच साल में ऊर्जा भंडारण समाधानों में सात गुना वृद्धि होने की उम्मीद है।

भारत का रिकॉर्ड इस्पात उत्पादन और तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास जिंक के लिए महत्वपूर्ण अवसर पेश करता है। आईजेडए ने कहा कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में जिंक को शामिल करने से वार्षिक क्षरण लागत में कमी आ सकती है। ये लागत जीडीपी का 5% है। आईजेडए नेजिंक कॉलेज 2024 का आयोजन किया, जिसमें 31 कंपनियां और 21 देश शामिल हुए। आईजेडए के चेयरमैन अरुण मिश्रा ने कहा कि शहरीकरण और टिकाऊ बुनियादी ढांचे की आवश्यकता से भारत में जिंक की मांग तेजी से बढ़ने वाली है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### सुकमा में हुए सामूहिक हत्याकांड में 17 गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में अंधविश्वास के कारण हेड-कॉन्स्टेबल समेत उसके परिवार के पांच लोगों की सामूहिक हत्याकांड में पुलिस ने एक महिला समेत 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। रविवार शाम जादू-टोने के शक में गांव वालों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर पांच लोगों की हत्या कर दी थी। घटना कोंटा के मुरलीगुड़ा कैंप के पास इटकल गांव की है।

### बुजुर्ग पर घरेलू सहायिका से छेड़छाड़ का आरोप

**मुंबई।** मुंबई के मालबार हिल इलाके में रहने वाले 85 वर्षीय बुजुर्ग पर उनके घर में काम करने वाली 20 वर्षीय घरेलू सहायिका ने छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत दर्ज करने वाले अधिकारी ने बताया कि आरोपी सेवानिवृत्त व्यवसायी को उसकी वृद्धावस्था के कारण गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन नोटिस दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि बुजुर्ग दंपती और उनकी बेटी एक साथ रहते हैं। पीड़िता ने नौ सितंबर से वहां काम शुरू किया था। सहायिका के अनुसार बुजुर्ग की पत्नी 11 सितंबर की सुबह नौ बजे स्नान करने गयी थी और उनकी बेटी काम पर गई थी, तभी उन्होंने उससे छेड़छाड़ की।

### दर्शन व अन्य की न्यायिक हिरासत 30 तक बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्याकांड में आरोपी कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीप, उसकी दोस्त पवित्रा गौड़ा और अन्य की न्यायिक हिरासत 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। दर्शन और पवित्रा समेत सभी 17 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि मंगलवार को समाप्त होने के बाद उन्हें राज्य की विभिन्न जेलों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया।

# मेरे गणेश पूजा करने से भड़की है कांग्रेस

## सीजेआई के आवास पर हुए अनुष्ठान में भाग लेने पर विपक्ष की आलोचना का मोदी ने दिया जवाब

- भुवनेश्वर की रैली में देश के कई हिस्सों में श्रीगणेश पूजा का उल्लेख करते हुए बोले प्रधानमंत्री

भुवनेश्वर, एजेंसी



भुवनेश्वर में रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनके गणेश पूजन में भाग लेने के बाद कांग्रेस और उसका इकोसिस्टम उन पर भड़का हैं तथा अंग्रेजों की तरह समाज को बांटने और तोड़ने में लगे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी है। भुवनेश्वर में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह टिप्पणी प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर गणेश पूजा में भाग लेने पर विपक्ष की आलोचना के संदर्भ में की।

गणेश विसर्जन का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस अहम दिन देश को उन चुनौतियों पर भी ध्यान देना है, जो देश को पीछे धकेलना में जुटी हैं। आज, जब हम गणपति बप्पा को विदाई दे रहे हैं तो मैं एक विषय इसी से जुड़ा उठा रहा हूं। गणेश उत्सव ने देश की आजादी में भी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि जब अंग्रेज देश को बांटने में लगे थे तब जातियों के नाम पर लड़वाना, बांटो और राज करो उनका हथियार बन गया था। तब लोकमान्य तिलक ने गणेश उत्सव के आयोजनों के जरिए भारत की आत्मा को जगाया था।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने बुधवार को सीजेआई के आवास पर गणपति पूजा में भाग लिया था। इसका वीडियो जारी होने के बाद विपक्ष के कई नेताओं और सुप्रीम कोर्ट के कुछ वकीलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। इस विवाद पर राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा था कि सर्वोच्च पदों पर बैठे लोगों को किसी निजी आयोजन का प्रचार नहीं करना चाहिए।

### 3,800 करोड़ की परियोजनाओं का हुआ अनावरण

प्रधानमंत्री ने ओडिशा सरकार की महिला केंद्रित योजना सुभद्रा की शुरुआत की और राज्य में 3,800 करोड़ से अधिक की रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने राज्य में 2,871 करोड़ की लागत वाली राष्ट्रीय रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। उन्होंने जनता मैदान में कार्यक्रम में 1,000 करोड़ की लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी अनावरण किया। सुभद्रा योजना के तहत 21 से 60 आयुवर्ग की पात्र लाभार्थियों को 2024-25 से 2028-29 के बीच 50,000 की राशि दी जाएगी। लाभार्थियों को प्रति वर्ष 10,000 रुपये दो समान किश्तों में भेजी जाएगी। 76 लाख महिलाओं ने पंजीकरण कराया है। सुभद्रा योजना के तहत 25 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 1,250 करोड़ राशि हस्तांतरित हुई है।

## ममता बनर्जी का इस्तीफा मांगने संबंधी याचिका रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें कोलकाता में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मद्देनजर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे मांगे जाने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका दायर करने वाले वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि न्यायालय के पास ऐसा आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि यह कोई राजनीतिक मंच नहीं है। आप बार के सदस्य हैं। हम जो कहते हैं, उसके लिए हमें आपकी पुष्टि की आवश्यकता नहीं है। आप जो कहते हैं, वह कानूनी अनुशासन के नियमों के अनुसार होना चाहिए।

# आतंकी के लिए लड़ने वाले परिवार की महिला का सीएम बनाना दुखद

नई दिल्ली, एजेंसी



- आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आतिशी पर किया कटाक्ष

आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आतिशी के मुख्यमंत्री चुने जाने पर कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ऐसी महिला को बनाया जा रहा है, जिनके परिवार ने आतंकवादी अफ़ज़ल गुरु को फांसी से बचाने की लड़ाई लड़ी। मालीवाल ने एक्स पर यह प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए आज बहुत दुखद दिन है। मुख्यमंत्री ऐसी महिला को बनाया जा रहा है जिनके माता पिता ने अफ़ज़ल गुरु को बचाने के लिए राष्ट्रपति को दया याचिकाएं लिखीं। उनके हिसाब से अफ़ज़ल गुरु निर्दोष था और उसको राजनीतिक साज़िश के तहत फंसाया गया था। उन्होंने कहा कि वैसे तो आतिशी मार्लेना सिर्फ़ डमी मुख्यमंत्री है, फिर भी यह मुद्दा देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। भगवान दिल्ली की रक्षा करे!

### मालीवाल राज्यसभा से इस्तीफा दे : आप

आप विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि स्वाति मालीवाल में जरा भी शर्म है तो उन्हें राज्यसभा से इस्तीफा देना चाहिए। स्वाति मालीवाल ऐसी इंसान हैं, जो राज्यसभा जाने के लिए आप से टिकट लेती हैं, लेकिन बोलने के लिए स्क्रिप्ट भाजपा से लेती हैं। उन्हें राज्यसभा में रहने का शौक है, तो उन्हें भाजपा से टिकट लेना चाहिए।

## राजद प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी अमित को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में मंगलवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी अमित कत्याल को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने राहत देते हुए कहा कि जमानत दी जाती है।

**नौकरी के बदले जमीन घोटाला**

कत्याल को ईडी ने 11 नवंबर, 2023 को विभिन्न प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि कत्याल ने रेलवे में नौकरी के इच्छुक लोगों से जमीन खरीदी और यह खरीद राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद की ओर से की गई। ईडी ने दावा किया है कि कत्याल एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के निदेशक थे, जिसने लालू प्रसाद की ओर से नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों से जमीन खरीदी थी। इस मामले में राजद प्रमुख के परिवार के कुछ अन्य सदस्य भी आरोपी हैं।

## जम्मू में आतंकवादी हमले बढ़ने के लिए भाजपा जिम्मेदार : उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां)के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जम्मू में बढ़ते आतंकवादी हमलों के लिए भाजपा जिम्मेदार है। उमर ने यह टिप्पणी उस सवाल के जवाब में की, जिसमें गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू के गुलाबगढ़ में कहा था कि जम्मू संभाग में बढ़ते आतंकवादी हमलों के लिए नेकां और कांग्रेस जिम्मेदार हैं। उमर ने कहा कि गृह मंत्री बताएं कि जम्मू में बढ़ते आतंकवादी हमलों के लिए कौन जिम्मेदार है। कांग्रेस और नेकां की सरकार 10 वर्षों से यहां नहीं है।

# प्रशासन को गहरी नींद से जागने की जरूरत : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

**कोचिंग में मौत का मामला**

- 13 सितंबर के आदेश में प्रशासन की लापरवाही पर जताया अफसोस

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि प्रशासन को गहरी नींद से जागने और शहर के कोचिंग संस्थानों की स्थिति को सुधारने के लिए उचित कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही, कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर की इमारत के भूमिगत तल (बेसमेंट) के चार सह-मालिकों को 30 नवंबर तक अंतरिम जमानत दे दी। उसी इमारत में कोचिंग संस्थान था, जहां जुलाई में तीन अभ्यर्थी डूब गए थे।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर 13 सितंबर को पारित आदेश में प्रशासन केलापरवाह रवैये पर अफसोस जताया और कहा कि ऐसी घटनाएं बार-बार होती हैं और निर्दोष लोग उन शरारती तत्वों के कारण जान गंवा देते हैं, जो केवल पैसा कमाना चाहते हैं। अदालत की वेबसाइट पर जारी आदेश में न्यायाधीश ने कहा कि देशभर से बच्चे शिक्षा के लिए राष्ट्रीय राजधानी आते हैं और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोचिंग संस्थान मालिकों को ऐसे मासूम बच्चों की कोई परवाह नहीं है।

न्यायमूर्ति शर्मा ने उपराज्यपाल से आग्रह किया कि वे समिति गठित करें, अच्छा हो कि यह समिति हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के अधीन हो, जो कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण करे तथा सुझाव दे कि वे असुरक्षित भवनों या परिस्थितियों में संचालित ना हों। कोर्ट ने कहा कि हालिया घटना जिसमें तीन छात्रों की जान चली गई, दुर्भाग्यपूर्ण है और खतरे की घंटी है। अदालत ने पहले भी अनधिकृत कोचिंग संस्थान चलाने के मुद्दे को उठाया है, लेकिन दुर्भाग्य से नगर निकाय के अधिकारी कोई कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। ऐसे छात्रों के माता-पिता मेहनत की कमाई खर्च करके बच्चों को कोचिंग संस्थान में भेजते हैं, इस उम्मीद के साथ कि उनके बच्चे कुछ बनेंगे।

## जल संरक्षण के लिए मिलकर काम करने की जरूरत : मुर्मू

- तीन दिन तक चलने वाले 8वें भारत जल सप्ताह सम्मेलन का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण के लिए सभी हित धारकों को मिलकर काम करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा है कि जल जीवन है इसलिए सब प्राणियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए जल संरक्षण को आंदोलन बनाने की ज़रूरत है। मुर्मू ने मंगलवार को भारत मंडपम में तीन दिन तक चलने वाले 8वें भारत जल सप्ताह सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पानी बचाने के नए तथा परंपरागत तरीकों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण प्रबंधन को प्रभावी बनाने, विकास और वितरण के लिए सभी हितधारकों के बीच सहयोग, समावेशिता और साझेदारी को बढ़ाने के जो प्रयास जल शक्ति मंत्रालय कर रहा है उसके कार्य सराहनीय हैं।

# क्या वित्त मंत्री को बुच से जुड़े तथ्यों की जानकारी थी : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस महासचिव ने वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री से किए सवाल

सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के मामले पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रतिक्रिया के बाद मंगलवार को कांग्रेस ने कहा कि बुच और उनके पति के वित्तीय लेन-देन के जो तथ्य सामने आए हैं, अब तक उनका किसी ने खंडन नहीं किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि क्या वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री को इन तथ्यों की जानकारी थी?

वित्त मंत्री ने सोमवार को कहा था कि सेबी प्रमुख और उनके पति अपना बचाव कर रहे हैं और ऐसे तथ्य सामने रख रहे हैं जो कांग्रेस के आरोपों के विपरीत हैं। माधवी और धवल ने कहा था कि ये आरोप झूठे और साख बिगाड़ने की कोशिश हैं। रमेश ने एक्स पर लिखा कि सेबी प्रमुख के व्यक्तिगत वित्तीय लाभ के मुद्दे पर वित्त मंत्री ने आखिरकार केंद्र सरकार की चुप्पी तोड़ी है।

## समन पर केजरीवाल की याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की उन दो याचिकाओं को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिनमें आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी की ओर से दायर शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा उन्हें जारी समन को चुनौती दी गई थी। विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने केजरीवाल की पुनरीक्षण याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए पर्याप्त आधार हैं।

# शीर्ष कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से पूछा- क्या खंडपीठ में याचिका दायर हो सकती है

नई दिल्ली, एजेंसी

**मथुरा शाही ईदगाह**

- हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ हिंदू पक्ष को नोटिस देने से पहले सुनवाई चार नवंबर तक टली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुस्लिम पक्ष से कहा कि क्या एकल-जज के उस आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष याचिका दायर हो सकती है, जिसके तहत मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों के सुनवाई योग्य होने के खिलाफ उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ शुरू में हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर हिंदू पक्षकारों को नोटिस देने की इच्छुक थी। बाद में उसने मामले को चार नवंबर के लिए सूचीबद्ध किया। हिंदू पक्ष के वकील माधवी दीवान और विष्णु शंकर जैन ने कहा कि शीर्ष अदालत ने पहले आदेश पर रोक और सर्वेक्षण के लिए कमिश्नर नियुक्त किया था और अब इसे खाली कर दिया जाना चाहिए।

# विधायिका ने निर्भया कांड से सबक नहीं सीखा

इंदौर, एजेंसी

- चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले पर सुनवाई के दौरान मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने इंदौर में चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में टिप्पणी की कि ऐसी घटनाओं में शामिल नाबालिगों से नरम बर्ताव किया जा रहा है और विधायिका ने 2012 के निर्भया कांड से कोई सबक नहीं सीखा है। न्यायाधीश सुबोध अभ्यंकर ने मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई सजा के खिलाफ दायर याचिका रद करते हुए तीखे लहजे में यह बात कही। दोषी के पिता ने यह याचिका दायर की।

दोषी ठहराया गया यह व्यक्ति 2017 में हुई घटना के समय 17 साल का था और सजा सुनाने के छह महीने बाद सात अन्य लड़कों के साथ एक बाल सुधार गृह से 2019 में भाग गया था। पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अदालत यह देखकर व्यथित है कि देश में किशोरों के साथ काफी नरम व्यवहार किया जा रहा है और विधायिका ने निर्भया कांड की भयावहता से कोई सबक नहीं लिया है। यह पीड़ितों के लिए दुर्भाग्य की बात है। कोर्ट ने कहा कि मौजूदा मामले में उपलब्ध सबूतों के मद्देनजर यह पता लगाने के लिए किसी विशेषज्ञ की जरूरत नहीं है कि दोषी का आचरण नाबालिग अवस्था में कितना राक्षसी था। वह सुधार गृह से भाग चुका है और अब तक उसका कोई पता नहीं है। शायद वह गली के किसी अंधेरे कोने में एक और शिकार करने के लिए छिपा हुआ है और उसे रोकने वाला कोई नहीं है।

## खेल डायरी

### स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना अल नासर ने मैच ड्रॉ कराया




**बगदाद।** स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे सऊदी अरब के क्लब अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में इराक के अल शॉर्टा के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। अल नासर ने मैच में अच्छी शुरुआत की। सुल्तान अल घन्नम ने 14वें मिनट में गोल करके अल नासर को बढ़त दिला दी थी लेकिन इसके 10 मिनट बाद मोहम्मद दाऊद ने इराक के क्लब की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया।

### पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस द. कोरिया में पहले दौर में हारी



**सियोल (दक्षिण कोरिया)।** अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को मंगलवार को डब्ल्यूटीए कोरिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हमवतन अमेरिकी हेली बैपटिस्टे के खिलाफ 6-7, 2-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। पहले दौर के अन्य मुकाबलों में अमांडा एनिसिमोवा ने उलटफेर करते हुए छठी वरीय यूलिया पुतिंतसेवा को 6-3, 7-6 से हराया जबकि पोलिना कुदरमेतोवा ने प्रिसिला होन को 7-5, 6-4 से शिकस्त दी।

### टॉम सेरमनी ऑस्ट्रेलिया की फुटबाल महिला टीम के अंतरिम कोच नियुक्त



**सिडनी।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) ने मंगलवार को राष्ट्रीय महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच टॉम सेरमनी को अंतरिम कोच नियुक्त किया हैं। एफए ने मंगलवार को बताया कि स्थायी कोच की तलाश जारी है। सेरमनी तीसरी बार मैटिल्डास के मुख्य कोच का पद संभाल रहे हैं। सेरमनी इतिहास में सबसे लंबे समय तक मैटिल्डास कोच रहे हैं, इससे पहले उन्होंने 1994-1997 और 2005-2012 में राष्ट्रीय टीम के कोच रहे थे।

### सीजीएफ से 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को नहीं हटाने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) से आग्रह किया कि इस खेल को 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में बरकरार रखा जाए लेकिन साथ ही स्वीकार किया कि संभावित मेजबान स्कॉटलैंड शायद इसके लिए राजी नहीं हो। भारत राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती में सबसे सफल देशों में से एक है जिसने 2022 तक इस खेल में 114 पदक जीते हैं। कुश्ती पिछले तीन खेलों में राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा रही है। पिछली बार कुश्ती को 2006 में इन खेलों में जगह नहीं मिली थी।

# आईसीसी विश्व कप में पुरुषों और महिलाओं को समान पुरस्कार राशि

दुबई, एजेंसी

- विजेता बनने वाली टीम को अब 23 लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगे

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि विश्व कप में अब पुरुषों और महिलाओं को समान पुरस्कार राशि दी जाएगी। शुरुआत अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले महिला टी20 विश्व कप से होगी। आईसीसी के बयान के अनुसार महिला टी20 विश्व कप में विजेता बनने वाली टीम को अब 23 लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

ऑस्ट्रेलिया को पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में खेले गए महिला टी20 विश्व कप जीतने पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। इस तरह से इसमें 134 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय पुरुष टीम को इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप का विजेता बनने पर 23 लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। आईसीसी ने कहा, आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 पहला आईसीसी टूर्नामेंट होगा जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान पुरस्कार राशि मिलेगी जो इस खेल के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। बयान के अनुसार, यह फैसला जुलाई 2023 में आईसीसी वार्षिक सम्मेलन में लिया गया जब आईसीसी बोर्ड ने अपने 2030 के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से सात साल पहले पुरस्कार राशि समान करने का निर्णय किया।

# बांग्लादेश के लिए अलग रणनीति नहीं: रोहित

चेन्नई, एजेंसी

- पाकिस्तान पर बांग्लादेश की जीत को कप्तान ने नहीं दी तवज्जो
- नवंबर से होगा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आयोजन



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान पर हाल ही में मिली शानदार जीत और मेहमान टीम में तेज गेंदबाज नाहिद राणा की मौजूदगी के बावजूद बांग्लादेश के खिलाफ आगामी श्रृंखला में नई रणनीति बनाने की कोई जरूरत नहीं है। बांग्लादेश ने टेस्ट श्रृंखला में 2-0 की जीत के दौरान पाकिस्तान को पहली बार हराया लेकिन रोहित ने इसे ज्यादा तवज्जो नहीं दी।

रोहित ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हर टीम भारत को हराना चाहती है। उन्हें इस पर गर्व होता है। उन्हें मजे करने दीजिए। हमारा काम यह सोचना है कि मैच कैसे जीते जाएं। हम इस बारे में नहीं सोचते कि विरोधी टीम हमारे बारे में क्या सोच रही है।

उन्होंने कहा, भारत ने दुनिया की लगभग हर शीर्ष टीम के खिलाफ क्रिकेट खेला है। इसलिए पूरी तरह से अलग रणनीति बनाने की जरूरत नहीं है। रोहित तेज गेंदबाज राणा को लेकर भी चिंतित नहीं हैं जो आराम से 150 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते हैं लेकिन किसी एक खिलाड़ी की जगह उनका ध्यान पूरी बांग्लादेश टीम पर है। भारतीय कप्तान ने कहा, देखिए टीम में कुछ नए खिलाड़ी होंगे। लेकिन आप बस उनके बारे में सोच सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भी यही योजना होगी, यानी अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना होगा। रोहित ने कहा कि गेंदबाजों, विशेष रूप से तेज गेंदबाजों के कार्यभार का प्रबंधन करना उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी क्योंकि इस सत्र में कुल 10 टेस्ट होने हैं जिसमें नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी शामिल है। रोहित ने कहा, आप चाहते हैं कि आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सभी मैच खेलें लेकिन यह संभव नहीं है क्योंकि बहुत ज्यादा क्रिकेट हो रहा है। यह सिर्फ टेस्ट क्रिकेट नहीं है, टेस्ट श्रृंखला के बीच में टी20 क्रिकेट भी हो रहा है। इसलिए आपको अपने गेंदबाजों का इसके हिसाब से प्रबंधन करना होगा। उन्होंने कहा, हमने कुछ योजनाएं बनाई हैं कि हम इन गेंदबाजों का प्रबंधन कैसे करेंगे।

# चीन को हराकर भारत बना चैंपियन

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: भारतीय डिफेंडर जुगराज के फील्ड गोल ने टीम को दिलाई जीत

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी

- मैच के पहले तीन क्वार्टर तक कोई भी टीम नहीं कर सकी थी गोल
- पाकिस्तान ने कोरिया को 5-2 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया



जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय हॉकी टीम का मंगलवार को जुगराज के गोल से ट्रॉफी पर फिर कब्जा कर लिया। मेजबान चीन को कड़े मुकाबले में 1-0 से हराकर पांचवीं बार भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा किया। मैच के पहले तीन क्वार्टर तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी। आखिर में डिफेंडर जुगराज सिंह ने फील्ड गोल करके टीम को जीत दिलाई।

टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह के लिए यह मुकाबला कतई आसान नहीं था। पहले तीन क्वार्टर में चीनी डिफेंडरों ने भारत को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। भारतीय टीम के लिये 51वें मिनट में जुगराज ने गोल किया। चीन दूसरी बार ही किसी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट का फाइनल खेल रहा था। इससे पहले उसने एशियाई खेल 2006 फाइनल खेला था, जिसमें उसने कोरिया ने 3-1 से हराया था। इससे पहले पाकिस्तान ने कोरिया को 5-2 से हराकर छह टीमों के टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम ने पहले लीग मैच में चीन को 3-0 से हराया था, लेकिन फाइनल मुकाबला काफी कठिन रहा। पहले दो क्वार्टर में भारत ने गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन चीन भी जवाबी हमले में पीछे नहीं था। राजकुमार पाल ने पहला हमला बोला जिसे चीन के गोलकीपर वांग वेइहाओ ने बचा लिया। राजकुमार ने दसवें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन हरमनप्रीत सिंह गोल नहीं कर सके। दो मिनट बाद नीलाकांता शर्मा का शॉट वांग ने बचाया और अगले मिनट सुखजीत सिंह को गोल नहीं करने दिया।

पहले क्वार्टर से कुछ सेकंड पहले भारत ने पेनल्टी कॉर्नर गंवाया लेकिन कृशन बहादुर पाठक गोल के सामने मुस्तैद थे। दूसरे क्वार्टर में भी कहानी यही रही जब गेंद पर नियंत्रण में भारत ने बाजी मारी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। भारत को 27वें मिनट में सुखजीत ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन हरमनप्रीत का शॉट गोलपोस्ट से टकरा गया। दूसरे हाफ में चीनी फारवर्ड पंक्ति ने लगातार हमले बोले और 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन भारतीय डिफेंस चौकस था। चीन को 40वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिन पर भारतीय गोलकीपर पाठक ने गोल नहीं होने दिया। भारत के गोल के सूत्रधार हरमनप्रीत रहे जो जबर्दस्त स्टिक वर्क दिखाते हुए चीनी सर्कल में घुसे और जुगराज को गेंद सौंपी जिसने गोल करने में कोई चूक नहीं की। हूटर से चार मिनट पहले चीन ने गोलकीपर को हटाकर अतिरिक्त खिलाड़ी को उतारा लेकिन बराबरी नहीं कर सका।

| वर्ष | विजेता | उपविजेता |
| --- | --- | --- |
| 2011 | भारत | पाकिस्तान |
| 2016 | भारत | पाकिस्तान |
| 2018 | भारत | संयुक्त |
| 2023 | भारत | मलेशिया |
| 2024 | भारत | चीन |

### युवा टीम के लिए आसान नहीं था यह टूर्नामेंट : फुल्टोन

**हुलुनबुइर (चीन)।** भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन का मानना है कि उनकी युवा टीम के लिए यह आसान टूर्नामेंट नहीं था। फुल्टोन ने फाइनल के बाद कहा हमारे लिए यह कठिन था, लेकिन आखिर में जीतना अच्छा रहा। हमें काफी मेहनत करनी होगी। हमने सात मैचों में अच्छी हॉकी खेली। आज ज्यादा गोल नहीं कर सके लेकिन नतीजा हमारे पक्ष में रहा। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीने उनके और टीम के लिये उतार चढ़ाव भरे रहे। उन्होंने कहा काफी उतार चढाव रहे। पेरिस ओलंपिक और फिर परिवार के साथ सिर्फ आठ दिन बिताने के बाद इस टूर्नामेंट की तैयारी। युवा टीम और कुछ नए खिलाड़ियों के साथ हम यहां आये। खिलाड़ी थके हुए थे लेकिन फिर भी जीते जो अच्छी टीम की निशानी है।

# एफआईएच वार्षिक पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत, श्रीजेश

लुसाने, एजेंसी

- दोनों ने पेरिस ओलंपिक में भारत के शानदार अभियान में निभाई थी महत्वपूर्ण भूमिका



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को मंगलवार को एफआईएच (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ) द्वारा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया जबकि दिग्गज पीआर श्रीजेश वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के सम्मान के दावेदार होंगे। हरमनप्रीत और श्रीजेश दोनों ने पेरिस ओलंपिक में भारत के शानदार अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जहां टीम ने कांस्य पदक जीता था।

हरमनप्रीत इस पुरस्कार के लिए थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) के साथ दौड़ में शामिल हैं। भारत के लिए अपने आखिरी टूर्नामेंट में खेलते हुए अनुभवी श्रीजेश ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार गोलकीपिंग की। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में ग्रेट ब्रिटेन को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और बाद में स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। श्रीजेश का मुकाबला पिरमिन ब्लैक (नीदरलैंड), लुइस कैलजाडो (स्पेन), जीन-पॉल डैनबर्ग (जर्मनी), टॉमस सैंटियागो (अर्जेंटीना) है।

एफआईएच ने वेबसाइट पर सूची जारी करते हुए कहा, नामांकन हासिल करने वालों का चयन एक विशेष समिति द्वारा किया गया है, जिसमें प्रत्येक महाद्वीपीय संघ द्वारा चुने गए खिलाड़ी, कोच और अधिकारी शामिल हैं। सूची को अंतिम रूप देने से पहले विशेषज्ञ समिति को 2024 में आयोजित सभी अंतर्राष्ट्रीय मैचों के मैच डेटा मुहैया कराये गये थे। इसमें टेस्ट मैच, एफआईएच हॉकी प्रो लीग, एफआईएच हॉकी नेशंस कप, एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर और पेरिस ओलंपिक 2024 के मुकाबले शामिल थे। राष्ट्रीय संघों (उनकी संबंधित राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों और कोचों द्वारा प्रतिनिधित्व), प्रशंसकों, खिलाड़ियों, कोचों, अधिकारियों और मीडिया के लिए मतदान प्रक्रिया 11 अक्टूबर तक जारी रहेगी।

# भारतीय पुरुषों में एरिगैसी की छठी जीत, महिलाओं ने भी मारी बाजी

बुडापेस्ट, एजेंसी

## शतरंज ओलंपियाड

- विश्व के नंबर चार भारतीय ग्रैंडमास्टर की जीत से टीम ने विजय अभियान जारी रखा

विश्व के नंबर चार भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की यहां खेले जा रहे 45वें शतरंज ओलंपियाड में लगातार छठी जीत से भारत की पुरुष टीम ने छठे दौर में भी अपना विजय अभियान जारी रखा। एरिगैसी ने छठे दौर में हंगरी के सजुगिरोव सानन पर शानदार जीत हासिल की। डी गुकेश ने हंगरी के शीर्ष खिलाड़ी रिचर्ड रैपॉर्ट के खिलाफ काले मोहरों से आसान ड्रॉ खेला तो वहीं प्रज्ञानानंद ने भी पीटर लेको के साथ अंक बाटें।

विदित गुजराती के बेंजामिन ग्लेडुरा को हराने के साथ ही भारत ने हंगरी पर 3-1 से जीत दर्ज करते हुए छह दौर के बाद पुरुष वर्ग में एकल बढ़त कायम कर ली। महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने एलेना डेनियलियन पर जीत के चलते भारत ने आर्मेनिया के खिलाफ शुरुआती बढ़त हासिल की। डी हरिका और आर वैशाली को अपने अपने मुकाबले में ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा। तानिया सचदेव ने मजबूत स्थिति से सुरक्षित खेलते हुए अन्ना सरगास्यान के साथ चौथे बोर्ड पर मैच ड्रा किया और भारत ने मुकाबला 2.5-1.5 से जीत लिया। पुरुष टीम की तरह भारतीय महिला टीम भी तालिका में शीर्ष पर है।

# भारतीय टीम की घोषणा


- सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप फुटबॉल के लिए ग्रुप ए में 20 को बांग्लादेश और 24 को मालद्वीप व सेमीफाइनल 28 जबकि फाइनल 30 को होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-17 पुरुष टीम के कोच इशफाक अहमद ने मंगलवार को सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप फुटबॉल के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भूटान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम ग्रुप ए में 20 सितंबर को बांग्लादेश और 24 सितंबर को मालद्वीप का सामना करेगी। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल 28 जबकि फाइनल 30 सितंबर को खेला जायेगा। भारतीय टीम श्रीनगर में जारी शिविर से थिंपू (भूटान) के लिए बुधवार को रवाना होगी। **भारतीय टीम: गोलकीपर:** अहिबाम सूरज सिंह, नंदन राय, रोहित। **डिफेंडर :** ब्रह्मचरीमयम सुमित शर्मा, चिंगथम रेनिन सिंह, जोड्रिक अब्रांचेस, करीश सोरम, मोहम्मद कैफ, उशम तौंगम्बा सिंह, यिफरेम्बा चिंकाखम। **मिडफील्डर:** अब्दुल सलहा शिरगोजरी, अहोंगशांगबाम सैमसन, बनलमकुपर रिनजाह, के. अजलान खान, लेविस जांगमिनलुन, महमद सामी, मनभाकुपर मलंगियांग, मोहम्मद अरबाश, नगमगौहौ मेट, निंगथौखोंगजाम ऋषि सिंह, विशाल यादव। **फॉरवर्ड :** भरत लैरेंजम, हेमनीचुंग लुंकिम।

# पुरुष एकल स्पर्धा में हारे प्रियांशु

चांगझोऊ, एजेंसी

- चाइना ओपन में कनाडा के ब्रायन ने 21-13, 21-16 से हराया



भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत को मंगलवार को चाइना ओपन 2024 बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष एकल स्पर्धा के राउंड ऑफ 32 में कनाडा के ब्रयान यंग से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को कनाडा के ब्रयान यंग ने प्रियांशु राजावत को 36 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 21-16 से हराया।

पहले गेम में कनाडाई खिलाड़ी ने पांच अंक हासिल किये वहीं भारतीय शटलर को महज दो अंक अर्जित कर सके। प्रियांशु को पहले गेम में 13-21 से हार मिली। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी राजावत को ब्रायन को कड़ी टक्कर दी। लेकिन कनाडाई शटलर ने शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए 42 रैली अपने नाम की तो वहीं प्रियांशु महज 29 रैली ही जीत सके। इस दौरान ब्रायन ने दो मैच अंक भी हासिल किए। दूसरा गेम ब्रयान यंग ने 21-16 से अपने नाम करते हुए मुकाबला जीत लिया। बैडमिंटन रैंकिंग में 40वें नंबर पर काबिज भारतीय खिलाड़ी किरण जॉर्ज अब इस प्रतियोगिता के पुरुष एकल स्पर्धा में एकमात्र भारतीय चुनौती बचे हैं। पहले राउंड में उनका सामना केंटा निशिमोटो से होगा।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद-त्रिशा जॉली और रुतपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा की जोड़ी महिला युगल स्पर्धा में दावेदारी पेश करेंगी। वहीं एन सिक्की रेड्डी और बी सुमीत रेड्डी की जोड़ी मिश्रित युगल स्पर्धा में मुकाबला करेंगे। वहीं महिला एकल स्पर्धा में आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़ और सामिया इमाद फारूकी चुनौती पेश करेंगी।

## बॉलीवुड हलचल

### अपने नाम से फिल्म फेस्टिवल को लेकर खुश हैं करीना कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर उनके नाम से फिल्म फेस्टिवल आयोजित किये जाने को लेकर बेहद खुश हैं। करीना कपूर ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म रिफ्यूजी से की थी। करीना कपूर को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये करीब 25 वर्ष हो गये हैं और इस दौरान करीना ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। देशभर में करीना कपूर के नाम से फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन पीवीआर-आईनॉक्स कर रहा है। करीना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी। वीडियो में पू से लेकर चमेली और गीत समेत बड़े पर्दे पर निभाई जाने वाली करीना के सभी किरदारों की झलक देखी जा सकती है। वीडियो को शेयर करते हुए करीना कपूर खान ने कैप्शन में लिखा, नसों में खून, स्क्रीन पर जादू..., मेरी जॉब जिसे मैं प्यार करती हूं...मेरे अंदर की आग... अगले 25 साल के लिए शुभकामनाएं। यह पहली बार होगा, जब बॉलीवुड की किसी अभिनेत्री के 25 साल पूरे होने पर उसके नाम फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।

### जैकलीन ने गायन में किया पदार्पण



**मुंबई।** अपनी दिलकश अदाओं से दर्शकों को दीवाना बनाने वाली बॉलीवुड की स्टार अभिनेत्री एवं पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडीज अब अपने पार्श्वगायन से श्रोताओं को मदहोश करती नजर आयेंगी। जैकलीन ने सिंगल स्टॉर्मराइडर के साथ पार्श्वगायन की शुरुआत की है। इस गाने को एलए के सहयोग से बनाया गया है। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर प्रशंसकों को गाने का टीज़र दिखाया और पोस्ट को कैप्शन दिया, जिसमें लिखा था, यह तो बस शुरुआत है #स्टॉर्मराइडर। जैकलीन ने अपनी टीम द्वारा साझा किए गए एक प्रेस नोट में संगीत की दुनिया में अपनी शुरुआत के पीछे की प्रेरणा को साझा किया, संगीत से भरे घर में पली-बढ़ी हूं, खासकर मेरे पिता के पार्ट-टाइम डीजे होने के कारण मैं छोटी उम्र से ही ध्वनियों के से घिरी हुई थी। हमारा घर विनाइल रिकॉर्ड, सीडी और विभिन्न शैलियों और संस्कृतियों के संगीत से भरा हुआ था। विविध संगीत प्रभावों के इस संपर्क ने संगीत और प्रदर्शन के लिए मेरे जुनून को जगाया है।

### बिग बॉस सीजन 18 का प्रोमो रिलीज

**मुंबई।** बहुचर्चित रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 18 का प्रोमो रिलीज कर दिया गया है। बिग बॉस ओटीटी 3 के बाद से ही जल्द ही बिग बॉस सीजन 18 आने वाला है। बिग बॉस 18वें सीजन को भी सलमान खान होस्ट करेंगे। बिग बॉस 18 का प्रोमो शेयर कर दिया गया है। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा गया, होगी एंटरटेनमेंट की पूरी विश, जब टाइम का तांडव लेकर आएगा बिग बॉस में एक नया ट्विस्ट। सीजन 18 के लिए आप हैं तैयार ?बिग बॉस के प्रोमो में घड़ी और बिग बॉस की आंख देखी जा सकती है। बैकग्राउंड में सलमान खान कह रहे हैं, अब बिग बॉस देखेंगे घरवालों का फ्यूचर। अब होगा टाइम का तांडव। चर्चा है कि यह शो 05 अक्टूबर से ऑन-एयर हो सकता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करेगा आईसीसी

**कराची।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के निरीक्षण के लिए मंगलवार को कराची पहुंचा। आईसीसी के आयोजन एवं सुरक्षा विभागों के शीर्ष अधिकारियों के साथ क्रिकेट महाप्रबंधक और प्रोडक्शन प्रबंधक इसका हिस्सा हैं। आईसीसी पिच सलाहकार एंडी एटकिंसन भी अप्रैल से अब तक तीन बार पाकिस्तान का दौरा कर चुके हैं। जानकारी के अनुसार आईसीसी प्रतिनिधिमंडल संभावित कार्यक्रम पर चर्चा करेगा जिसे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कुछ महीने पहले तैयार कर भेजा था। एक सूत्र ने कहा, अस्थायी कार्यक्रम महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें भारतीय टीम का लाहौर में रहना और शहर में अपने सभी मैच खेलना भी शामिल है। सूत्र ने बताया कि ऐसी स्थिति पर भी चर्चा की जाएगी जब भारत सरकार भारतीय टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं देगी।

# द. अफ्रीका में खेलो इंडिया खेलों का सफलतापूर्वक आयोजन

जोहानिसबर्ग, एजेंसी




- स्थानीय निवासी और भारतीय प्रवासियों ने वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शतरंज में भाग लिया

खेलो इंडिया खेलों का देश के बाहर पहली बार दक्षिण अफ्रीका में सफल आयोजन हुआ, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के स्थानीय निवासी और भारतीय प्रवासियों ने वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शतरंज जैसे खेलों में भाग लिया। दक्षिण अफ्रीका में बसे प्रवासी भारतीयों के संगठन इंडिया क्लब के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने सोमवार को बताया कि कबड्डी, खो खो, कैरम, और सातोलिया (लागोरी) जैसे चार पारंपरिक भारतीय खेल इस आयोजन के दूसरे चरण का हिस्सा बनेंगे। इंडिया क्लब ने जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूतावास के साथ कार्यक्रमों की सह-मेजबानी की।

गुप्ता ने कहा, हमने खेलो इंडिया आयोजन में सहायता के लिए महावाणिज्यदूत महेश कुमार के अनुरोध को सहर्ष स्वीकार किया। हमारे कार्यकारी सदस्यों ने इससे दक्षिण अफ्रीका के कई भारतीय प्रवासी संगठनों को जोड़ा, जो इस आयोजन का हिस्सा बने। कुमार ने कहा कि खेलो इंडिया कार्यक्रम को भारत सरकार ने 2017 में शुरू किया था। यह भारत में खेलों के विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा, हम इसे राष्ट्रीय सीमा से परे ले जाना चाहते हैं क्योंकि खेल लोगों को उस तरह से एकजुट करता है जैसा कोई और नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका में विदेश में पहले खेलो इंडिया का आयोजन उस विशेष रिश्ते को उजागर करता है जिसे इन दोनों देशों ने हमेशा साझा किया है। प्रवासी भारतीयों के साथ साथ स्थानीय लोगों की इसमें अच्छी भागीदारी रही। उन्होंने उम्मीद जताई कि अन्य देश भी इस पहल का अनुसरण करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



हैदराबाद में मंगलवार को 70 फीट की श्री गणेश की मूर्ति के विसर्जन के दौरान गणपति का आशीर्वाद लेने उमड़े श्रद्धालु। एजेंसी

## बांग्लादेश में शांतिपूर्ण परिवर्तन का समर्थन करना सभी के हित में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि बांग्लादेश में लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण और वैध परिवर्तन का समर्थन करना सभी के हित में है। प्रबंधन और संसाधन के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने प्रतिष्ठित हडसन इंस्टीट्यूट में एक सवाल के जवाब में कहा मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण एक लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण, वैध परिवर्तन को समर्थन देने की कोशिश करना है। मुझे लगता है कि इसी में सभी की भलाई है। वर्मा ने कहा उम्मीद है कि सुरक्षा बहाल होगी, कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बहाल होगी और साथ ही लोगों को बुनियादी आर्थिक सेवाएं भी मिल जाएंगी। इसका निर्णय बांग्लादेश के लोगों को करना है कि कैसे और कब उन्हें नए चुनाव कराने हैं।

# अब ऐप बताएगा, कौन सा मच्छर खतरनाक

दुनिया में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ रहा है। इनमें डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और जीका वायरस के सबसे ज्यादा मामले हैं। हर मच्छर के काटने के लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। ऐसे में किस मच्छर ने काटा है, इसकी पहचान करने में समय लगता है। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने इस समस्या का जल्द हल ढूंढने की उम्मीद जगाई है। युगांडा की मैकेरी यूनिवर्सिटी और गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी में डॉ. सौम्या आचार्य और उनकी बायोइंजीनियर्स की टीम ने एक ऐप डेवलेप किया है। इस ऐप का नाम है वेक्टरकैम। इस ऐप की मदद से यह आसानी से पता लगाया जा सकेगा कि कोई मच्छर किस प्रजाति का है और वह कौन सी बीमारी का वायरस फैला रहा है। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने भी इस ऐप की तारीफ की है। अभी इस ऐप का परीक्षण पूर्व-मध्य अफ्रीका में स्थित देश युगांडा में किया जा रहा है।

### वेक्टरकैम ऐप की भूमिका

यूं तो मच्छर देखने में बहुत छोटा जीव है, लेकिन इंसानों के लिए इसे सबसे खतरनाक माना जाता है क्योंकि मच्छर के काटने से 10 से अधिक बीमारियां फैलती हैं। इसमें मलेरिया और डेंगू के मामले सबसे ज्यादा देखने को मिलते हैं। मच्छरों के काटने से दुनिया में लाखों लोगों की मौत हो जाती है। वेक्टरकैम ऐप मच्छरों के फोटो को स्कैन करता है। इससे मच्छरों की प्रजातियों की भी पहचान कर सकता है। जैसेकि मच्छर डेंगू, जीका, मलेरिया किस तरह की संक्रामक बीमारी को फैलता है। इससे बचाव व इलाज की प्रक्रिया में काफी तेजी आ सकती है। इसके अलावा इसके अन्य फायदे भी हैं।

### ऐप से आम लोगों को फायदा

अभी यह ऐप सिर्फ डॉक्टरों और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के इस्तेमाल के लिए बनाया गया है। इस ऐप की मदद से वे बीमारी फैलाने वाले मच्छर की तत्काल पड़ताल करके तुरंत जरूरी एक्शन ले सकेंगे। लेकिन यह आपके हमारे जैसे आम लोगों के लिए भी बहुत उपयोगी होगा। इसे इस तरह समझ सकते हैं कि एक छोटे गांव, कस्बे के प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में बैठे लोग भी अगर सिर्फ ऐप की मदद से तुरंत बीमारी फैला रहे मच्छर की पड़ताल कर लेंगे तो तुरंत उसका उपचार करना और उससे जुड़े एक्शन लेना भी आसान हो जाएगा। यह भी संभव है कि यह ऐप प्ले स्टोर के जरिए आम लोगों के लिए भी उपलब्ध हो जाए।



### मच्छरों के प्रकोप से खुद को इस तरह बचा सकते हैं

- फुल आस्तीन की शर्ट और फुल पैंट पहनें।
- अपने आसपास खूब साफ-सफाई रखें।
- बर्तनों या कंटेनरों में पानी जमा न होने दें।
- घर की खिड़कियों और दरवाजों पर जाली लगवाएं।
- जरूरत न हो तो दरवाजे और खिड़कियां बंद रखें।
- कूड़ेदान को हमेशा ढंककर रखें।

## एक नजर

### शिया मिलिशिया समूह ने ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

**बगदाद।** इराक के आतंकवादी संगठन शिया मिलिशिया समूह ने सोमवार सुबह जॉर्डन घाटी में एक इजरायली ठिकाने पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। समूह ने एक बयान में कहा कि यह हमला गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया था और दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया। जॉर्डन नदी के किनारे वाली जॉर्डन घाटी इजरायल और वेस्ट बैंक के साथ जॉर्डन की पश्चिमी सीमा बनाती है। यह वेस्ट बैंक की एकमात्र सीमा है जो सीधे इजरायल से नहीं मिलती है। इजरायल की सुरक्षा के लिए इसके रणनीतिक महत्व के कारण घाटी में इजरायली सैन्य बलों द्वारा भारी गश्त की जाती है।

### ट्रंप की हत्या की कोशिश के आरोपी ने कई घंटे किया इंतजार

**वेस्ट पाम बीच।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश के मामले का आरोपी फ्लोरिडा में एक गोल्फ कोर्स के बाहर अपनी राइफल और खाद्य सामग्री के साथ करीब 12 घंटे तक डेरा डालकर ट्रंप का इंतजार करता रहा था। ट्रंप की हत्या की फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में रविवार को उस समय कोशिश की गई जब वह अपने गोल्फ क्लब में खेल रहे थे। संघीय जांच ब्यूरो के अधिकारियों ने इस कोशिश को विफल कर दिया और संदिग्ध को हिरासत में ले लिया।

### रूस में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के सुदूर पूर्व के अमूर क्षेत्र में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में एक पायलट समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जेया जिले में स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने मंगलवार को बताया कि रॉबिन्सन आर66 हेलिकॉप्टर सोमवार को लापता हो गया था। उसे उस स्थान के पास पाया गया जहां उसका आपातकालीन बीकन सक्रिय हुआ था। एक अधिकारी ने कहा हेलिकॉप्टर मिल गया है और उसमें सवार सभी तीन लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि हेलिकॉप्टर का आपातकालीन बीकन सिग्नल सोमवार शाम को प्राप्त हुआ था।


# मणिपुर में शांति के लिए सरकार का खाका तैयार

## राजग सरकार के 100 दिन पूरे होने पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- मेइती, कुकी समुदायों से कर रहे बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार मणिपुर में स्थायी शांति के लिए मेइती और कुकी दोनों समुदायों से बातचीत कर रही है और उसने घुसपैठ रोकने के लिए म्यांमा से लगती देश की सीमा पर बाड़ लगाना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने शाह ने कहा कि पिछले सप्ताह तीन दिनों की हिंसा को छोड़ दिया जाए तो मणिपुर में स्थिति कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रही है और सरकार अशांत पूर्वोत्तर राज्य में शांति बहाल करने के लिए काम कर रही है।

इस मौके पर शाह के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी थे। शाह ने कहा कि तीन दिन की हिंसा के अलावा पिछले तीन महीने में कोई बड़ी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा पिछले तीन दिन से शांति है और मुझे उम्मीद है कि हम स्थिति को नियंत्रित कर लेंगे। हम दोनों समुदायों से बात कर रहे हैं। यह जातीय हिंसा थी और जब तक दोनों समुदायों के बीच बातचीत नहीं होगी, तब तक कोई समाधान नहीं निकल सकता। शाह ने कहा हम शांति बनाए रखने के लिए दोनों समुदायों से बात कर रहे हैं। हमने एक खाका तैयार किया है और हम (शांति सुनिश्चित करने के लिए) हर संभव कदम उठाएंगे। सरकार ने मणिपुर में रणनीतिक स्थानों पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की तैनाती का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 100 दिन में म्यांमा-भारत की उस सीमा पर बाड़ लगाने का काम शुरू हो गया है जो समस्या की जड़ है। (म्यांमा के साथ लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर) 30 किलोमीटर तक बाड़ लगाने का काम पूरा हो चुका है। सरकार ने सीमा पर कुल 1,500 किमी बाड़ लगाने के काम के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उस 'भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था को पहले ही समाप्त कर दिया है, जो भारत-म्यांमा सीमा के निकट रह रहे लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर भीतर तक जाने की अनुमति देती थी। उन्होंने कहा घुसपैठ रोकने के लिए हमने म्यांमा के साथ की गई उस विशेष व्यवस्था को समाप्त कर दिया है जिसके तहत दोनों देशों के लोगों को बिना रोक-टोक के आवागमन की अनुमति थी।



सरकार के 100 दिन पूरे होने पर रिपोर्ट जारी करते अमित शाह।

### वक्फ विधेयक का उद्देश्य संपत्तियों का संरक्षण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन और संरक्षण सुनिश्चित करना है और इसे आने वाले दिनों में संसद में पारित किया जाएगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक पिछले महीने लोकसभा में पेश किया गया था और इसकी विस्तृत समीक्षा के लिए इसे संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया था। विपक्षी दलों ने विधेयक के मसौदे के कुछ प्रावधानों पर कड़ी आपत्ति जताई है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य संघर्ष और विवादों को कम करना है। इसमें वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन पंजीकरण और निगरानी के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म स्थापित करने का भी प्रावधान है।

### गृह मंत्री बोले- अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा खामियों को किया गया दूर

शाह ने कहा कि सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पहले मौजूद रहीं सुरक्षा खामियों को भी दूर कर दिया है। मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से लगने वाली 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर एफएमआर लागू था। इसे भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत 2018 में लागू किया गया था। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने मणिपुर में आम लोगों को उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए 16 नए केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार खोलने का निर्णय लिया है। मणिपुर में ऐसे भंडारों की मौजूदा संख्या 21 है। उन्होंने कहा वहां एक मार्ग बाधित था। उस अवरोध को हटा दिया गया है लेकिन मौजूदा हालात के कारण ट्रांसपोर्टर इस मार्ग से जाने से कतरा रहे थे। इसलिए दुकानें खोली गई हैं, जहां खाद्यान्न समेत करीब 100 चीजें मिलेंगी। शाह ने कहा इनकी कीमतें वाजिब हैं...गरीबों को लाभ मिलेगा। दुकानें सबके लिए खुली हैं।

# न्यूयॉर्क के मंदिर में तोड़फोड़ भारतीय दूतावास ने की निंदा

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली

- मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को बनाया निशाना

अमेरिका के न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने यहां मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की निंदा करते हुए इस मामले को अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों के समक्ष उठाया है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक पोस्ट में कहा मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोडफोड़ अस्वीकार्य है। वाणिज्य दूतावास न्यूयार्क में भारतीय समुदाय के संपर्क में है और इस जघन्य कृत्य के अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के लिए अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों के समक्ष इस मामले को उठाया है।

न्यूयॉर्क सांसद टॉम सुओजी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा इस तरह की हरकतें गैर-अमेरिकी हैं और हमारे राष्ट्र के मूल मूल्यों के विपरीत हैं। मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को निशाना बनाकर की गई बर्बरता की घृणित हरकतों से मैं स्तब्ध हूं। सांसद ब्रायन फिट्ज़पैट्रिक ने कहा कि इस तरह के हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।



उन्होंने कहा पूजा स्थलों पर हमले हमारे सबसे बुनियादी मूल्यों पर हमले हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हम अपने हिंदू-अमेरिकी समुदाय के साथ मजबूती से खड़े हैं और बिना किसी अपवाद के हिंसा और घृणा के सभी रूपों की निंदा करते हैं। पूरी जांच होनी चाहिए और न्याय को तेजी से पूरा किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाये।

ओहियो सीनेट में स्टेट सीनेटर नीरज अंतानी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में इस बर्बरता की निंदा करते हुए इसे हिंदूफोबिया की एक और घृणित घटना बताया। उन्होंने कहा मैं मेलविले, न्यूयार्क में बीएपीएस हिंदू मंदिर पर हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।

## चुनाव जीतने के बाद रूस, चीन के साथ संबंध और गहरे होंगे : ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि अगर वह चुनाव जीत गए तो देश के रूस और चीन के साथ संबंध और गहरे होंगे। ट्रम्प ने ब्लॉगर फारूक सरमद को दिए साक्षात्कार में कहा मैं नहीं जानता कि वे दुश्मन हैं। मुझे लगता है कि हम चीन के साथ अच्छे से रह पाएंगे। मुझे लगता है कि हम रूस के साथ अच्छे से रह पाएंगे। मैं चाहता हूं कि रूस यूक्रेन में बस जाए। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव आगामी पांच नवंबर को होने वाले हैं।



# तूफान यागी से मृतक संख्या 500 के पार

- वियतनाम, उत्तरी थाईलैंड और लाओस प्रभावित

बैंकाक, एजेंसी

म्यांमा में पिछले हफ्ते आए तूफान यागी और मानसून की बारिश की वजह से आयी बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 226 लोगों की मौत हो गई है तथा 77 लोग लापता हैं। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इन आंकड़ों के बाद दक्षिण पूर्व एशिया में तूफान के कारण मृतक संख्या 500 के पार चली गई है। प्रभावित इलाकों में संचार संबंधी दिक्कतें हैं जिस वजह से हताहतों की तादाद पता लगाने का काम धीमा है।

आसियान मानवीय सहायता समन्वय केंद्र के मुताबिक, तूफान यागी ने सबसे पहले वियतनाम, उत्तरी थाईलैंड और लाओस को प्रभावित किया था। वियतनाम में करीब 300, थाईलैंड में 42 और लाओस में चार लोगों की मौत हुई थी। उसने कहा कि फिलीपीन में 21 लोगों की मौत हुई है तथा 26 अन्य लापता हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय ने सोमवार को बताया था कि म्यांमा में बाढ़ से अनुमानित 631,000 लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि सितंबर की शुरुआत में म्यांमा में पहले से ही 34 लाख लोग विस्थापित थे जिनमें से ज्यादातर युद्ध एवं अशांति की वजह से विस्थापित हुए।



## पेरू में जंगल की आग की घटनाओं में 15 लोगों की मौत

**लीमा।** पेरू में जंगल में लगी आग की घटनाओं के कारण जुलाई से अब तक कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है और तीन हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि तथा वन क्षेत्र जलकर खाक हो गया है। प्राधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनजेन ने कहा कि आग मानवीय गतिविधियों के कारण लगी है और देश के 24 में से 22 क्षेत्र इससे प्रभावित है। उन्होंने कहा कि बादल, धुआं और तेज हवाएं आग बुझाने में लगे विमानों के कार्य में बाधा डाल रहीं हैं। सिविल डिफेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई से अब तक आग की घटनाओं में कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है और 98 अन्य लोग आग के कारण घायल हुए है। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से 10 लोगों की मौत पिछले दो सप्ताह के भीतर हुई है।

# भारत-अमेरिका स्वच्छ विमान ईंधन और बसों में हाइड्रोजन को बढ़ावा देने पर सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका स्वच्छ विमान ईंधन, मध्यम और भारी वाहनों के विद्युतीकरण तथा बसों, ट्रैक्टरों और भारी उपकरणों में हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के बीच रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई।

अमेरिका की ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रैनहोम और भारत के पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वाशिंगटन डीसी में आयोजित रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी (एससीईपी) मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद संयुक्त बयान जारी किया। बयान के अनुसार दोनों देशों ने प्रत्येक देश के स्वच्छ ऊर्जा बाजारों में निवेश में वृद्धि का स्वागत किया। बयान में कहा गया एक न्यायसंगत, व्यवस्थित और स्वच्छ ऊर्जा बदलाव की दिशा में काम करने की आवश्यकता को पहचानते हुए, दोनों पक्षों ने दोनों देशों की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं का समर्थन करने में ऊर्जा व्यापार की महत्वपूर्ण भूमिका का स्वागत किया। दोनों देशों ने उपभोक्ताओं को निर्बाध और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति के लिए बिजली वितरण क्षेत्र के आधुनिकीकरण के महत्व की भी बात कही।

### हिंद-प्रशांत और गाजा मामलों पर चर्चा की

**वाशिंगटन।** भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों ने सोमवार को अमेरिका-भारत टू प्लस टू अंतरसत्रीय वार्ता की और इस दौरान उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूक्रेन एवं गाजा से संबंधित मामलों पर चर्चा की। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नई दिल्ली में हुई इस बैठक में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की सह-अध्यक्षता दक्षिण एवं मध्य एशिया ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू और हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के लिए प्रधान उप सहायक रक्षा मंत्री जेडीडिया पी. रॉयल ने की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की सह-अध्यक्षता उत्तर अमेरिका एवं दक्षिण अमेरिका महाद्वीपों के लिए विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव नागराज नायडू और रक्षा मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के संयुक्त सचिव विश्वेश नेगी ने की।

# भारत की वित्तीय संभावनाओं से दुनिया पूरी तरह अवगत नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

- पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेरिका में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के कार्यक्रम में रखा भारत का पक्ष

पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को कहा कि भारत द्वारा की गई प्रगति के बारे में वैश्विक स्तर पर जानकारी का अभाव है और उसकी वित्तीय संभावनाओं से दुनिया पूरी तरह अवगत नहीं है। ईरानी ने यहां ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन अमेरिका के दौरान एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि ईरानी अमेरिका की अनौपचारिक यात्रा पर हैं। भारत ने कितनी प्रगति की है, इस बारे में जानकारी की कमी है। उन्होंने कहा भारत में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए की गई कार्रवाई के बारे में ज्यादा सूचनाएं नहीं हैं। इसी तरह से देश में विशुद्ध विनिर्माण, यहां के कृषि आधारित उद्योग के बारे में यह गलत धारणा है कि हमारी अर्थव्यवस्था केवल बड़े व्यवसायों के लिए खुली है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, वर्तमान में अगर आप हमारे देश में छोटे कारोबारियों को देखें तो 90 प्रतिशत खुदरा व्यापार तथाकथित असंगठित क्षेत्र में होता है। व्यवसाय के दृष्टिकोण से छोटी दुकानें जिन्हें अक्सर दिल्ली में किराना दुकान या अमेरिका में मॉम-एंड-पॉप स्टोर कहा जाता है, वे 844 अरब अमेरिकी डॉलर का कारोबार कर रही हैं।



## इमरान खान पर नहीं चलेगा सैन्य मुकदमा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने यहां उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर सैन्य मुकदमे का विचार नहीं है। इससे कुछ दिन पहले ही अदालत ने इस मुद्दे पर अनिश्चितता को लेकर सरकार से स्पष्टीकरण देने को कहा था। खान (71) ने 9 मई, 2023 की हिंसा में शामिल होने को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामलों के संबंध में सैन्य मुकदमे की संभावना के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। पिछले साल हुई इस हिंसा में उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थकों ने उनकी गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह सरकार से पूछा था कि इस मुद्दे पर बनी अनिश्चितता को लेकर स्थिति साफ करें।

ज्ञान-विज्ञान

### अंतरिक्ष यान द्वारा क्षुद्रग्रह पर हमले के परिणाम होगी यह खगोलीय घटना

# मानव होगा इस आसमानी आतिशबाजी का जन्मदाता

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अगले कुछ वर्ष बाद उल्काओं की ऐसी बरसात होगी, जिसका जन्मदाता खुद मानव होगा। अब तक आसमानी आतिशबाजी या उल्कापात का सीधा संबंध धूमकेतुओं से था, धरती के धूमकेतुओं के पथ से गुजरने के दौरान स्याह रात मे उल्कावृष्टि का मनमुग्ध करने वाला नजारा देखने को मिलता था। पर अब मानव जनित यह आसमानी आतिशबाजी नासा के एक अंतरिक्ष यान द्वारा क्षुद्रग्रह पर हमले का परिणाम होगी। इस घटना में क्षुद्रग्रह का मलवा पृथ्वी से टकराएगा।

ग्रह रक्षा के लिए नासा ने मिशन डार्ट अंतरिक्ष में भेजा था। जिसने करोड़ किमी से भी अधिक लंबी यात्रा के एक क्षुद्रग्रह को जबरदस्त टक्कर मारी थी। यह खतरनाक टक्कर थी। टक्कर में ढेर सारा मलवा छिटककर अंतरिक्ष में फैल गया था। अब यह मलवा पृथ्वी के पथ पर आगे बढ़ रहा है। अगले 10 सालों में कभी भी पृथ्वी से टकराएगा। मगर पृथ्वी की सतह पर न टकराकर वातावरण से टकराएगा और उल्कावृष्टि का शानदार नजारा देखने को मिलेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार यह पहली उल्कावृष्टि होगी, जो मानव निर्मित होगी। धरती की ओर आने वाले ख़तरनाक क्षुद्रग्रह से रक्षा के लिए नासा ने इस सफल मिशन को अंजाम दिया था। मिशन 2022 मे एक क्षुद्रग्रह को विक्षेपित करने यानी उसके मार्ग को बदलने को लेकर नासा ने डार्ट अंतरिक्ष यान को दूर स्थित क्षुद्रग्रह डिमोर्फोस नामक एक छोटे पिंड से टकराया था। इस परीक्षण में लगभग 1 मिलियन किलोग्राम से अधिक क्षुद्रग्रह चट्टान और धूल अंतरिक्ष में फैल गई थी। अब यह चट्टानें और धूल 7 वर्षों के भीतर मंगल ग्रह से टकरा सकती हैं। इसके तीन साल के अंतराल में पृथ्वी के वायुमंडल से टकरा सकती हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस मलवे में चट्टानों के मंगल ग्रह पर गिरेंगी और बची हुई धूल की छोटी उल्काएं ही पृथ्वी से टकराएगी।

**क्षुद्रग्रह का अध्ययन करेगा ईसा का मिशन हेरा :** अंतरिक्ष मे जिस क्षुद्र ग्रह से टकराव करवाया गया था वह एक जुड़वा क्षुद्र ग्रह हैं। जिसमें डिमोर्फोस और उसके बड़े मूल क्षुद्रग्रह डिडिमोस शामिल हैं। डिमोफोर्स मूल क्षुद्र ग्रह डिडिमोस का चंद्रमा है। अब यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसी ईसा इस घटना के आगे के अध्ययन के लिए हेरा नामक मिशन शुरू कर रहा है। ईएसए के अनुसार हेरा अंतरिक्ष यान अक्टूबर में डिमोर्फोस तक पहुंचने और दुर्घटना की जांच करने के लिए लॉन्च किया जाएगा।



आसमानी आतिशबाजी की तस्वीर।

### मानव जनित कचरा धरती के लिए ख़तरनाक

अंतरिक्ष की ओर मानव के बढ़ते कदम, उन्नत तकनीको से ब्रह्मांड की खाक छानने मे निरंतर अग्रसर इन्सान एक ओर जहॉ बुलंदियों को छू रहा है तो वही दूसरी ओर निजी स्पेस कंपनियों द्वारा आये दिन लांच किए जा रहे उपग्रह धरती के लिए खतरा भी बनते जा रहे है। पहली बार ऐसा होगा कि धरती मानव जनित मलवे व कचरे के पथ से गुजरेगी और टूटते तारों यानी उल्काओ की बारिश होगी। भले ही ये घटना उल्का जैसे नजारे तक सीमित होगी। नासा, ईसा सहित स्पेस एजेंसियों के छोड़े गए हजारों अंतरिक्ष यान निष्क्रिय होकर मलवे के रूप मे अन्तरिक्ष मे बेख़ौफ़ विचरण कर कर रहे है।